आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* बैरवा दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 348 | उज्जैन, बुधवार 31 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन

**ढाका।** राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का निधन हो गया। उन्होंने ढाका स्थित एवर केयर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। वह 80 वर्ष की थीं और लंबे समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रही थीं। बीएनपी ने खालिदा जिया के निधन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा की। पार्टी के अनुसार, डॉक्टरों ने सुबह करीब 6 बजे उन्हें मृत घोषित किया। पिछले कई दिनों से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी और वे अस्पताल में भर्ती थीं। पार्टी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि 29 और 30 दिसंबर की दरम्यानी रात उनकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई थी। उन्हें बेहतर इलाज के लिए विदेश ले जाने की योजना बनाई गई थी और कतर से एक विशेष विमान भी ढाका पहुंच चुका था, जिसे हवाई अड्डे पर तैयार रखा गया था।

### एक किलो चांदी 2.32 लाख की, सोना भी 2,182 गिरकर 1.35 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,182 रुपए गिरकर 1,34,599 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,781 रुपए/10ग्रा पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,111 रुपए गिर गई है। आज ये 2,32,329 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है। कल चांदी 2,35,440 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 58,437 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,34,599 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,46,312 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 2,32,329 रुपए प्रति किलो हो गई है।

### सलमान की फिल्म
### बैटल ऑफ गलवान पर चीन में नाराजगी



**कहा- ट्रेलर हकीकत से दूर, चीनी मीडिया बोला- अभी इसका रिलीज होना गलत**

**बीजिंग।** सलमान खान की आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चीन में आलोचना शुरू हो गई है। फिल्म के सीन्स को हकीकत से अलग बताया जा रहा है। कई लोग इसके ट्रेलर के कुछ सीन की हॉलीवुड के गेम ऑफ थ्रोन्स से तुलना कर रहे हैं। चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने इस फिल्म को लेकर एक आर्टिकल भी छापा है, जिसका टाइटल है- बैटल ऑफ गलवान फिल्म पर विवाद, फिल्म चाहे कितनी भी नाटकीय हो, देश की सीमा पर असर नहीं डाल सकती। अखबार एक चीनी एक्सपर्ट के हवाले से लिखता है कि जब चीन और भारत के रिश्तों में सुधार हो रहा है तो इस फिल्म का रिलीज होना गलत है। यह फिल्म सिर्फ भारतीय नजरिए को पेश कर चीन विरोधी भावना बढ़ा सकती है। बैटल ऑफ गलवान का ट्रेलर 27 दिसंबर को सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज हुआ था। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है। सलमान इसमें कर्नल संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सलमान खान की ड्रेस और उनकी हेयर स्टाइल को लेकर भी आलोचना की गई है। चीनी एक्सपर्ट्स का कहना है कि बॉलीवुड फिल्में मनोरंजन के लिए होती हैं, लेकिन वे इतिहास नहीं बदल सकतीं। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने मिलिट्री एक्सपर्ट सॉन्ग झोंगपिंग के हवाले से लिखा कि भारत में फिल्मों का इस्तेमाल देशभक्ति की भावना बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन कोई भी फिल्म गलवान झड़प के फैक्ट को नहीं बदल सकती। सॉन्ग ने कहा कि पहले भारतीय सैनिकों ने सीमा पार की थी, जिसके जवाब में चीनी सैनिकों ने चीनी बॉर्डर की रक्षा की। उन्होंने कहा कि चीनी सेना राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में कभी पीछे नहीं हटेगी।

### अन्ना हजारे ने किया भूख हड़ताल का ऐलान

**नई दिल्ली।** 30 जनवरी 2026 से समाजसेवी अन्ना हजारे ने भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र में लोकायुक्त कानून को लागू करने की उन्होंने मांग की है। रालेगन सिद्धि में भूख हड़ताल शुरू करेंगे। एबीपी माझा के मुताबिक, अन्ना हजारे ने राज्य के सीएम देंवेद्र फडणवीस को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने भूख हड़ताल शुरू करने की बात कही है। महाराष्ट्र सरकार ने 28 दिसंबर 2022 को विधानसभा और 15 दिसंबर 2023 को विधान परिषद से लोकायुक्त बिल पास किया था। लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया जिसकी वजह से अब अन्ना ने अनशन शुरू करने का फैसला लिया है।

### ईरान पर फिर हमला करेंगे, दोबारा न्यूक्लियर प्रोग्राम शुरू न करे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने को कहा है कि अगर ईरान दोबारा अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को शुरू करने की कोशिश करता है, तो अमेरिका उस पर एक और बड़ा हमला कर सकता है। इसके साथ ही ट्रम्प ने फिलिस्तीनी संगठन हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने हथियार नहीं डाले, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। ट्रम्प ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार रात मुलाकात के दौरान पत्रकारों से यह कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के पाम बीच स्थित ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब में मुलाकात करते हुए।

---

सांसद ने गर्भगृह प्रवेश दर्शन की मांग रखी तो मुख्यमंत्री ने जूना महाकाल दर्शन का सुझाव रखा


# व्यवस्था में भेद, बयानों में मतभेद, वीवीआईपी की बात अलग

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में व्यवस्था को वीवीआईपी की वाह-वाही, आम श्रद्धालु बोले गलत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के आगे श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन को लेकर उज्जैन-आलोट क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने गर्भगृह से दर्शन की मांग रखी तो मुख्यमंत्री ने जूना महाकाल दर्शन का सुझाव रख दिया। व्यवस्था में भेद के बीच बयानों में मतभेद की स्थिति सामने आई है। इसी बीच मंगलवार सुबह वीवीआईपी श्रद्धालु ने मंदिर की व्यवस्था को सराहा और जल चढ़ाने की व्यवस्था पर बयान दिया था उसे लेकर आम श्रद्धालुओं का कहना है कि यह सिर्फ वीवीआईपी के लिए है आम श्रद्धालु तो जल के पात्र तक पहुंचना ही नामुमकिन सा है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनों को लेकर एक बार फिर से व्यवस्था से गर्भगृह में प्रवेश की मांग प्रबल हो रही है। अबकी बार यह मांग किसी सामान्य श्रद्धालु एवं आम आदमी ने नहीं बल्कि सांसद अनिल फिरोजिया की और से उठी है। उन्होंने अपनी माताजी का उदाहरण देते हुए भगवान को जल अर्पण करने एवं स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों की पीड़ा को व्यक्त किया है। गर्भगृह की सांसद की मांग को शहर भर में तवज्जो मिल रही है और लोगों का कहना है कि स्थानीय लोगों के लिए मंदिर प्रबंधन भले ही प्री बुकिंग पर गर्भगृह खोले या प्रति दिन दो घंटे के समय में हमें गर्भगृह से दर्शन की सुविधा दे उसे इसके प्रयास करना ही चाहिए। स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के त्याग और समर्पण को दरकिनार न किया जाना चाहिए।





### अभिनेत्री के बयान पर श्रद्धालुओं का कटाक्ष

मंगलवार को सुबह मंदिर में वीवीआईपी दर्शन करने और समिति की ओर से सम्मान हासिल करने के बाद अनिभेत्री नुसरत भरूचा ने व्यवस्था को लेकर अपना बयान जारी किया। उसमें उन्होंने कहा कि जय श्री महाकाल। मैं दूसरी बार आई हूं और ये न्यू ईयर का टाइम है, और फिर भी दर्शन करने पहुंची हूं और सबने बहुत ही प्यार से और बहुत ही संभाल के... नॉट जस्ट (न केवल) मुझे, बट (बल्कि) जितने भी भक्त आए आज, क्योंकि न्यू ईयर का टाइम है, इतनी भीड़ है, इतने लोग श्रद्धा से आते हैं। साल खत्म हो रहा है, नया साल शुरू करने जा रहे हैं, और सब बस आशीर्वाद लेने आते हैं। इन्होंने इतने अच्छे से पूरी अरेंजमेंट (व्यवस्था) की है, सबको लेके आए हैं। बहुत प्यार से सबका दर्शन हुआ है। मुझे एक चीज बहुत अच्छी लगी कि अगर आपको जल चढ़ाना है और आपको आगे जाने नहीं मिलता, तो इनका अलग एक जगह है, जहां जल चढ़ा सकते हैं, जितने भी श्रद्धालु हैं और वो जल एकदम डायरेक्टली (सीधे) वो पाइप से सीधा दर्शन के वहां ही चढ़ता है। मतलब महाकाल को ही चढ़ता है। मुझे बहुत अच्छा लगा कि ये जो छोटी चीजें सोच के लोग करते हैं। मतलब रियली गाइस, मैं दिल से दूसरी बार आई हूं। मेरा मन करता है बस अब आती रहूं हर साल। जय महाकाल। जैसे ही यह वीडियो सार्वजनिक हुआ कई श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिक्रिया शुरू कर दी। शहडोल से आए श्रद्धालु दिलीप घोपरकर का कहना था कि आम श्रद्धालु को तो जल चढ़ाने के पात्र तक पहुंचना ही नामुमकिन है यह व्यवस्था वीवीआईपी के लिए ही है। हाथी के दांत खाने और दिखाने के अलग-अलग हैं। इसी तरह शहर में भी इसे लेकर श्रद्धालुओं की कड़ी विरोधात्मक प्रतिक्रिया रही है।

### नित्य श्रद्धालुओं की व्यवस्था बदली, धरना दिया

अवंतिका द्वार से नित्य प्रवेश की व्यवस्था को बदलने से नाराज नित्य दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने मंगलवार सुबह मंदिर परिसर में जमकर नारेबाजी की है। बाद में मंदिर समिति ने व्यवस्था पूर्ववत की तब जाकर श्रद्धालु शांत हुए और दर्शन करने गए। सुबह पहुंचे स्थानीय श्रद्धालुओं को द्वार बंद होने एवं त्रिवेणी मार्ग से आने के लिए कहा गया था जिस पर श्रद्धालु आक्रोशित हो गए और उन्होंने गेट पर धरना दे दिया। नित्य दर्शनार्थी भक्त मंडल अध्यक्ष रवि राय ने बताया कि महाकाल मंदिर में बार बार नए प्रयोग, नित्य दर्शनार्थियों को परेशान कर रहे हैं। विगत दिनों ही कई दर्शनार्थियों के नाम काट दिए गए थे, जिसे लेकर प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी। अब अवंतिका द्वार से प्रवेश की बजाय नित्य दर्शनार्थियों को चार धाम मंदिर से लाइन में लगने के आदेश निकाल दिए गए। जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। उपाध्यक्ष महेंद्र कटियार ने बताया कि लगभग 1 घंटे तक भक्त और भगवान की जय हो- महाकाल महाराज की जय- हो के जयकारें के साथ, मंदिर प्रशासन होंशियार के नारों के साथ भक्ति लोक में धरना दिया। अधिकारियों द्वारा पुनः गेट चालू करने पर ही धरना समाप्त हुआ।

**उज्जैन जिले के लोग महाकाल से दूर हो गए- सांसद फिरोजिया-** उज्जैन में दिशा समिति की बैठक के दौरान आलोट सांसद अनिल फिरोजिया ने श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन और जलाभिषेक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सांसद ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि कलेक्टर को बोला है कि दो घंटा कम से कम वो गर्भगृह खोलें। क्योंकि ये महामृत्युंजय है और महाकाल को जल चढ़ना आवश्यक है। अभी कुछ ही लोग आते हैं विशेष, वही चढ़ाते हैं जिससे जो 60-70 साल से रेगुलर जल चढ़ाने वाले हैं, वो बड़ी बद्दुआएं दे रहे हैं, तो हमको बद्दुआएं नहीं लेना है। कुछ ऐसी व्यवस्था करें, कुछ स्लॉट बुक करें कि दो घंटे सुगमता से जनता जनार्दन राजा हो या रंक भगवान के लिए तो सब बराबर है वो आके जल चढ़ाएं। मुझे आश्वासन दिया है कि हम इसका पहले कैलकुलेशन कर लें। ये मैंने कहा कैलकुलेशन करो पर दो घंटे आपको ये करना पड़ेगा। हां, तीज-त्योहार है या छुट्टी का दिन है, ज्यादा लोड है उस दिन आप गर्भगृह सूचना देके बंद कर दो कि अंदर दर्शन नहीं होंगे लेकिन बाकी दिनों में जो है, दो घंटे जल चढ़ाने की अनुमति देना चाहिए।

बाद में सांसद ने एक अन्य मीडिया को अपने बयान में कहा था कि महाकाल लोक बनने के बाद 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या यहां आ रही है पर देखने में आ रहा है कि उज्जैन जिले के लोग महाकाल से दूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्थानीय श्रद्धालु आसानी से गर्भगृह में जाकर भगवान महाकाल को जल चढ़ा पाते थे, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में आम भक्त, बुजुर्ग और असहाय श्रद्धालु इससे वंचित हो रहे हैं। सांसद ने अपनी 85 वर्षीय मां का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्षों तक हर सोमवार जल चढ़ाने वाली उनकी मां आज बाहर से ही जल सौंपकर लौटने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रतिदिन कम से कम दो घंटे का समय ऐसा तय किया जाए, जिसमें सामान्य श्रद्धालु भी स्वयं गर्भगृह में जाकर जल चढ़ा सकें।

**जूना महाकाल में दो घंटे क्या दिन भर पूजा करो- मुख्यमंत्री-** हाल ही में उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दर्शन की मांग के बीच अपनी बात रखते हुए सुझाव देते हुए जूना महाकाल के महत्व को बताया था। मंच पर बैठे सांसद अनिल फिरोजिया की और रूख करते हुए उन्होंने कहा था कि लोग कम जानते हैं, बाबा महाकाल के पास एक और महाकाल हैं, जिनको 'जूना महाकाल' कहते हैं। आपकी इच्छा हो, दो घंटे क्या दिन भर, जब मर्जी आए अपनी पूजा करो। भगवान का भजन करो, अपना सारा पंचामृत करो, कौन रोक रहा है? असली में तो जूना महाकाल ही हैं। अरे सोने में 'जूना सोने' का जो मजा है, वो नए का कहां होता है? यह हमारे लिए आनंद है। केवल एहसास करने की देर है। हमारे लिए परमात्मा की कृपा है। लोगों ने दोनों महाकाल नहीं देखे, तो नहीं देखे होंगे। हमने तो देखे हैं, हमको कौन रोक रहा है।

---

मुंबई के भांडुप में रेलवे स्टेशन के बाहर रात में बस ने 13 पैदल यात्रियों को कुचल दिया

# 4 लोगों की मौत, 9 घायल, ड्राइवर हिरासत में

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई के भांडुप में रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार देर रात एक बस ने 13 पैदल यात्रियों को कुचल दिया। हादसे में 3 महिला सहित 4 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसा रात 9:35 बजे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट की बस से हुआ।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, बेस्ट की बस रिवर्स करते समय बेकाबू हो गई और सड़क पर चल रहे लोगों को चपेट में ले लिया।। हादसे के बाद बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाद एम्बुलेंस, मुंबई फायर ब्रिगेड और बेस्ट की टीम मौके पर पहुंची।



पीड़ितों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से राजावाड़ी और एम.टी. अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बस ने एक बिजली के खंभे को भी टक्कर मारी, जिससे वह गिर गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजन को 5 लाख रु. की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# इंदौर में कार से मिले 1 करोड़ 18 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस ने एक कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए बरामद किए हैं। यह रकम एक प्लायवुड कंपनी के मालिक की है। पुलिस को शक है कि पैसा हवाला का हो सकता है।

सोमवार देर रात कनाड़िया थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक टाटा नेक्सॉन कार (एमपी09 डीआर-8271) को रोका। कार में तीन युवक थे। पुलिस ने डिक्की खुलवाकर देखा तो उसमें बड़े से बैग में 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे पाए गए। सूचना के बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रकम को लेकर प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने मंगलवार सुबह इसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को दे दी है। सनद अग्रवाल की दो कंपनियां हैं- सेफ्लेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड और मंत्रम टेक्नो फेब प्रा. लि.।



### अभियान के दौरान चल रही थी वाहन चेकिंग

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने 31 दिसंबर को लेकर शहर भर के आउटर के थानों में विशेष चेकिंग के आदेश दिए थे। जिसमें अवैध शराब और तस्करी जैसे मामलो में विशेष नजर रखनी थी। अभियान के दौरान ही बिचौली मदार्ना ब्रिज के पास पुलिस को कार में ये रकम मिली। पुलिस ने बैग चेक किया तो उसमें करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे हुए थे।

---

## प्रदेश सरकार का 2026 का कैलेंडर जारी, 127 दिन बंद रहेंगे दफ्तर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने साल 2026 के लिए सरकारी छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें कर्मचारियों के लिए काम और छुट्टियों का पूरा खाका तैयार किया गया है। नए कैलेंडर के मुताबिक साल 2026 में सरकारी कार्यालय कुल 238 दिन ही खुलेंगे, जबकि कर्मचारियों को 127 दिनों का अवकाश मिलेगा। इन छुट्टियों में 52 शनिवार, 52 रविवार और 23 सार्वजनिक अवकाश शामिल हैं। वहीं, कर्मचारियों के लिए 5 डेज वर्किंग की व्यवस्था पहले जैसे ही लागू रहेगी। इस बार सरकार ने ड्यूटी आवर बढ़ना तय किया था, लेकिन इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन सकी।

## टोल पर संतों का कब्जा, बिना टैक्स दिए निकाली गाड़ियां

### भिंड में झुका प्रशासन, 7-8 महीने में हाईवे का काम शुरू करने का आश्वासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भिंड

भिंड जिले के मालनपुर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन मंगलवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद टाल दिया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान भिंड और ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।



आंदोलन स्थगित होने के बाद टोल प्लाजा पर वाहनों से फिर से टोल वसूली शुरू कर दी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने संत समाज को भरोसा दिलाया कि नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का पूरा प्रोजेक्ट सरकार को भेजा जा चुका है। आगामी 7 से 8 महीनों के भीतर डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर आवश्यक नोटिफिकेशन जारी किए जाएंगे। प्रशासन के आश्वासन के बाद संत समाज ने सांकेतिक आंदोलन को विराम दिया।

## इंदौर में जीतू पटवारी कार्यकर्ताओं से बोले- मैं तो खुद वनवास भोग रहा हूं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के वनवास वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। सोमवार को इंदौर प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत में जीतू पटवारी ने कहा कि भैया, मैं तो खुद वनवास भुगत रहा हूं। उनके इस बयान पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेताओं को सत्ता से दूर होने पर विचलित बताया।

भाजपा शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के नेता सत्ता में न रहने को वनवास समझने लगते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जीतू पटवारी जब प्रदेश अध्यक्ष बने थे, तब उन्हें लगा था कि अब सत्ता की मलाई मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि जीतू पटवारी ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को ही वनवास पर भेज दिया है।

---

बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना

# कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। घटना सोमवार शाम करीब 6:45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई।



मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने बजेंद्र पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर में बंदूक चल गई और गोली बजेंद्र की बायीं जांघ में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार रात 11 बजे एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला।

### बांग्लादेश ने उच्चायुक्त को तुरंत ढाका बुलाया

बांग्लादेश ने भारत में तैनात अपने उच्चायुक्त एम रियाज हमीदुल्लाह को तुरंत ढाका तलब किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के बुलावे पर हमीदुल्लाह सोमवार देर रात ढाका पहुंच गए। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रथम आलो ने विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमीदुल्लाह को हालिया घटनाक्रम और भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN
इंदौर, बुधवार, 31 दिसंबर, 2025 | 02

## मंगलवार का महाकाल श्रृंगार



### 238 दिन काम 127 दिन आराम

सरकारी कैलेंडर में नया साल समा गया है। इसमें 238 दिन काम के सामने आए हैं और 127 दिन आराम के बताए गए हैं। अघोषित का जिक्र संभव नहीं था । सरकार ने 5 दिन कार्यदिवस तय किया है। चारों शनिवार अवकाश की स्थिति साथ में रविवार तो है ही। 5 दिन अवकाश की स्थिति में सुबह एक घंटा जल्दी एवं शाम को एक घंटा देरी तक कार्यालय में कार्य होने की बात थी। आदेश निकला शनिवार की छुट्टी का पालन मजबूती से हुआ लेकिन एक घंटा जल्दी और एक घंटा अधिक काम की स्थिति अब भी कमजोर ही बनी हुई है। बराबर अब भी कार्यालय की शुरूआत वही पुराने समय पर हो रही है। एक नहीं अनेक कार्यालयों में टेबल एवं सीसी टीवी कैमरा का रेकार्ड इस बात को प्रमाणित करने को आतुर है लेकिन प्रमाण लेने वाले नहीं हैं। यही नहीं ई झदफ्तर का मामला भी चला और सिर्फ चला इसका लाभ आमजन को कहां मिला और कितना मिला यह समय के गर्त में है सवाल पूछने वालों को जवाब नहीं है। छुट्टी के मजे हैं और आराम का तो क्या कहना। दफ्तरी कार्य व्यवस्था को आनलाईन कर एक बार उस पर नजर तो मारी जाए। मनमर्जी का राज है आ जाएं तो मेहरबानी और न आएं तो पूर्व से लिखित आवेदन एक पंजी में रखा ही है। ई उपस्थिति की तरकीब भी आ चुकी है। खुसूर-फुसूर है कि पहले वरिष्ठ अधिकारी बराबर अन्य विभागीय कार्यालयों में पहुंचते थे। दबदबे वाले अधिकारी पहुंचकर कई बार तो वन टू वन हाजरी तक ले लेते थे। समय के साथ यह प्रक्रिया लुप्त हो गई। अब तो जिन्हें वन  टू वन लेना है वे खुद भी उसी माहौल में ढल गए हैं। आमजन का बेकअप लिया जाए सही स्थिति सामने आए।




## फिल्म अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुश्री नुसरत भरूचा ने आज प्रातःकालीन भस्म आरती में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर श्री शिवकांत पांडे द्वारा स्वागत एवं सत्कार किया गया ।

## 5वीं बटालियन से जुड़े शहीद परिवारों के सदस्यों ने किये महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** महू स्थित इन्फेंट्री स्कूल के जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 5वीं बटालियन से जुड़े शहीद परिवारों के कुल 14 सदस्यों ने श्री महाकाल भगवान के दर्शन किये। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति द्वारा युद्धवीरों के परिवार के सदस्यों  का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### विंटर वेकेशन में प्रतिदिन ढाई क्विंटल से अधिक चंदन बिक रहा, स्थानीय रोजगार बढा, प्रचलन के मांग सिंदुर-कुमकुम पर कास्मेटिक स्टीक पडने लगी भारी, मेहंदी, कुमकुम दुसरे नंबर पर

# श्रद्धालुओं में पीला चंदन बनाम अष्टगंध की मांग बढी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। विंटर वेकेशन में श्रद्धालुओं की भीड धर्मनगरी में उमड रही है। ऐसे में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में धर्म कर्म में उपयोग आने वाला पीला चंदन की मांग एक दम बढ गई है। आमतौर पर सामान्य दिनों में इसकी श्रद्धालुओं में इसकी खपत आधा क्विंटल के लगभग सामने आ रही है जो इन दिनों डेढ क्विंटल से अधिक हो गई है। मेहंदी और कुमकुम दुसरे एवं तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। व्यापारी लव शाह बताते हैं कि आकस्मिक यह मांग उठी है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढावा मिला है। अष्टगंध का निर्माण उज्जैन इंदौर के क्षेत्र में ही उद्योगपुरी एवं गृह उद्योग के रूप में किया जा रहा है।

पीला चंदन एक तरह से उज्जैन एवं इंदौर में ही निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय उद्योगपुरी के साथ गृह उद्योग के रूप में अधिकांश इसे पैक किया जा रहा है। बाजार में यह कई ब्रांड के रूप में बेचा जा रहा है। इसे सुगंध के कारण भी श्रद्धालु पसंद कर रहे हैं। अकेले श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र की दुकानों में ही प्रतिदिन करीब एक क्विंटल के लगभग फूटकर में श्रद्धालुओं को बेचा जा रहा है। इसके अलावा शहर के अन्य गोपाल मंदिर , मुख्य बाजार सहित अन्य मंदिरों के आसपास की दुकानों पर भी इसकी बिक्री बढने की जानकारी सामने आ रही है। इसके अलावा सफेद एवं लाल चंदन की मांग भी है।



### पीला चंदन बनाम अष्टगंध

इतने कम दाम में पीला चंदन उपलब्धता पर शंका भी मंडरा रही है। इसे लेकर दुकानदारों का कहना है कि मूलतः यह अष्टगंध है। इसे स्टार्च पाउडर,कपूर,सेंट,भूरा चंदन को मिलाकर बनाया जाता है। अधिकांश उत्पादक इसमें अगर-तगर नहीं मिलाते हैं। इसमें जितनी शुद्ध सामग्री इस्तेमाल की जाती है उतना ही यह महकता है इसकी कीमत बढती जाती है।

### होलसेल में 135 फूटकर में पैक के अनुसार

इधर पूजन सामग्री के विक्रेताओं ने चर्चा में बताया कि वर्तमान में पीला चंदन होलसेल में रूपए 135 प्रति किलो पड रहा है। इसे फूटकर में वे रूपए 160 से 180 तक बेच रहे हैं। इसके सवा सौ ग्राम पैक रूपए 25 में उपलब्ध है। इसी तरह से जितने छोटे पैकिंग की और जाते हैं उतना रेट बढ जाता है। बाजार में प्रति दिन इसकी करीब ढाई क्विंटल बिक्री सामने आ रही है। यह पहला अवसर है जबकि पीला चंदन की मांग इतनी सामने आ रही है। इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं रहा है।

### मेहंदी दुसरे एवं कुमकुम तीसरे नंबर पर

कभी शहर आने वाले श्रद्धालु यहां से कुमकुम एवं मेहंदी की मांग सबसे पहले रखते थे। अब की बार स्थिति परिवर्तित हो गई है। व्यवसायी बताते हैं कि मेहंदी का उठाव सीजन की वजह के साथ ही अब मात्र बालों में लगाने के उपयोग जितना ही है। महिलाओं के तीज त्योहार के समय जरूर मांग उठती है उसमें भी बने बनाए कोन की मांग अधिक होती है। मेहंदी को घर में घोलने के टंटे से बचा जा रहा है। रेडिमेड मेहंदी ही चलती है। कुमकुम एवं सिंदुर की मांग पर कलर कास्मेटिक स्टीक ने मार दी है। कुमकुम एवं मांग में भरने वाले सिंदुर की सभी रंगों में स्टीक आ जाने से इसकी मांग भी बहुत ही कमजोर होती जा रही है।

### नए स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से सवालों के तुरंत जवाब मिलेंगे

# वेबसाइट को एआई-बेस्ड बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/भोपाल

वित्त विभाग ने अपनी वेबसाइट को एआई-बेस्ड बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। नए स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से कर्मचारियों को अलाउंस, ट्रैवल और डेली अलाउंस , सर्कुलर और नियमों से जुड़े सवालों के तुरंत जवाब मिलेंगे। बजट और फाइनेंशियल नियमों की जानकारी भी एक क्लिक पर मिल जाएगी। यानि वित्त विभाग की साइट पर एक ऐसा चैट-बोर्ड विकसित किया गया है, जिसमें कर्मचारी या अधिकारी कोई भी सवाल डालेंगे तो उसका कस्टमाइज (जरूरत के मुताबिक अनुकूल उत्तर) जवाब तुरंत मिलेगा। इसका उपयोग वह अपने आवेदन में रेफरेंस के साथ कर सकेगा। बीईएमएस (बजट एस्टीमेशन, एलोकेशन और मॉनिटरिंग सिस्टम)पोर्टल पर डैशबोर्ड लेटेस्ट जानकारी के साथ रेगुलर अपडेट किया जाएगा। एआई-बेस्ड सिस्टम डिपार्टमेंट के फैसले लेने की प्रक्रिया को तेज करेगा और 2026-27 से 2028-29 तक के रोलिंग बजट की तैयारी को मजबूत करेगा।




दरअसल, राज्य का फाइनेंस डिपार्टमेंट अब ज्यादा स्मार्ट तरीके से काम करेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसने अपनी वेबसाइट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंटीग्रेट करने का फैसला किया है, जिससे इसके काम करने का तरीका बदल जाएगा। इस पहल का मुख्य मकसद सरकारी प्रोसेस को आसान, ज्यादा ट्रांसपेरेंट और तेज बनाना है। यह नया स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम राज्य के लाखों कर्मचारियों के लिए खास तौर पर मददगार साबित होगा।

### एआई से लैस होगी वेबसाइट

अब फाइनेंस डिपार्टमेंट की वेबसाइट एआई से लैस होगी। कर्मचारियों के भत्ते, ट्रैवल अलाउंस , महंगाई भत्ता, और सर्कुलर अब चैटबॉट के जरिए उपलब्ध होंगे। पहले, कर्मचारियों को अक्सर अपने भत्ते, ट्रैवल अलाउंस, महंगाई भत्ता, और लेटेस्ट सरकारी आदेशों (सर्कुलर) को समझने में दिक्कत होती थी। अब, एआई-बेस्ड पोर्टल पर सिर्फ एक सवाल पूछने पर चैटबॉट तुरंत संबंधित नियम और ऑर्डर की कॉपी दे देगा। इससे कर्मचारियों को बार-बार ऑफिस जाने से छुटकारा मिलेगा। वित्त विभाग के अधिकारिक सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि नई वेबसाइट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त होगी। यह सर्च इंजन की तरह काम भी करेगी। इसे ऐसे डिजाइन किया है, ताकि विभाग बजट को लेकर अपनी डिमांड ऑनलाइन अपलोड भी करते हैं तो वह अपने आप सेट प्रोफार्मा में चली जाए। इस बार वित्त विभाग 2026-27 के बजट व 2027-28 व 2028-29 के रोलिंग बजट की तैयारी कर रहा है। साइट को कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ आम जनता से जोड़ा जा रहा है।




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल मंदिर के शिखर पर चंद्रमा की अद्भुत छटा का चित्र।

## अवंतिका द्वार से प्रवेश रोकने से आक्रोशित नित्य दर्शनार्थियों ने किया धरना प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर नित्य दर्शनार्थी भक्तों का प्रवेश अवंतिका द्वार से रोकने से आक्रोशित भक्तों द्वारा गेट पर धरना दिया गया। नित्य दर्शनार्थी भक्त मंडल अध्यक्ष रवि राय ने बताया कि महाकाल मंदिर में बार बार नए प्रयोग, नित्य दर्शनार्थियों को परेशान कर रहे है।

विगत दिनों ही कई दर्शनार्थियों के नाम काट दिए गए थे, जिसे लेकर प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी। अब अवंतिका द्वार से प्रवेश की बजाय नित्य दर्शनार्थियों को चार धाम मंदिर से लाइन में लगने के आदेश निकाल दिए गए। जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया।

उपाध्यक्ष महेंद्र कटियार ने बताया कि लगभग 1 घंटे तक भक्त और भगवान की जय हो-- महाकाल महाराज की जय-- हो के जयकारें के साथ भक्ति लोक में धरना दिया। अधिकारियों द्वारा पुनः गेट चालू करने पर ही धरना समाप्त हुआ।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में लड़कियां बिंदास बोलीं लड़के सकुचाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अपने लिए योग्य जीवनसाथी की तलाश में पहुंचे युवक-युवतियों ने मंच पर खुलकर अपना परिचय प्रस्तुत किया, लेकिन इसमें लड़कियों ने बिना झिझक बिंदास अपना परिचय दिया तो लड़कों में झिझक देखी गई। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में आए परिजनों ने भी समाजजनों से अपना परिचय साझा किया। यह अवसर था विगत दिनों मांगलिया के समीप ढाबली गांव के शासकीय स्कूल परिसर में आहूत नवयुवक क्षत्रिय खंगार ठाकुर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का। इस सम्मेलन में इंदौर, उज्जैन, देवास, तराना, महेश्वर, उमरीखेड़ा, भोपाल आदि स्थानों से खंगार क्षत्रिय समाज के वरिष्ठजन और विवाह योग्य युवक-युवतियां शामिल हुईं। बड़ी संख्या में आए समाजजनों ने जहां एक-दूसरे से अपना परिचय प्राप्त किया। वहीं युवक-युवतियों ने मंच साझा कर विचार व्यक्त कर अपने बारे में जानकारी दी। दोपहर दो बजे से आरंभ हुए इस सम्मेलन में सैकड़ों युवक-युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए। संस्था के अध्यक्ष पंकज परिहार ने बताया कि इन प्राप्त आवेदनों की डिजिटल स्मारिका प्रकाशित कर समाजजनों को डिजिटली वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए बेहतर जीवन साथी तलाशने में मदद मिलेगी। परिहार ने बताया कि सम्मेलन में इंदौर जिले की समाज की सभी समितियों को आमंत्रित किया गया था।



### बड़ोदा के 108 लोग महाकाल मंदिर में सजावट करेंगे

# नववर्ष पर 5 लाख रुद्राक्ष, 11 हजार डमरू सहित अन्य समाग्री से सजेंगे शिखर स्तम्भ-द्वार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नव वर्ष पर 11 हजार डमरू और 5 लाख से अधिक रुद्राक्ष से महाकाल मंदिर के द्वार शिखर और महाकाल लोक के स्तम्भ सजाए जाएंगे। इसके लिए बड़ोदा की 108 लोगों की टीम उज्जैन पहुंची है। टीम के सदस्य 31 जनवरी की रात तक मंदिर में सजावट का काम पूरा करेंगे।

बड़ोदा से आए नरेंद्र शाह ने बताया कि इससे पहले टीम ने केदारनाथ मंदिर में सजावट की थी। इस बार महाकाल मंदिर में मौका मिला है। जिसके बाद डमरू वाला ग्रुप ने के 108 सदस्य उज्जैन पहुंचे है। सबसे पहले नंदी गेट पर सजावट की जायेगी। इसके बाद महाकाल लोक स्तम्भ, मंदिर का शिखर, नीलकंठ द्वार, नंदी हाल, चांदी गेट को रुद्राक्ष डमरू पन्नी बेल झूमर सीएनसी कटिंग से सजाया जाएगा।



उन्होंने कहा कि, दो दिन में इस काम को पूरा कर लिए जाएगा। नरेंद्र शाह ने बताया कि डमरू वाला की टीम बाइकर्स की टीम है। इसलिए बड़ोदा से बाइक द्वारा उज्जैन आए है। टीम द्वारा नव वर्ष के मौके पर महाकाल मंदिर को सजाने का पूरा खर्चा उठाया जा रहा है।

# शहर की सफाई व्यवस्था... कहीं टूटे तो कहीं कचरे से लबालब डस्टबिन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कई जगह की साफ सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है जिससे जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है। सार्वजनिक स्थलों पर रखे डस्टबिन कूड़े से लबालब भरे पड़े हैं, कई जगह डस्टबिन नहीं होने की वजह से कचरा सड़क पर पड़ा है तो कहीं कचरे का बोझ ढोने वाले डस्टबिन ही टूट गए हैं।

शहर में स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन जगह-जगह कचरे के ढेर, गंदगी से बजबजाते सार्वजनिक शौचालय और अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था है। डस्टबिन कचरे से भरे पड़े हैं, लेकिन उठाव समय पर नहीं हो रहा। वहीं कई जगह डस्टबिन नहीं होने की वजह से कचरा सड़क पर पड़ा है तो कहीं डस्टबिन टूट गए हैं सामुदायिक शौचालयों की हालत खराब है, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। कुछ जगहों में डस्टबिन तो रखे हैं लेकिन छोटे हैं। डस्टबिन के चारों ओर कचरा उठाव न होने से गंदगी बजबजाती रहती है, जिससे लोग डस्टबिन का भी उपयोग नहीं करते हैं।



### डस्टबिन बन रहे कबाड़

शहर के विभिन्न स्थानों पर गीले और सूखे कचरे के लिए नीला और हरे रंग का डस्टबिन लगाया गया पर, उसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है और सड़क किनारे खुले में ही कचरा फेंका जाता है. इस कारण हुक लोडर वाहन व डस्टबिन आज खुद कूड़ा बन गये हैं. कहीं कूड़े के ढेर के बीच यह खड़ा है, तो कहीं गिरा पड़ा है. महीनों-महीनों इस डस्टबिन में कुछ कूड़ा यूं ही पड़ा रह जाता है, जबकि गीला कचरा इसमें रहने से दुर्गंध निकल रही है. स्थिति ऐसी हो गई है कि डस्टबिन कबाड़ बनते जा रहे हैं।

## उज्जैन में प्लेटफॉर्म पर रिटर्न ट्रेनों को खड़ा करने और टर्मिनेट करने की क्षमता विकसित होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय रेलवे की अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों में रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता दोगुनी करने की योजना है। इस योजना में उज्जैन शहर भी शामिल है। उज्जैन में धार्मिक पर्यटन की बढ़ रही भीड़ को देखते हुए 11 प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों को खड़ा करने और टर्मिनेट करने की क्षमता विकसित होगी।

इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में कुल 7 नई पिट लाइनें और 16 नई स्टेबलिंग लाइनों की सुविधा बढ़ाने पर सहमति बनी है जिसके बाद 32 नई ट्रेनों का अवागमन बढ़ जाएगा। रेलवे पीआरओ ने बताया कि उज्जैन मार्ग पर यात्रा की मांग में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए, अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई रेल गाड़ियों के संचालन की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना आवश्यक है। आगामी वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्तमान बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता को दोगुना करने के लिए नियमित रूप कार्य किया जाएगा। उज्जैन, जो धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, वहां आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए 9 नई स्टेबलिंग/होल्डिंग लाइनों की योजना बनाई गई है। इससे लगभग 11 प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों को खड़ा करने और टर्मिनेट करने की क्षमता विकसित होगी। साथ ही यार्ड रिमॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग का पूरा कर लिया गया है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 31 दिसम्बर, 2025 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### 10 मार्च 2026 तक स्वीकार किये जाएंगे आवेदन

**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डी.एल.एड. एवं डी.पी.एस.ई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों से सत्र 2026-2027 हेतु नवीन संबद्धता एवं संबद्धता नवीनीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल के संभागीय अधिकारी ने बताया कि डी.एल.एड. एवं डी.पी.एस.ई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों के लिए सत्र 2026-2027 हेतु नवीन संबद्धता एवं संबद्धता नवीनीकरण के संबंध में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आदेश/दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिसकी जानकारी एवं प्रारूप मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। डी.एल.एड. एवं डी.पी.एस.ई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों से अपेक्षा की गई है कि वे नवीन संबद्धता एवं संबद्धता नवीनीकरण के लिये निर्धारित बिंदुओं की पूर्ति करते हुए आवेदन निर्धारित शुल्क सहित सचिव के नामे, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल परिसर में स्थित यूको बैंक, शाखा हबीबगंज में चालान के माध्यम से जमा करें तथा जमा की गई राशि मण्डल के उक्त खाते में जमा होना सुनिश्चित करें।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने नागरिकों से अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। इस अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे। उनके माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति दर्ज करने तथा संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वहीं, यदि कोई मतदाता राज्य से बाहर से स्थानांतरित होकर आया है, तो उसे फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र देना होगा। ऑफलाइन आवेदन करने पर मतदाताओं को इछड से पावती प्राप्त करना न भूलने की सलाह दी गई है। दावे-आपत्तियों के निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता प्रविष्टियों की जांच के उपरांत, कतिपय निर्वाचकों को नोटिस जारी कर सुनवाई 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी। नोटिस की तामीली के बाद संबंधित मतदाता को निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों सहित उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### पिकनिक स्पॉट, थर्टी फर्स्ट मनाने वालों पर होगी नजर

**इंदौर।** साल के आखिरी दिन यानी थर्टी फर्स्ट पर शहर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर वन विभाग, पुलिस और ग्राम वन समितियों की टीम निगरानी करेगी। सुबह से शाम तक तो यह पिकनिक स्पॉट खुले रहेंगे, लेकिन शाम 5 बजते ही पर्यटकों को यहां से रवाना करना शुरू कर दिया जाएगा। रात के समय किसी को भी यहां सेलिब्रेशन की अनुमति नहीं रहेगी। तिंछाफॉल, मेहंदीकुंड, कालाकुंड, पातालपानी, मोहाड़ी फॉल, जैसे पिकनिक स्पॉट पर लोग हर साल सेलिब्रेशन के लिए आते हैं। शाम के समय पिछले साल यहां बड़ी संख्या में पर्यटक रुक गए थे। देर रात तक लोगों के रुकने पर हादसे-दुर्घटना की आशंका रहती है। जंगली जानवरों का मूवमेंट भी शुरू हो जाता है। इस बार शाम पांच बजे से ही माइक के जरिए अनाउंसमेंट शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि पातालपानी, तिंछाफॉल, कालाकुंड में विभाग ने खाई के किनारों पर जालियां लगा दी हैं, जिसकी वजह से लोग खाई में नहीं उतर पाते हैं। वन विभाग, पुलिस और ग्राम वन समिति के सदस्य सभी टूरिस्ट स्पॉट पर शाम पांच बजे से ही गश्ती शुरू कर देंगे। पिकनिक स्पॉट पर हुड़दंग करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी।

### इंदौर में 31 दिसंबर को लेकर जारी किया पोस्टर, कहा- आएंगे वाहन से, जाएंगे पैदल

# ट्रैफिक पुलिस ने लिखा आप हमारे मेहमान न बनें...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर अलग अंदाज में चेतावनी दी है। इसे लेकर एक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान ना बनें। 31 दिसंबर को जहां इंदौर पुलिस मैदान में रहेगी वहीं ट्रैफिक पुलिस के जवान भी जगह-जगह चेकिंग पाइंट पर नजर आएंगे। शहर के अंदर के साथ ही शहर के बाहर भी चेकिंग चलेगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनोखे अंदाज में दी गई चेतावनी का पोस्टर काफी वायरल भी हो रहा है। पुलिस ने इस पोस्टर के माध्यम से चेतावनी दी है कि नशा कर




### कई लोग नशे में चलाते है गाड़ी

बता दें, 31 दिसंबर को कई जगह नए साल के जश्न का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा होटल, बार-पब में भी कई आयोजन होते है। जिसमें कई लोग शराब का सेवन भी करते है। शराब के नशे में लोग गाड़ी ना चलाए और हादसों का शिकार ना हो इसलिए पुलिस जगह-जगह चेकिंग करेगी और नशे में गाड़ी चलाने वालों की गाड़ी जब्त करेगी। बताया जा रहा है कि 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी 31 दिसंबर को ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

**ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया चेतावनी का अनूठा पोस्टर-** ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर एक पोस्टर जारी किया है। जो काफी वायरल भी हो रहा है। इस पोस्टर में लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान न बनें। 31 दिसंबर की रात विशेष संदेश सिर्फ हमारे खास मेहमानों के लिए नशे में वाहन चलाने वाले तेज या लापरवाही से वाहन चलाने वाले स्टंटबाजी कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले आप आएंगे वाहन से, लेकिन जाएंगे पैदल। समय पूरी रात, स्थान नजदीकी पुलिस स्टेशन। इस पोस्टर में ये भी लिखा है कि अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ जश्न मनाएं।

### फायर ब्रिगेड ने काबू पाया, तीन मंजिला बिल्डिंग गिरी


# इंदौर की केमको फैक्ट्री में आग, दूर तक दिखाई दिया धुआं



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया इलाके में एमआर 11 के पास मंगलवार दोपहर एक बजे चाकलेट फैक्ट्री में भीषण आगजनी की घटना हो गई। सूचना के बाद यहां पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां पहुंची। आग पर दो घंटे बाद काबू पा लिया गया। जिस बिल्डिंग में आग लगी थी वह पूरी तरह से गिर गई है। जिस बिल्डिंग में फैक्ट्री संचालित थी उसे दिवालीय घोषित किया जा चुका था।

लसूडिया टीआई तारेश सोनी के मुताबिक लसूडिया मोरी के पास केमको चाकलेट फैक्ट्री में कर्मचारियों ने करीब 1 बजे आग लगने की सूचना दी थी। इसके बाद दमकल को भी सूचित किया था। आग के चलते किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई है। आग फैक्ट्री के पीछे के हिस्से में लगी थी। आग के कारण फैक्ट्री में



काम कर रहे 3 कर्मचारी घायल हुए हैं। आग के बाद हुए विस्फोट से बिल्डिंग गिरी है। बिल्डिंग मालिक के अनुसार 35 करोड़ का नुकसान होना बताया जा रहा है, लेकिन इस कंपनी की बिल्डिंग का मामला कोर्ट में विचाराधीन था। चाकलेट फैक्ट्री कुछ दिनों से बंद थी और इसमें अभी कोई काम नहीं होता था।

### प्रत्येक जनजातीय विकासखण्ड में खुलेगा सांदीपनि विद्यालय

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में आगामी तीन सालों में जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सुविधाओं में अभूतपूर्व विस्तार किया जाएगा। प्रत्येक जनजातीय विकासखण्ड में सांदीपनि विद्यालय की स्थापना की जायेगी। आगामी 3 वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। अधोसंरचना, स्मार्ट क्लास, लैब एवं लाइब्रेरी सुविधाओं का उन्नयन किया जायेगा। प्रत्येक जनजातीय विकासखण्ड में एकलव्य विद्यालय, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर और बालक आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की जायेगी। जनजातीय श्रद्धा एवं पूजा स्थलों का उन्नयन किया जायेगा। जनजातीय समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए 86 जनजातीय विकासखण्डों में कला भवन की स्थापना की जायेगी। यह जानकारी जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने मंगलवार को 2 साल की विभागीय उपलब्धियों पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

# इंदौर में कार में मिले 1 करोड़ 18 लाख रुपए

## प्लायवुड कंपनी के मालिक ने फार्म हाउस भिजवाए थे; पुलिस को हवाला का शक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस ने एक कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए बरामद किए हैं। यह रकम एक प्लायवुड कंपनी के मालिक की है। पुलिस को शक है कि पैसा हवाला का हो सकता है।

सोमवार देर रात कनाड़िया थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक टाटा नेक्सॉन कार (टढ09 ऊफ 8271) को रोका। कार में तीन युवक थे। पुलिस ने डिक्की खुलवाकर देखा तो उसमें बड़े से बैग में 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे पाए गए। सूचना के बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रकम को लेकर प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने मंगलवार सुबह इसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को दे दी है। सनद अग्रवाल की दो कंपनियां हैं- सेफ्लेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड और मंत्रम टेक्नो फेब प्रा. लि.।

**अभियान के दौरान चल रही थी वाहन चेकिंग**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने 31 दिसंबर को लेकर शहर भर के आउटर के थानों में विशेष चेकिंग के आदेश दिए थे। जिसमें अवैध शराब और तस्करी जैसे मामलो में विशेष नजर रखनी थी। अभियान के दौरान ही बिचौली मदार्ना ब्रिज के पास पुलिस को कार में ये रकम मिली।

**मालिक ने बैग फार्म हाउस में देने को कहा था**

पुलिस ने बैग चेक किया तो उसमें करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे हुए थे। कार सवार तीन युवकों राजेश यादव, प्रभात अग्रवाल और आनंद ने पूछताछ में बताया कि कार प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल की है।

## मास्टर प्लान की सड़क के लिए 35 पक्के निमार्णों पर चला बुलडोजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम की टीम ने सोमवार को रिमूवल की बड़ी कार्रवाई की। बिजलपुर से ट्रेजर टाउन होते हुए क्रिस्टल अपार्टमेंट तक सड़क बनाने में बाधक मकानों-दुकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 150 लोगों की टीम, 3 पोकलेन, 4 जेसीबी के साथ ही 50 पुलिसकर्मी सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। विवाद की स्थिति न बने इसलिए पुलिस बल भी तैनात रहा। कुछ दिन का समय देकर लौटी टीम

यहां बचे हुए अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ दिन का समय दिया है, जिसके बाद दोबारा कार्रवाई होगी। मास्टर प्लान के अनुसार 30 मीटर चौड़ाई व 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क



बनना है। कुछ लोगों ने कहा कि मकानों के निचले हिस्से पर की जा रही कार्रवाई के बाद 5 दिन में शेष बाधक हिस्सों को स्वयं हटा लेंगे लेकिन उसके लिए समय दिया जाए।

# क्षत्रिय खंगार समाज की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्षत्रिय खंगार समाज उज्जैन द्वारा रविवार को समाज की धर्मशाला में महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वार्षिक साधारण सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के विकास और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम मातृशक्ति द्वारा गजानन माता के छायाचित्र का विधिवत पूजन और माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों और समाजजनों ने महाराजा खेत सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था संरक्षक लक्ष्मण सिंह साहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परमानंद सिंह ठाकुर,



सेवा विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल परिहार, महाकाल सम्मान सेवा समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पवार, सेवा विकास संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा राय एवं संस्था उपाध्यक्ष श्रीमती लीला सेंगर उपस्थित रहीं।

वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और प्रगति पर अपने विचार रखे। समारोह के दौरान वर्ष 2024-25 की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। इसमें समाज के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शारदा राय द्वारा 'खंगार क्षत्राणी समता मंच, उज्जैन इकाई का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज की महिलाओं को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर समाज के उत्थान हेतु सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में भारत सिंह राय, विश्वनाथ सिंह चौहान, चंद्रभान सिंह राय, मनोज ठाकुर, संदीप राय, लक्ष्मण सिंह परिहार, प्रकाश परिहार, सुरेंद्र सिंह केमा, राधेश्याम लालसोटा, श्रीमती शीला ठाकुर, शांति बाई, साधना केमा, मधुबाला ठाकुर, फूलचंद परिहार, आकाश ठाकुर, पूरालाल ठाकुर, राजेश बिसोरे, राजेंद्र सिंह परिहार, तुलसीराम राय, श्रीमती बेबी ठाकुर, मधु ठाकुर, हेमलता ठाकुर, शोभा, सुगना ठाकुर, तनीषा ठाकुर, देव आनंद ठाकुर, उर्मिला बाई, मयूर पवार एवं योगिता पवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री मनोज ठाकुर द्वारा किया गया।

### नागदा टीआई की सूझबूझ से बची जान

# पहले फंदे से उतार फिर 40 बार दिया सीपीआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात्रि गश्त पर सोमवार-मंगलवार रात निकले नागदा टीआई की सूझबूझ से एक युवक की जान बच गई। टीआई ने पहले कमरे का दरवाजा तोड़ा फिर युवक को फंदे से उतर कर 40 बार सीपीआर दिया। डेढ़ घंटे बाद युवक अस्पताल से सकुशल घर लौट आया।

नागदा टीआई अमृतलाल गवरी रात में गश्त पर निकले थे। रात 12:45 पिपलीतिराहा पर एक व्यक्ति दौड़ता हुआ उनकी और आता दिखाई दिया। टीआई ने ड्राइवर से अपना वाहन रोकने के लिए कहा, उक्त व्यक्ति ने पास आकर बताया कि उसके पुत्र ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया है और फांसी लगा रहा है। तत्काल टीआई मिर्ची बाजार पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था जिसे तोड़ा गया। युवक फंदे पर लटक चुका था।



उसके हाथ पैर कड़क हो रहे थे, परिवार ने विलाप शुरू कर दिया।

टीआई ने तत्काल युवक को फंदे से उतारा और जमीन पर लेटाकर कर प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई सीपीआर तकनीक का उपयोग शुरू किया। करीब 35 से 40 बार युवक के सीने को प्रेस किया गया। जिसके चलते युवक के जीवन की डोर धड़कनों में बदल गई। तत्काल ही टीआई अपने वहां से युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। डेढ़ घंटे बाद युवक पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दिया। रात में डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी भी कर दी। युवक को परिजन घर लेकर आ गए इस दौरान टीआई ने युवक को समझाइए दी। टीआई गवरी ने जहां मानवता का फर्ज निभाया वही अपनी सूझबूझ का उदाहरण भी प्रशिक्षण के दौरान मिली ट्रेनिंग का दिया।

### पारिवारिक विवाद के चलते उठाया था कदम

बताया जा रहा है कि युवक पढ़ाई कर रहा है उसने पारिवारिक विवाद के बाद अपने कमरे का दरवाजा बंद कर आत्मघाती कदम उठा लिया था। यादव परिवार से जुड़े इस मामले के सामने आने पर टीआई ने मंगलवार दोपहर युवक और उसके परिवार वालों को काउंसलिंग के लिए बुलाया। करीब 1 घंटे तक युवक को परिवार की अहमियत बताई गई और मिले जीवन का महत्व समझाया गया। युवक ने दोबारा गलती नहीं करने की बात कही। रात में हुई घटना के बाद अपने पुत्र को जीवित देख परिवार ने टीआई का आभार माना।

### 5 क्विंटल मिठाई का लगेगा भव्य छप्पन भोग

# 1 जनवरी को मां चामुंडा का होगा हिमालय पर्वत जैसा भविष्य श्रृंगार

## प्रात: 8:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक निरंतर शुद्ध घी के हलवे का प्रसादी वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

1 जनवरी चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति द्वारा मां चामुंडा को भव्य श्रृंगार कर 5 क्विंटल मिठाई का भव्य 56 भोग लगाकर प्रातः आरती के पश्चात से निरंतर रात्रि 12:00 तक दर्शनार्थियों को शुद्ध घी से निर्मित हलवा प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं 2 जनवरी को 56 भोग प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा माता जी के मंदिर को हिमालय पर्वत का रूप देकर श्रृंगार किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर समिति के संयोजक पंडित शरद चौबे , पुजारी पंडित



सुनील चौबे, संरक्षक धीरेंद्र नाहटा ,ओमप्रकाश नाहटा द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मां चामुंडा माता मंदिर पर वर्ष भर निरंतर सुबह करीब 800 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन का भी वितरण किया जाता है एवं समिति द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। यह जानकारी चामुंडा माता मंदिर के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह एवं निखिल चौबे द्वारा प्रदान की गई।

## न्यूज-कॉलम



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मैडिटेशन सत्र का आयोजन किया

**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंशसिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के निर्देशन में आज मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के श्री नारायण भाई द्वारा मैडिटेशन का जीवन पर प्रभाव, इसके फायदे पर व्याख्यान कराया गया, श्री नारायण भाई द्वारा पुलिस अधिकारियों को अपनी दैनिक जीवन शैली को किस प्रकार से मैनेज किया जाए इस विषय को सरल शब्दों में समझाया गया ।तथा मैडिटेशन द्वारा परिवार और स्वयं को ड्यूटी से कैसे तालमेल रखा जा सकता है बताया गया। पुलिस कंट्रोल पर आयोजित आज के मैडिटेशन सत्र कार्यक्रम में एसपी ऑफिस, पुलिस लाइन,अजाक,महिला थाना,कोतवाली से 50-55 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए हे ।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



भारत सरकार की पीएम धनधान्य कृषि योजना की नोडल अधिकारी श्रीमती निधि केशरवानी की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की कार्ययोजना कार्यवाही, लक्ष्यों के अनुरूप किए गए कार्य की समीक्षा वीसी के माध्यम से की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत दिए गए योजनाओं के लक्ष्यों पर की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा कृषि क्षेत्र,जिले में लगाई जा रही फसलों, परंपरागत फसले, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के बारे में मूलभूत जानकारी देकर उन क्षेत्रों में की गई प्रगति के बारे में बताया गया।

वीसी के दौरान योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली सहायता राशि, फसल उत्पादन में वृद्धि तथा किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों से कहा गया कि वे फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखें , कृषकों को नए बीज ,आधुनिक खेती , उत्पादन को बढ़ाने के लिए उर्वरक या पद्धति आदि की जानकारी देकर उन्हें आधुनिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करे साथ उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ देना सुनिश्चित करे और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

पीएम धनधान्य योजना की नोडल अधिकारी श्रीमती निधि केशरवानी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग करे, विस्तृत कार्ययोजना निर्माण कर योजनाओं का लाभ सभी किसानों को पहुंचाना सुनिश्चित करे। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संबंधित कृषि विभाग , केवीके , उद्यानिकी , पशु , मत्सय , सहकारिता , आजीविका मिशन , विभागों के अधिकारी,जल संसाधन , सहित अन्य मैदानी कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे ।

## सहकारी संस्था में 40.71 लाख के गबन का आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक जिला अलीराजपुर के निर्देशन में थाना कट्ठीवाड़ा पुलिस द्वारा सहकारी संस्था में हुई गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं गबन के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. झाबुआ, शाखा कट्ठीवाड़ा के शाखा प्रबंधक श्री उदयसिंह पिता बालु चौहान (उम्र 57 वर्ष) द्वारा प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी संस्था मर्यादित, आमखुट के वर्ष 2023-24 के अंकेक्षण में गंभीर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई।

अंकेक्षण रिपोर्ट एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता जिला अलीराजपुर के पत्र क्रमांक विधि/2025/580 दिनांक 19.06.2025 के अनुसार तत्कालीन संस्था प्रबंधक/शाखा पर्यवेक्षक श्री गिरधारीलाल पिता गेंदालाल राठौड़, निवासी जोबट रोड, दाहोद नाका, अलीराजपुर द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर कुल 40,71,146.26 (चालीस लाख इकहत्तर हजार एक सौ छियालिस रुपये छब्बीस पैसे मात्र) की शासकीय राशि का गबन किया जाना पाया गया।बैंक चालान की राशि बैंक खातों में जमा न करना, ऋण वसूली की राशि केशबुक में जमा न करना, फर्जी नगद भुगतान दशार्ना, ब्याज की गणना न कर संस्था को आर्थिक हानि पहुंचाना जैसी गंभीर अनियमितताएं की गईं। प्रकरण में थाना कट्ठीवाड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी फरार था, जिस पर पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलावड में शाला स्तरीय खेल स्पधाएं



**मंडलेश्वर।** समीपस्थ ग्राम गुलावड़ में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलावड में शाला स्तरीय खेल स्पधाएं हुई विद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के खेल शिक्षक विमल सिंगर ने बताया,प्रथम दिवस कबड्डी, खो खो और दौड़ 200 मीटर जैसे खेल हुए, बालक एवं बालिका वर्ग ने हिस्सा लिया विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीमवर्क ,खेल कौशल का प्रदर्शन किया,शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा अनुशासन एवं भावना का महत्व बताया ।प्राचार्य प्रभारी श्रीमती बसंती बडुकियाने ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर सभी शाला शिक्षक उपस्थित रहे।

## बच्चों को संस्कार देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता



**बाग ।** यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से कथावाचक पुष्पानंदन महाराज ने आज के समय में बच्चों को संस्कार देने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को जितना प्यार मोबाइल से मिलता है, उतना ही स्नेह माता-पिता को अपने बच्चों को देना चाहिए। यदि आज बच्चा बिगड़ रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं माता-पिता जिम्मेदार हैं, क्योंकि हम संस्कार देने में चूक कर रहे हैं। बाल्यकाल में परंपरागत और मर्यादित परिधान धारण कराने से बच्चों के शरीर, मन और दृष्टि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यही आगे चलकर उनकी आदत बन जाती है। कथा में धुंधकारी की प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया गया कि क्रिया अच्छी होगी तो प्रतिक्रिया भी अच्छी ही मिलेगी। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा प्रेत आत्मा को भी परमात्मा बना सकती है। यह भगवान की कथा है, वेदों के फलों का रस है और कल्पवृक्ष का श्रेष्ठ फल श्रीमद्भागवत है। कथा पंडाल भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। इस मौके पर शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग हुआ। कथा मंडप विवाह स्थल बन गया।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु भावनात्मक कल्याण सत्र संपन्न



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के शासकीय हायर सेकण्डरी बोदरली में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु भावनात्मक कल्याण सत्र संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, ध्यान, आत्म-जागरूकता और सहानुभूति जैसे विषयों पर संवादात्मक सत्र लिए। प्राचार्य रविन्द्र चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों में भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य की समझ विकसित करने की आवश्यकता है। भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने की रणनीतियों में आत्म-जागरूकता का अभ्यास, तनाव से निपटने के कौशल विकसित करना, आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना, और सामाजिक संबंध विकसित करना शामिल है।

## आदित्य विद्या विहार हा.से. स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संम्पन्न




**खरगोन ।**प्रतिस्पर्धा के युग में तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल ही सफलता के आधार होते हैं । विद्यार्थियों को अध्ययन व्यक्तित्व के साथ-साथ प्रबंधन के गुर भी सीखना चाहिए और वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यार्थियों को व्यवहार के गुण सिखाने का पूर्ण अवसर देता है एवं उनके भीतर की प्रतिभा को उजागर करने का काम करता है। उक्त उद्बोधन पूलिस अधीक्षक रविन्द्रवर्मा ने व्यक्त किए। उद्घोष-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर व्यक्त किये।पद्मश्री पुरूस्कार सम्मानित जगदीश जोशिला ने कहा कि विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्र की सभ्यता और संस्कृति की झलक है।भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म, प्राचीन भारतीय मूल्यों, सकारात्मक जीवन शैली, व्यक्ति, प्रकृति और राष्ट्र धरोहर को सम्मान करते हुऐ आत्मदिव्यता और परस्पर देवोभव की भावना के साथ जीवन जीना सिखाती है। कार्यक्रम में शहर के सीए अनिल रघुवंषी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पहार से स्वागत किया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक सोमचंद पांडेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन

**मंडलेश्वर।** माध्यमिक विद्यालय छोटी खरगोन से सन 2003 में



सेवानिवृत्त हुए सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सोमचंद पांडेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शिक्षक भगवान पाण्डेय और शिक्षक स्वर्गीय प्रेमचंद पांडेय के पिता एवं प्रतीक अमन निखिल सार्थक के दादा श्री सोमचंद पांडे ने सोमवार 12 बजे बाद अंतिम सांस ली।उनकी शवयात्रा शाम 4 बजे प्रतीक निवास वार्ड 11 से निकली अंतिम संस्कार मुक्ति धाम मंडलेश्वर नर्मदा घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके पोते निखिल पांडेय ने दी।इस अवसर पर मुक्तिधाम में आयोजित श्रद्धांजली सभा में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।पार्षद कमलेश भार्गव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरि गाडगे दुर्गेश राजदीप दीपक चौबे एम एल महासे बाबूलाल सीटोले अनिल पांडेय दिनेश दवाड़े सुरेश खांडे कमल निगुर्डे सहित समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजली दी।

## इंदौर में आयोजित अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग वेस्ट जोन 2025-26 में एमपी की बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग वेस्ट जोन 2025-26 का आयोजन 25 से 28 दिसंबर 2025 तक इंदौर पब्लिक स्कूल, इंदौर में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन वाको इंडिया द्वारा किया गया, जिसे वाको मध्य प्रदेश एसोसिएशन के तत्वावधान में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

इस प्रतियोगिता में रेडिएंट मार्शल आट्र्स अकादमी, कुक्षी की तीन बालिकाओं ने मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ मुकाबले खेले और मध्य प्रदेश के लिए कुल दो पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया।

कोच युवराज बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लीग में स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक विजेता कुल चार खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए किया गया। इसमें रेडिएंट मार्शल आट्र्स अकादमी, कुक्षी की दो बालिकाओं का चयन हुआ। रिद्धि वर्मा ने रजत पदक जबकि बाग की पूजा प्रजापत ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

दोनों चयनित खिलाड़ी आगामी ऑल इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप चेन्नई में भाग लेंगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कोच युवराज बघेल, अकादमी के सदस्यों एवं खिलाड़ियों के परिवारजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## खेलो नेपानगर प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन

**नेपानगर।** नेपानगर में "खेलो नेपानगर" प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन श्रीराम गुरुकुल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा किए गए मलखंभ और रोप क्लाइंबिंग ने दर्शकों का खूब मन मोहा। समापन समारोह में ट्रस्ट के संस्थापक हृदयेश उपाध्याय, नेपा मिल के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे

## सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न

**खकनार।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार में आशीष पटेल वरिष्ठ व्याख्याता सह विकासखंड अधिकारी विकासखंड खकनार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे है जिसके उपलक्ष्य में 29 दिसम्बर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार में आदरणीय आशीष पटेल का सेवानिवृत्ति समारोह प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में व विशेष अतिथि सहायक आयुक्त महोदय भरत जाचपूरे रवींद्र महाजन सर व ठाकुर सर बीआरसी कृष्णा कुमार पाराशर व समस्त संकुल प्राचार्यो ,सभी जन शिक्षक बीएससी की उपस्थिति में संकुल परिवार खकनार द्वारा संपन्न करवाया गया।आपकी मेहनत और समर्पण ने आपको इस सुखद नए चरण में पहुँचाया है।

## आगामी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**टांडा(धार)।** टांडा पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नायब तहसीलदार सुरेशचन्द्र जमरे और थाना प्रभारी संजय रावत ने आगामी वसंत पंचमी और संक्रांति जैसे त्योहारों को शांति व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। बैठक में पतंगबाजी के दौरान नायलॉन धागे के इस्तेमाल का मुद्दा प्रमुखता से उठा। थाना प्रभारी रावत ने पुलिस के द्वारा दुकानों की जांच करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि नायलॉन धागा बेचने वाले और इसका इस्तेमाल करने वाले दोनों ही बराबर के दोषी माने जाएंगे और उन पर कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार जमरे ने सोशल मीडिया ग्रुप पर अफवाहों नही फैले इस हेतु चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आधारहीन पोस्ट, जो सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकती है, ग्रुप में नहीं आनी चाहिए। साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया ग्रुपों की लगातार निगरानी की जा रही है। बैठक में ग्राम पंचायत टांडा के जनप्रतिनिधि, पत्रकार व नेतागण उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में शुरू हुई वॉश ऑन व्हील सेवा

**आलीराजपुर।** जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत एवं संस्थाओं के शौचालयों की उपयोगिता को निरंतर रखे जाने एवं उनकी नियमित साफ-सफाई हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग म.प्र. द्वारा "स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा के अंतर्गत ग्रामीणजन मोबाइल एप के माध्यम से अपने घरेलू एवं संस्था प्रमुख संस्थागत शौचालयों की साफ-सफाई हेतु मांग कर सकते है। मांगकर्ता द्वारा की गई मांग को संबंधित ग्राम में संलग्न स्वच्छता साथी द्वारा पूर्ण किया जाता है तथा मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को नाम मात्र की फीस भुगतान किया जाता है. संस्थागत शौचालयों की स्थिति में यह फीस राशि मात्र 200 रुपए निर्धारित की गई है। विदित हो कि वॉश ऑन व्हील को मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 1 नवंबर 2025 को लोकार्पित कर इस समस्त प्रदेश में लागू किया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता के कार्यों में संलग्न स्वच्छता साथियों को रोजगार के अवसर प्रदाय किये जाने हेतु इस सेवा का क्रियान्वयन व्यापक स्तर पर किया गया ।

## म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ, जिला इकाई का निर्वाचन सम्पन्न

**बड़वानी।** दिनांक 28 दिसम्बर को म.प्र. राज्यप कर्मचारी संघ जिला इकाई का निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सफलतापूर्वक एवं निर्वाचन प्रक्रिया संघ के संविधान एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता से प्रदेश इकाई के कार्यकारिणी सदस्या एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती भारती मालवीय द्वारा जैन सीजन-4 सभाग्रह बड़वानी में जिला अध्यवक्ष, जिला सचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद हेतु सम्पपन्न कराई तथा म.प्र. राज्यअ कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्तष पूर्व पदाधिकारियों का शाल-श्रीफल से सम्मामन किया गया ।

संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एम.आय.जी. लवकुश आवास विहार सुखलिया इन्दौर में श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री शांतिलाल जैन को भवन क्रमांक ई-61/1 एम.आय.जी. आवंटित किया गया था। आवंटी श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री शांतिलाल जैन द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 02.11.2023 को श्रीमती रजनी सिसोदिया पति श्री सोनू सिसोदिया को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा मंडल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है जो कि विचाराधीन है।
उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर

संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एम.आय.जी. पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इन्दौर में श्री विजय राय पिता श्री एस.पी. राय एवं श्रीमती जोविटा राय पति श्री विजय राय को भवन क्रमांक सीएम-द्वितीय/88 एम.आय.जी. म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा हस्तांतरित किया गया था। आवंटी श्री विजय राय पिता श्री एस.पी. राय द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री दिनांक 08.05.2013 को श्रीमती आशा दुबे पति श्री मधुसूदन दुबे एवं श्री मधुसूदन दुबे पिता श्री ओमप्रकाश दुबे को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा अपने संयुक्त नाम से मंडल में नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है जो कि विचाराधीन है। यहां यह भी उल्लेख है कि मूल आवंटी को उनके निवास स्थान पर ढूंढा परन्तु उनका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है। वह अन्यत्र कहीं बाहर चले गये हैं।
उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर

संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एच.आय.जी. डुपलेक्स तक्षशिला राजेन्द्र नगर इन्दौर में श्री राम रतन जायसवाल पिता स्व. राजाराम जायसवाल को भवन क्रमांक एचए-7 एच.आय.जी. डुपलेक्स आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रामरतन जायसवाल पिता स्व. श्री राजाराम जायसवाल द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 19.12.2022 को श्री सुखदेव गेहलोत पिता श्री नारायणलाल गेहलोत को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा मंडल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है जो कि विचाराधीन है ।यहां यह भी उल्लेख है कि मूल आवंटी को उनके दिये पते पर ढूंढा परन्तु उनका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है। वह अन्यत्र कहीं बाहर चले गये हैं।
उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- विनोद पिता झटमलजी मलुकानी क्रेता- चंद्र मोहन पिता स्व. बालचंद विजयवर्गीय, रुपल पिता चंद्रमोहन विजयवर्गीय वार्ड क्रं. 29 पता-174-II-एफ स्कीम नं. 54 इन्दौर पिन-1000966890 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सुजना पति सुभाष रेड्डी क्रेता- सविता पति श्री विनय कुमार जैन वार्ड क्रं. 34 पता- 371 सेक्टर-बी स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन-1003133722 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-22
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- केवलसिंह सिसोदिया क्रेता- खान रानी पति समीर कुरेशी पता-207 ए.डी. डायमंड नरीमन इन्दौर पिन-1001011728 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-21
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री विशाल उपाध्याय पिता स्व.श्री सत्यनारायण वार्ड नं. 80 पता- 63 बी वैशाली नगर इन्दौर पिन-1001201078 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-21
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती आकांक्षा लाड पति श्री मोहित लाड वार्ड नं. 79 पता-240 सिल्वर स्टार सिटी निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001191068 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

खास न्यूज

## मामूली विवाद के बाद महिला ने गटका एसिड़

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रहने वाली पुष्पा पति राजेश महावर 38 साल को मंगलवार शाम गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। पुष्पा ने एसिड पिया था। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पति ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। शाम को घर आने पर उसने खाना बनाने के लिये कहा था, इसी बात पर विवाद हुआ और पुष्पा ने बाथरूम साफ करने के लिये रखा एसिड पी लिया। पुलिस के अनुसार महिला की हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज किये जायेगें।

## चाय दुकान की आड़ में कर रहे थे सट्टा खाईवाली

उज्जैन। चाय दुकान की आड़ में कुछ दिनों से 3 लोगों द्वारा सट्टा खाईवाली की जा रही थी। मंगलवार को तराना थाना पुलिस को खबर मिली तो कनासिया नाका पहुंचकर रमेश काका की चाय दुकान के पास दबिश मारी। जहां से सुरेश पिता भैरू लोधी 52 साल, रवि पिता मधुसुदन लोधी 30 साल निवासी मक्सी और जमुनालाल पिता औंकारलाल 52 साल निवासी ग्राम कनासिया को हिरासत में लिया। तीनों के पास से सट्टा अंक की पर्चियां और 6 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की। तीनों को थाने लाकर उनके खिलाफ धुत अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

## पुराने विवाद में वृद्ध महिला के साथ मारपीट

**उज्जैन।** काला पत्थर क्षेत्र में रहने वाली अंजु पति शिवलाल 55 साल अपने मायके अम्बेडकर नगर आई थी। शाम को वापस लौटते समय उसे रास्ते में मनीष और रमेश ने रोक लिया और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। वृद्धा के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। उसने बताया कि कुछ साल पहले भाई दुर्गेश रमेश की लड़की लेकर भाग गया था। उस दौरान विवाद की स्थिति बनी थी, लेकिन भाई लड़की लेकर वापस आ गया था और वह अपने माता-पिता के घर चली गई थी। मामला शांत भी हो गया था, लेकिन उसी बात को लेकर रमेश और उसके साथी ने रास्ता रोक मारपीट की है।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की 3 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** ग्राम जवासिया सोलंकी में श्यामसिंह के यहां खेत पर हाली का काम करने वाले सोहन पिता हीरालाल मालवीय 44 साल ने 26 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार-मंगलवार रात सोहन की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि सोहन 4 बच्चों का पिता था और कानड़ के ग्राम पिपलिया का रहने वाला था। उसने पहली पत्नी प्रमिला को छोड़ भारती नामक महिला से दूसरी शादी कर ली थी और उसी के साथ ग्राम जवासिया सोलंकी आकर हाली का काम करने लगा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी राघवी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

## यात्री बस ने कार को मारी टक्कर, चालक घायल




**उज्जैन।** इंदौररोड ग्राम रामवासा में बीती शाम तेजगति से दौड़ती इंदौर-उज्जैन के बीच चलने वाली यात्री बस ने कार को टक्कर मार दी। कार में भानुप्रताप पिता संजय चौधरी निवासी ग्राम सिमरोड सांवेर परिवार के साथ सवार था। दुर्घटना में भानुप्रताप और उसके परिवार को चोंट आई। टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर मौके से रवाना हो गया था। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा कार चालक की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

### शाम 5 बजे बाद चरक अस्पताल पुलिस चौकी पर दिखता है ताला

# पुलिसकर्मियों की कमी, बंद करना पड़ रही चौकी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभाग के सबसे बड़े 6 मंजिला अस्पताल चरक में बनी पुलिस चौकी पर शाम 5 बजे ताला दिखाई देने लगाता है। पुलिसकर्मियों की कमी के चलते चौकी को बंद करना पड़ रहा है। 3 माह से चौकी के ऐसे हालत बने हुए है।

सालभर पहले जिला अस्पताल को चरक भवन में शिफ्ट किया गया था। जिसके बाद यहां पुलिस चौकी बनाई गई थी, ताकि अस्पताल में होने वाले वाद-विवाद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से घटना-दुर्घटना में आने वाले घायलों और मृतकों के मामलों में तत्काल पुलिस मदद मिल सके। लेकिन 3 माह पहले एएसआई नारायणसिंह पाल के सेवानिवृत्त होते ही चौकी शाम ढलने के बाद वीरान हो रही है। चौकी पर पहले एएसआई स्तर के अधिकारी के साथ प्रधान आरक्षक और आरक्षक की तैनाती थी। अब सिर्फ प्रधान आरक्षक ही चौकी पर तैनात है, जो 8 से 10 घंटे की ड्युटी कर रहा है। वह भी शाम को 5 बजे बाद लौट जाता है। जिसके चलते चौकी पर ताला लगाना पड़ रहा है। शाम के बाद सुबह तक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले घायलों और मृतकों की सूचना अब अस्पताल स्टॉफ को कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई जा रही है। पहले चौकी पुलिस तत्काल इमरजेंसी कक्ष में पहुंच घायलों, मृतकों की जानकारी लेकर उनके बयान दर्ज करने के साथ मर्ग कायम कर लेती थी। अब घायलों के बयान दर्ज करने के लिये कोतवाली थाना पुलिस को अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। मृतकों के मामले में चौकी पर पदस्थ प्रधान आरक्षक के सुबह आने पर ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो पा रही है। जिसमें समय लगने पर मृतकों के परिजनों को दोपहर तक का इंतजार करना पड़ा रहा है। पूर्व में रात को ही पीएम दस्तावेज तैयार होने पर सुबह जल्द पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करा ली जाती थी। बताया जा रहा है कि चौकी पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन 3 माह बाद भी किसी की तैनाती नहीं हो पाई है।

### डीआरपी लाइन में मौजूद कई पुलिसकर्मी



बताया जा रहा है कि डीआरपी लाइन में टीआई, एसआई, एएसआई से लेकर प्रधान आरक्षक, आरक्षक तक मौजूद है। बावजूद अस्पताल चौकी पर अब तक किसी की तैनाती नहीं हो सकती है। चौकी कोतवाली थाना अंतर्गत आती है। जिसके चलते यहां एसआई, एएसआई स्तर के साथ प्रधान आरक्षक या आरक्षक की तैनाती हो सकती है। रात में चौकी खुली होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले घायलों, मृतकों के परिजनों को बयान दर्ज कराने और दस्तावेजी कार्रवाई करने में सुविधा मिल सकती है, वहीं अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता बनी रह सकती है।

### रात को परिसर में आते असामाजिक तत्व

चरक भवन में अंधेरा डालने के बाद असामाजिक तत्वों की मौजूदगी भी दिखाई देने लगती है। पूर्व में रात को खुली रहने वाली चौकी पर पदस्थ पुलिसकर्मी परिसर में भ्रमण भी करते रहते थे। जिसके चलते असामाजिक तत्वों में खौफ बना रहता था। लेकिन अब रात में असामाजिक तत्व बैखोफ दिखाई दे रहे है। विदित हो कि जिला अस्पताल के चरक में शिफ्ट होने के बाद चौकी की जगह के लिये मशक्कत भी की गई थी। जगह मिलने पर कक्ष का निर्माण कार्य भी कराया गया था। लेकिन अब शाम के बाद वीरानी छाई रहती है।

# शराब के नशे में मिले वाहनों पर सवार 4 चालक

### जिले में पुलिस अलर्टः बड़नगर पुलिस ने कार और 3 बाइक की जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




साल 2025 की बिदाई और वर्ष 2026 के आगाज से पहले पुलिस पूरे जिले में अलर्ट दिखाई दे रही है। कानून व्यवस्था और हुडदंगियों पर नजर रखने के लिये चैकिंग-सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बड़नगर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालकों को पकड़ा और उनके वाहन जप्त कर लिये।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा के निर्देशन में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये नववर्ष से पहले विशेष चैकिंग अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को कस्बे में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चैकिंग की गई। इस दौरान नशे की हालत में बाइक चलाते सुरेश पिता नंदू गामड 35 साल निवासी आमला रोड बडनगर, राकेश पिता राधेश्याम चौधरी 35 साल निवासी आमला और दिलीप पिता नंदी डामर 23 साल निवासी ग्रम खेडी थाना बदनावर जिला धार मिले। तीनों की बाइक जप्त की गई। वहीं हेमन्त पिता प्रमोद मेहरा24 साल निवासी कोर्ट चौराहा बडनगर शराब के नशे में वेन्यू कार चला रहा था। उसे भी पकड़ा गया और कार जप्त कर चारों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 में कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी के अनुसार आगामी दिनों में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था के साथ शांति व्यवस्था को बनाये रखा जा सके।


### शहर में कप्तान खुद मैदान में आये

कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा खुद मंगलवार शाम मैदान में आ गये। उन्होने माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे, थाना प्रभारी राकेश भारती और पुलिस टीम के साथ फ्रीगंज क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों के दिखाई देने पर तलाशी अभियान भी चलाया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चैकिंग गई।

**देवासगेट क्षेत्र में सर्चिंग अभियान-** शाम 7.30 बजे बाद देवासगेट थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा सर्चिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र में बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों, बदमाशों, नशा कर वाहन चलाने वालों के साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को चैक किया गया। नववर्ष की पूर्व संध्या और नववर्ष के आगाज को लेकर पुलिस पूरी तरह से सर्तक दिखाई दे रही है।


## हवा की गति बढ़ते ही 1 डिग्री गिरा तापमान

**उज्जैन।** ठंड के बीच गुजर रहे दिसंबर माह में मंगलवार को एक बार फिर हवा की गति में तेजी आई और अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आ गई। शाम को भी सर्द हवा महसूस हो रही थी। स्थानीय जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज हुआ है। हवा जो पिछले कुछ दिनों से 2 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी वह 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार की हो गई है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में शीत लहर महसूस हो सकती है। इस बीच रात का तापमान कई दिनों से 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। इस बार जनवरी माह भी ठंड के बीच गुजरेगा।



## चामुंडा माता चौराहा पर देवास के युवक को मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चामुंडा माता चौराहा पर मंगलवार दोपहर देवास के युवक पर चाकू से बदमाश ने हमला कर दिया। बदमाश रूपयों की मांग कर रहा था। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश कर रही है।

देवास के अम्बेडकर नगर में रहने वाला धर्मेन्द्र पिता नारायण सिसौदिया 30 साल दोस्त जितेन्द्र के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। दोनों दोपहर में चामुंडा माता चौराहा पर मंदिर के समीप दुकान पर पाऊच लेने पहुंचे। उसी दौरान 2 बदमाश आये और धर्मेन्द्र से रूपयों की मांग करने लगे। मना करने पर एक बदमाश ने जेब से चाकू निकाला और पेट में घोंप दिया। दोस्त जितेन्द्र ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उस पर भी वार करने का प्रयास किया गया। दोनों बदमाश चाकू मारने के बाद भाग निकले। जितेन्द्र घायल हो चुके दोस्त धर्मेन्द्र को चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने चाकू का घाव गहरा होने पर टांके लगाकर उपचार करते हुए भर्ती किया। देर शाम परिजनों के आने पर धर्मेन्द्र को उपचार के लिये देवास ले जाया गया है। चाकूबाजी की सूचना मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल के बयान दर्ज मामला दर्ज किया गया है। जितेन्द्र ने बताया कि चाकू मारने वाला राजू वाल्मिकी और उसका साथी बारिक है। राजू पूर्व में देवास का रहने वाला था। वर्तमान में कोढ़िया बस्ती उज्जैन में निवास कर रहा है। देवास में उसके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है।


**पश्चिम रेलवे**

**इंजीनियरिंग विभाग : ई-टेंडरिंग सूचना**

संख्या : W/623/5/1/NIT, दिनांक : 24.12.2025, मंडल रेल प्रबंधक/ मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या :** 1, **ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-138, **कार्य का नाम :** Nagda - Maksi, Maksi - Dewas and Indore - Dewas - Ujjain Section - Annual repair and Maintenance of bridges in ADEN (West) Ujjain Section. (For Two Year), **अनुमानित लागत :** ₹ 1,79,08,000.00, **बयाना राशि :** ₹ 2,39,600.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 22.01.2026. **क्र. संख्या :** 2, **ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-159, **कार्य का नाम :** Maksi - Bhopal Section of Ratlam Division - Replacement of dillapidated type II quarters at Pingleshwar - 4Nos., Bakanian Bhaunri-4Nos., Phanda-2Nos. including with electrical work (Total - 10 No.), **अनुमानित लागत :** ₹ 2,29,11,347.52, **बयाना राशि :** ₹ 2,64,600.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 22.01.2026.विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ADM/5/1/383

Follow us on: twitter.com/WesternRly



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री विक्रमसिंह भदौरिया पिता श्री राजेन्द्रसिंह भदौरिया, निवासी-बी-7/1 श्री महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-11/1 जो भवन क्रमांक-11 का पश्चिम दिशा वाला भाग होकर ₹विद्यापति नगर₹ नानाखेडा सांवेर रोड, उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन तीन मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। भवन की पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-15.00 मीटर, चौड़ाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-5.60 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-84.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में भवन क्रमांक-11/2, पश्चिम दिशा में-भवन क्रमांक-12, उत्तर दिशा में रास्ता कॉलोनी का एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 4 अन्य का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है. शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-30.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. नं.-94259-46659**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारणा को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती विभा श्रीवास्तव पत्ति श्री संजय श्रीवास्तव निवासी ई 3/212 अरेरा कालोनी 10 नम्बर बस स्टेड के पास भोपाल मप्र के द्वारा श्री प्रबुद्ध मोहन कौशल पिता श्री चंद्र मोहन कौशल निवासी आई डी ए बगीचा के सामने 1269 स्कीम नम्बर-114 फस्ट, इन्दौर मप्र के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 70 विनय नगर हामु खेड़ी देवास रोड उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्ग मीटर है जिसकी चतुसीर्मा पूर्व मे भूखण्ड क्र. 71 पश्चिम में भूखण्ड क्र. 69, उत्तर मे रास्ता कालोनी का, दक्षिण में भूखंड क. 89 है को क्रय करने हेतु दिनांक 03-09-2025 को भूखंड विक्रय अनुवन्ध निष्पादित किया जाकर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रम या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा अनुबंधित भूखंड क्रमांक 70 पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अर्ध शासकीय संस्थान का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार से कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सुचना प्रकाशन के (साल) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति (भूखंड) का विक्रय पत्र मेरी पक्षकारा के हित में पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपति मेरी पक्षकारा के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सुचित हो. दिनांक-30/12/2025

**सत्यनारायण व्यास, एडवोकेट**
**39/1, कमलानेहरू मार्ग,**
**सनशाईन प्लाजा प्रथमतल, उज्जैन**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारणा को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती विभा श्रीवास्तव पत्ति श्री संजय श्रीवास्तव निवासी ई3/212 अरेरा कालोनी 10 नम्बर बस स्टेड के पास भोपाल मप्र के द्वारा श्री प्रबुद्ध मोहन कौशल पिता श्री चंद्र मोहन कौशल निवासी आई डी ए बगीचा के सामने 1269 स्कीम नम्बर-114 फस्ट, इन्दौर मप्र के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 70 विनय नगर हामु खेड़ी देवास रोड उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्ग मीटर है जिसकी चतुसीर्मा पूर्व मे भूखण्ड क्र. 71 पश्चिम में भूखण्ड क्र. 69, उत्तर मे रास्ता कालोनी का, दक्षिण में भूखंड क. 89 है को क्रय करने हेतु दिनांक 03-09-2025 को भूखंड विक्रय अनुवन्ध निष्पादित किया जाकर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रम या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा अनुबंधित भूखंड क्रमांक 70 पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अर्ध शासकीय संस्थान का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार से कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सुचना प्रकाशन के (साल) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति (भूखंड) का विक्रय पत्र मेरी पक्षकारा के हित में पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपति मेरी पक्षकारा के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सुचित हो। दिनांक-30/12/2025

**सत्यनारायण व्यास, एडवोकेट**
**39/1, कमलानेहरू मार्ग, सनशाईन प्लाजा प्रथमतल, उज्जैन**


# गुरूग्राम से लापता युवती उज्जैन में युवक के साथ मिली

### हरियाण पुलिस ने मारी दबिश, होम स्टे संचालक पर केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरूग्राम से लापता हुई कॉलेज छात्रा 10 दिन बाद उज्जैन में युवक के साथ मिली, दोनों होम स्टे में ठहरे थे। हरियाणा पुलिस ने उज्जैन पुलिस के साथ युवती को दस्तयाब किया और युवक को हिरासत में लिया। होम स्टे संचालक ने दोनों के ठहरने की सूचना पुलिस को नहीं दी थी, जिसके चलते उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मंगलवार को हरियाणा गुरूग्राम स्थित सिविल लाइन पुलिस थाना की तीन सदस्यीय टीम उज्जैन पहुंची थी। देवासगेट थाने पर एसआई ओमप्रकाश ने जानकारी देकर बताया कि 10 दिनों से लापता कॉलेज छात्रा की लोकेशन थाना क्षेत्र में मिली है। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने लोकेशन को ट्रेस किया तो मालीपुरा स्थित जय श्री महाकाल होम स्टे की सामने आई। जहां हरियाण पुलिस टीम के साथ दबिश दी गई। गुरूग्राम से लापता युवती हरियाणा के ग्राम हटावली रेवाड़ी के रहने वाले युवक राकेश कुमार के साथ मिल गई। युवती को दस्तयाब कर उसके साथ आये युवक को हिरासत में लिया गया। लापता युवती के मिलने पर दोनों को हरियाणा ले जाया गया है। युवती 28 साल की थी और उसके साथ मिला युवक 35 साल का था। बताया जा रहा है कि दोनों की पहचान वाट्सएप के माध्यम से हुई थी। जिसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया था और घर से भाग निकले थे। दोनों 10 दिनों से उज्जैन में रह रहे थे।

### बिना सूचना दोनों को दिया था रूम

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि हरियाणा की लापता युवती जिस होम स्टे में युवक के साथ ठहरी थी उसके संचालक ने पुलिस को दोनों के ठहरने की सूचना नहीं दी थी। होम स्टे संचालक आनंदीलाल साहू द्वारा बिना अनुमति के होम स्टे भी संचालित किया जा रहा था। जब दबिश दी गई तो उसने युवक-युवती के रूकने की बात पर भी गुमराह किया। जिसके चलते उसके खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# बंधनों से मुक्ति



क्या मनुष्य जीते जी मृत्यु को जान सकता है? दुर्घटना, व्याधि और वृद्धावस्था के कारण मृत्यु आती है, परंतु इन परिस्थितियों में पूर्णतः चेतन रहना संभव नहीं होता। पीड़ा, आशा या हताशा, अलगाव का भय रहता है और मन (अहं) चेतन या अचेतन रूप से मृत्यु (अपरिहार्य) के विरुद्ध लड़ रहा होता है। मृत्यु का प्रतिरोध करते-करते ही हमारा अंत होता है। तो क्या बिना किसी प्रतिरोध के, बिना रुग्णता के अधीन हुए, बिना परपीड़न या आत्महत्या की चाह के, पूरी तरह जीवंत और मानसिक रूप से ऊर्जस्वी रहते हुए मृत्यु के गृह में प्रवेश करना संभव है? ऐसा तभी संभव होता है, जब मन ज्ञात के, अहं के प्रति मर जाता है, इसलिए हमारी समस्या मृत्यु नहीं, बल्कि शताब्दियों से एकत्र मनोवैज्ञानिक अनुभव, स्मृति और अहं को सुदृढ़ व परिष्कृत करने की प्रक्रिया से मन का स्वयं को मुक्त करना है। सबसे अहम सवाल यही है कि मन स्वयं को अपने ही बंधनों से कैसे मुक्त कर सकता है? मुझे लगता है या तो इसके लिए कोई बाहरी माध्यम जरूरी है या फिर मन के ही उच्चतर व श्रेष्ठतर अंश को इसे अतीत से स्वच्छ करने के लिए हस्तक्षेप करना होगा। यह काफी जटिल प्रश्न है। है न? यह बाह्य माध्यम वातावरण का प्रभाव हो सकता है अथवा यह कुछ ऐसा हो सकता है, जो मन की सीमाओं से परे हो। यदि यह बाह्य माध्यम वातावरण का प्रभाव है, तो इसी प्रभाव ने- अपनी परंपराओं, विश्वासों और संस्कृतियों सहित- मन को बंधन में जकड़ा हुआ है। यदि यह बाह्य माध्यम मन के परे कुछ है, तो विचार किसी भी रूप में उसे स्पर्श नहीं कर सकता। विचार समय का परिणाम है; वह अतीत से आबद्ध है, वह उससे कभी मुक्त नहीं हो सकता। यदि विचार स्वयं को अतीत से मुक्त कर ले, तो वह विचार नहीं रह जाता। मन से परे क्या है, उसके विषय में अनुमान लगाना बिल्कुल व्यर्थ है। विचार से परे जो है, उसके हस्तक्षेप के लिए विचार का खत्म होना आवश्यक है। मन को किसी भी हलचल के बगैर होना होगा। इसे स्थिर होना होगा, एक ऐसी स्थिरता के साथ, जिसका कोई प्रयोजन नहीं है। मन उसे आमंत्रित नहीं कर सकता। मन अपने क्षेत्र की गतिविधियों को श्रेष्ठ और अधम रूप में विभाजित कर सकता है, और करता भी है, परंतु ऐसे सारे विभाजन और उप-विभाजन मन की अपनी सीमाओं के अंतर्गत होते हैं; अतः मन की कोई भी हलचल अतीत की, अहं की, समय की प्रतिक्रिया है। यह सत्य ही एकमात्र मुक्तिदायक तत्व है और जो इस सत्य का प्रत्यक्ष बोध नहीं करता, वह चाहे जो कर ले, बंधन में रहेगा; उसकी तपस्याओं, अनुशासनों, त्याग-बलिदानों का समाजशास्त्रीय व विश्रामपद महत्व होगा, परंतु सत्य के संदर्भ में उनका कोई मूल्य नहीं है।

## सम्पादकीय

# अरावली विमर्श

अरावली की रक्षा के लिए होने वाला हर प्रयास स्वागतयोग्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली की रक्षा के लिए अपने ही पूर्व के फैसले पर रोक लगाकर बहुत सकारात्मक माहौल बना दिया है। दरअसल, 20 नवंबर को न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार, अरावली पर्वतमाला की परिभाषा को सीमित करके देखा जा रहा था। अब न्यायालय ने एक नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में कदम बढ़ाकर उचित फैसला लिया है। इस पूरे क्षेत्र में खनन संबंधी नियमों को दुरुस्त करने की जरूरत है। यदि नियमों में ढिलाई हुई, तो फिर अरावली की रक्षा नहीं हो सकेगी। सर्वोच्च न्यायालय को अरावली संबंधी नियमों के पुनर्विचार पर पूरी दृष्टि रखनी पड़ेगी। यह एक ऐसा व्यापक विषय है, जिसे सामान्य ढंग से बरतने के बड़े नुकसान हैं। जाहिर है, न्यायालय के सामने जो तथ्य रखे जाते हैं, उन्हीं के आधार पर न्यायमूर्ति निर्णय सुनाते हैं। अरावली ऐसा विषय है, जिसमें कदम-कदम पर तथ्यों की पड़ताल जरूरी है। ऐसे में, यह बहुत सराहनीय है कि अरावली की उपेक्षा संबंधी शिकायतों का सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया।

बहरहाल, भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की पीठ का रुख स्पष्ट है। अब न्यायालय संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की सहायता से तमाम पहलुओं की विस्तृत जांच करेगा। एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन होगा। यहां निष्पक्ष, तटस्थ और स्वतंत्र राय की आवश्यकता है। लक्ष्य केवल एक ही है और होना चाहिए कि किसी भी तरह से अरावली पर्वतमाला के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद संबंधित सरकारी विभागों को बेहद सचेत भाव से चलना होगा। अरावली का मानचित्रण और सीमांकन जैसे काम अब न्यायालय की निगाह में आ जाएंगे। संभव है, इससे अरावली संबंधी नए तथ्य सामने आएं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अरावली को निरंतर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कई जगह इसके पहाड़ों को काटा-छांटा गया है। यह ध्यान देने की बात है कि एक पहाड़ अगर जमीन से ऊपर होता है, तो उसका फैलाव जमीन के अंदर भी होता है। किसी पहाड़ को जब काटा जाता है, तब उसकी नींव भी खोद दी जाती है। ऐसा अरावली की पहाड़ियों के साथ अनेक जगहों पर हुआ है, अतः खनन की स्वतंत्र पड़ताल आवश्यक है। उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली संबंधी जो नियम-कायदे अब सर्वोच्च न्यायालय के नेतृत्व में बनेंगे, उनकी पालना सुनिश्चित होगी।

### आंतरिक सुक्षा की दिशा में ठोस कदम

# नक्सली आतंक से पूर्ण मुक्ति की ओर लाल गलियारा

नक्सली अभियान के विरुद्ध ओडिशा में एक नई सफलता मिली है।कंधमाल जिले में चली एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को मार गिराया। इनमें 1.20 करोड़ रुपए के इनामी ओडिशा राज्य समिति के प्रभारी 69 वर्षीय गणेश उइके और दो महिलाएं भी शामिल हैं।इससे पता चलता है कि समूचे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में महिलाएं भी सशक्त भूमिका निभा रहीं हैं।गणेश के मारे जाने के बाद अब ओडिशा नक्सल मुक्त होने की दिशा में तेजी से बढ़ेगा।इसके पहले बसव राजू और हिड़मा समेत नक्सली केंद्रीय समिति के एक दर्जन से अधिक शीर्ष माओवादी मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं।इन नेतृत्व कर्ताओं की मृत्यु के बाद संगठनों का वर्चस्व खात्मे की ओर है। अतएव हम कह सकते हैं कि गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवाद के समूल नाश का जो वचन दिया है, वह पूरा होगा।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इसिलए जब मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम ने नक्सलवाद के खिलाफ ऑपरेशन ग्रीनहंट चलाया था,तब उसका पुरजोर विरोध कांग्रेस समेत सभी सहयोगियों दलों ने किया,फलतः ऑपरेशन तो किसी नतीजे पर पहुंचे बिना ही दम तोड़ता चला गया,परंतु नक्सली संगठन के स्तर पर मजबूत और सुरक्षा बलों के लिए घातक होते चले गए।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार ने सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी है, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्र में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात कर चुकी है। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-2014 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वे आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना कठिन होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं।

# जनता की याददाश्त पर लगा ताला

गोविंदराम जनता थे। पूरे, प्रामाणिक, पंजीकृत जनता। वे हर चुनाव में जागते थे और नतीजों के साथ सो जाते थे। उनकी स्मृति मौसमी थी-बरसात की तरह आती, बाढ़ की तरह बहती और फिर सूख जाती। नेता इसे लोकतांत्रिक समझ कहते थे।

हर बार कोई घोटाला होता, गोविंदराम नाराज हो जाते। कहते-

अबकी बार सबक सिखाएँगे।

यह वाक्य उन्होंने पिछली बार भी कहा था, और उससे पिछली बार भी। वाक्य पुराना था, नाराजगी नई लगती थी।

एक दिन शहर में बड़ा खुलासा हुआ। सबूत थे, बयान थे, आँकड़े थे। गोविंदराम ने अखबार फेंका और बोले-

बहुत गड़बड़ है।

फिर चाय बनाई।

गड़बड़ वहीं रह गई।

नेता टीवी पर आए। बोले-

जाँच होगी।

गोविंदराम को राहत मिली।

जाँच शब्द उनकी स्मृति के लिए नींद की गोली था।

कुछ दिन बाद नया मुद्दा आ गया।

पुराना मुद्दा पिछला पन्ना बन गया।

पन्ने फटे नहीं-बस पलटे गए।

एक कार्यकर्ता गोविंदराम के पास आया। बोला-

आप भूल गए?

गोविंदराम बोले-

भूलना मजबूरी है, याद रखना थकान।

चुनाव आए। मंच सजा। वही चेहरे, वही वादे-थोड़े नए शब्दों में। गोविंदराम बोले-

इस बार चेहरा बदला हुआ लग रहा है।

असल में सिर्फ.पोस्टर बदला था।

वोट डालते समय उन्हें कुछ याद आया-

घोटाला, बयान, गुस्सा।

फिर उन्होंने उँगली देखी-

स्याही चमक रही थी।

याददाश्त फीकी पड़ गई।

शाम को परिणाम आए।

गोविंदराम बोले-

देखो, लोकतंत्र ज़िंदा है।

लोकतंत्र ने करवट बदली-

और फिर सो गया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31 दिसंबर 2025 बुधवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 17:48
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 13:30 तक
तिथि- द्वादशी 25:48 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र- कृतिका 25:30 उपरांत रोहिणी
योग - साध्य 21:13 उपरांत शुभ
करण - बव
चन्द्रमा - मेष में है। 09:23 पर वृषभ में प्रवेश करेंगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 10 तारिख

**मेष-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा।

**वृषभ-** कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें।

**मिथुन-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे।

**कर्क-** लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे।

**सिंह-** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

**तुला-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी।

**धनु-** दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मकर-** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ-** वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

**मीन-** अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

## समसामयिक

# देश के ग्रामीण विकास को गति देगा बीवी जी राम जी

केंद्र हो या राज्य सरकार, उनकी कोई भी योजना तभी वास्तविक धरातल पर सफल मानी जाती है जब उसका पूरा लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुँच सके । हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलते हुए उसमें कुछ बदलाव किए गए हैं और इसे विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात बीवीजी रामजी नाम दिया गया है । इस योजना की तहत यह बताया जा रहा है कि इस नई योजना में बड़े बदलाव करते हुए इसे केवल रोजगार तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया है । ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के लिए जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए बीवीजी रामजी योजना के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे जैसे सड़कें, सार्वजनिक भवन, स्कूल, स्वच्छता और ग्रामीण ऊर्जा से जुड़े कार्यों को भी शामिल किया गया है । इसके साथ ही अब राज्य सरकारों को भी इस योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत खर्च वहन करना होगा।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

इस नयी योजना में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उद्देश्य से अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही गई है, साथ ही मजदूरी भुगतान की भी समय-सीमा भी निर्धारित की गई है । इस नई योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को कई विशेष अधिकार दिए गए हैं, जिनमें ग्राम स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का चयन, कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल है । कुल मिलाकर, इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास और रोजगारोन्मुख कार्यों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे गांवों में ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन में भी कमी आने की संभावना है।

बहरहाल , यदि महात्मा गांधी का नाम यथावत रखते हुए योजना का नाम बदला जाता, तो संभवतः विपक्ष के पास विरोध करने जैसा कुछ शेष नहीं रहता । इसे देश की विडंबना या दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को भी भ्रष्टाचारियों ने नहीं छोड़ा । कई ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ लोगों को काम मिलना था, वहाँ मशीनों से कार्य कराकर औपचारिकता पूरी कर दी गई । जिस प्रकार पश्चिम बंगाल के डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में मनरेगा के कार्य केवल कागजों पर होना पाया गया, उसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों के कुछ जिलों में भी ऐसी अनियमितताओं की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हे। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि कुछ स्थानों पर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी या लापरवाही के कारण रसूखदारों की मनमर्जी चली जिससे पात्र लोग की जगह अपनों को ज्यादा लाभ हुआ ।

सवाल यह है कि सिर्फ नाम बदल देने से क्या यह गारंटी मिल जाएगी कि नई योजना भी स्वार्थी तत्वों का शिकार नहीं बनेगी ? केंद्र सरकार का दावा है कि इस योजना की कड़ी निगरानी अत्याधुनिक हाई-टेक और एआई आधारित प्रणाली से की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके । उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार की यह नई पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पात्र और रोजगार की तलाश कर रहे लोगों तक ईमानदारी से पहुंचे, तभी महात्मा गांधी के सपनों का भारत साकार हो सकेगा।

# आर्कटिक अलार्म : बढ़ती गर्मी, पिघलता भविष्य

आर्कटिक क्षेत्र, जिसे कभी पृथ्वी का प्राकृतिक रेफ्रिजरेटर कहा जाता था, आज जलवायु परिवर्तन की सबसे तीव्र और स्पष्ट चेतावनी बनकर उभर रहा है। अमेरिकी नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) की आर्कटिक रिपोर्ट कार्ड 2025 के अनुसार, अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 तक का जल वर्ष 1900 के बाद सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया। इस अवधि में सतही वायु तापमान 1991-2020 के औसत से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। शरद ऋतु 2024 अब तक की सबसे गर्म रही, जबकि सर्दी 2025 दूसरी सबसे गर्म। यह स्थिति आर्कटिक एम्प्लीफिकेशन की पुष्टि करती है, जिसमें यह क्षेत्र 2006 से वैश्विक औसत से दो गुना से अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। यह केवल तापमान वृद्धि नहीं, बल्कि पूरे आर्कटिक पारिस्थितिकी तंत्र के गहरे और स्थायी बदलाव का संकेत है, जिसका असर पूरी दुनिया के मौसम तंत्र पर पड़ रहा है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

इस रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव आर्कटिक की समुद्री बर्फ पर दिखाई दे रहा है। मार्च 2025 ने समुद्री बर्फ के अधिकतम विस्तार का ऐतिहासिक निचला रिकॉर्ड बनाया, और सितंबर का न्यूनतम स्तर भी अब तक के दस सबसे कम स्तरों में शामिल रहा। 1980 के दशक की तुलना में पुरानी और मोटी बहुवर्षीय बर्फ लगभग 95 प्रतिशत तक घट चुकी है। बर्फ के पिघलने से अल्बेडो प्रभाव कमजोर हो रहा है, क्योंकि सफेद सतह की जगह गहरा समुद्र सूर्य की अधिक ऊष्मा सोख लेता है। इसके कारण समुद्री सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ रहा है, विशेषकर उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में। ग्रीनलैंड आइस शीट ने अकेले 2025 में लगभग 129 अरब टन बर्फ खोई, जो समुद्र स्तर वृद्धि को तेज कर रही है और आर्कटिक को कम-बर्फ वाले नए युग की ओर धकेल रही है।

परमाफ्रॉस्ट का पिघलना इस गर्मी का सबसे खतरनाक और दीर्घकालिक परिणाम बनता जा रहा है। 2024 में उत्तरी अमेरिका और स्वालबार्ड जैसे क्षेत्रों में परमाफ्रॉस्ट का तापमान अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके पिघलने से जमीन में दबे खनिज और धातुएं नदियों में घुलने लगी हैं, जिसके कारण अलास्का की 200 से अधिक नदियां नारंगी रंग की दिखाई देने लगी हैं। इन्हें रस्टिंग रिवर्स कहा जा रहा है। ये नदियां अधिक अम्लीय और विषैली होती जा रही हैं, जिससे पेयजल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं और मछलियों का जीवन संकट में है। यह परिवर्तन जल गुणवत्ता और पारिस्थितिकी को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय है।

आर्कटिक की टुंड्रा का हरा होना पहली नजर में सकारात्मक लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह एक गहरे संकट का संकेत है। वर्ष 2025 में टुंड्रा की हरियाली 26 वर्षों के सैटेलाइट रिकॉर्ड में तीसरे सबसे ऊंचे स्तर पर रही और पिछले छह वर्षों से लगातार रिकॉर्ड या उसके करीब बनी हुई है। लंबे और गर्म बढ़ते मौसम के कारण झाड़ियां और छोटे पेड़ तेजी से फैल रहे हैं, जिसे बोरियलाइजेशन कहा जाता है। इसके परिणामस्वरूप पारंपरिक आर्कटिक वनस्पतियां और जीव पीछे हट रहे हैं। ध्रुवीय भालू, सील और अन्य बर्फ-निर्भर प्रजातियों का आवास लगातार सिकुड़ रहा है। यह परिवर्तन पारिस्थितिक संतुलन को तोड़ रहा है और स्वदेशी समुदायों की जीवनशैली को गहरे संकट में डाल रहा है।

## धर्म-आस्था

# परमधाम क्या है? शास्त्रों के अनुसार परमधाम कैसे प्राप्त करें?

हिन्दू धर्म में परमधाम का अर्थ ऐसा स्थान होता है, जहां आत्मा को ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है। शास्त्रों में परमधाम के बारे में और भी कई दिलचस्प बातें कही गयी हैं। तो, चलिए जानते हैं कि परमधाम है क्या और किसी भी आत्मा को परमधाम कैसे प्राप्त होता है। परमधाम के नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह सभी धामों में सर्वोच्च है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण परमधाम के बारे में बतलाते हुए कहते हैं - न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः। यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।। इसका अर्थ है कि परमधाम वह धाम हैं, जो न सूर्य से प्रकाशित होता है, न चन्द्रमा से और न अग्नि से। वहाँ पहुँचने के बाद जीव संसार में वापस नहीं आता। शास्त्रों में भी कहा गया है कि परमधाम, भगवान का सर्वोच्च धाम है, जिसे मोक्ष, सद्गति या आत्मा और परमात्मा का मिलन भी कहा जाता है। इसे प्राप्त करने के बाद जीव पुनः संसार में जन्म नहीं लेता। इसे वैष्णव परंपरा में गोलोक धाम और शैव परंपरा में कैवल्य पद कहा गया है।



### परमधाम क्या है?

विभिन्न दर्शनों में परमधाम का भाव थोड़ा अलग-अलग रूप में मिलता है। कुछ मतों के अनुसार, परमधाम कोई मृत्यु के बाद मिलने वाला स्थान मात्र नहीं है, बल्कि जीवन में ही प्राप्त होने वाली परम शांति और ईश्वर-साक्षात्कार की अवस्था है। परमधाम का अर्थ मोक्ष, ब्रह्मलोक, वैकुंठ, गोलोक या शिवधाम से लगाया जाता है। यह वह अवस्था है जहाँ आत्मा कर्मबंधन से मुक्त होकर परमात्मा में लीन हो जाती है। उपनिषदों के अनुसार, ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति। अर्थात जो ब्रह्म को जान लेता है, वही ब्रह्म स्वरूप हो जाता है। यही परमधाम की प्राप्ति है। भक्ति परंपरा में परमधाम वह दिव्य लोक है, जहाँ भगवान का नित्य सेवा और सान्निध्य प्राप्त होता है। अध्यात्म के अनुसार, परमधाम कोई भौतिक स्थान नहीं, बल्कि चेतना की सर्वोच्च अवस्था है। इसकी प्राप्ति भक्ति, ज्ञान, निष्काम कर्म और योग से होती है।

परमधाम कैसे प्राप्त होता है?परमधाम एक आध्यात्मिक अवधारणा है, जिसका अर्थ है परमात्मा का धाम, अर्थात वह सर्वोच्च अवस्था या स्थान जहाँ आत्मा जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर शाश्वत शांति, आनंद और सत्य में स्थित हो जाती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहते हैं - सर्वधर्मान परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। इसका अर्थ है कि 'सभी कर्तव्यों या धर्मों को त्यागकर केवल मेरी (भगवान की) शरण में आओ, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूँगा'। इसका अर्थ है कि 'अनन्य भक्ति' से जीव परमधाम को प्राप्त करता है। नामजप, कीर्तन, ध्यान और सत्संग के माध्यम से साधक खुद को परमधाम प्राप्ति के योग्य बना सकता है। दूसरा है ज्ञान मार्ग। आत्मा अपना अहंकार और अज्ञानता मिटाकर ही ब्रह्म में लीन हो सकता है। अद्वैत वेदांत में परमधाम का अर्थ है - ब्रह्मज्ञान की अवस्था प्राप्त करना। परमधाम पाने का तीसरा मार्ग है - कर्म योग। शास्त्रों के अनुसार, निष्काम कर्म (फल की इच्छा बिना कर्म करना) से ही परमधाम पाया जा सकता है। शुद्ध कर्म से चित्त शुद्ध होता है और आत्मा परमधाम की ओर अग्रसर होती है। चौथा मार्ग है - योग मार्ग। ध्यान, प्राणायाम और समाधि मन को स्थिर कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। योगी मृत्यु के समय परमात्मा का स्मरण करके परमधाम प्राप्त करता है। जो व्यक्ति भक्ति, ज्ञान, कर्म और योग को संतुलित रूप से अपनाता है, वही परमधाम का अधिकारी बनता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2350-3050, चना काबली- 3011-9000, चना बड़ा- 4041-5005, बटला- 3280 तिल्ली- 5700-6300, सोयाबीन- 1901-5461, मैथीदाना- 4500-5270 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,42,300, रवा- 1,42,000 चांदी- टंच- 2,33,500 पाट- 2,33,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## क्लब ग्राउंड पर हुए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला बगावत 11 ने जीता

**ब्यावरा।** ब्यावरा क्लब ग्राउंड पर हुए टूनार्मेंट का फाइनल बगावत 11 ने जीता। राहुल पीपलोटिया टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में शामिल होकर विजेता टीम बगावत 11 कप्तान अंकित मीना एवं समस्त टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 11 हजार रुपए का इनाम हासिल किया। फाइनल मुकाबले में महादेव 11 और बगावत 11 के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें बगावत 11 ने विजय हासिल कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि आशीष मीना युवा भाजपा नेता रहे। मीना ने खिलाड़ियों बगावत 11 के अंकित मीना कप्तान, रोहित यादव, सूरज मीना, देबू यादव, कबीर सिंह, हरिओम यादव, कमल शर्मा, दीपक मीना, भगवान सिंह, अभिषेक सेन, अंकित भिलाला, राजा यादव को बधाई दी। फाइनल मैच में देबू यादव ने विनिंग शॉर्ट खेल कर बगावत 11 को विजेता बनाया। इस अवसर पर गाड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन

**सुसनेर।** श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, सुसनेर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के प्रथम दिन 29 दिसंबर 2025, सोमवार को विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, खो-खो, चेयर रेस, सितोलिया, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्क थ्रो, बोरा रेस, 100 एवं 400 मीटर दौड़ सहित अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। द्वितीय दिन 30 दिसंबर 2025, मंगलवार को दोपहर के समय छोटे भैया-बहनों द्वारा फैंसी ड्रेस, एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रातःकालीन शिफ्ट में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा स्वशासन कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। तृतीय दिन 31 दिसंबर 2025, बुधवार को प्रतिवर्ष अनुसार आनंद मेला आयोजित होगा, जिसमें विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा फ्रूट चाट, बेक समोसा, पाव भाजी, पोहा, कचोरी, समोसा, चाय, पान सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## पर्यावरण को लेकर विधिक सेवा समिति द्वारा शिविर आयोजित



**खाचरोद।** पर्यावरण प्रदूषण एवं सामूदायिक संरक्षण पर शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय घिनौदा, तहसील खाचरौद में पैन-इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल लॉयर हर्षित चौरडिया, पैरालीगल वालेंटियर गिरीराज राठौर, नीरज जैन, चयन जैन ने विद्यालय के सभी बच्चों एवं शिक्षकगण को पैन-इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पर जानकारी प्रदान की गई ' जिसमें पैनल लॉयर हर्षित चौरडिया एवं पीएवी गिरीराज राठौर, नीरज जैन ने तालाबों में स्वच्छता, नालियों की सफाई, पेड-पौधों की देख भाल आदि के बारे बताया' पर्यावरण प्रदूषण से मानव जीवन एवं जीव जंतओं पर पडने वाले प्रभाव, बीमारियां आदि के बारे में भी विस्त्रत जानकारी दी गई ' विद्यालय के समस्त बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिये संकल्प लिया।

## कांग्रेस आज देश की जरूरत , कांग्रेस ने मनाया 140 वां स्थापना दिवस

**देवास।** कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है एक आंदोलन है आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी जनता की पार्टी, लोगों की पार्टी, गरीबों की पार्टी ,सर्वहारा वर्ग की पार्टी ,दबे कुचले लोगों की पार्टी ,हर वर्ग और हर समाज की पार्टी रही है आज देश में जो विषम परिस्थिति बन रही है वह बहुत ही चिंतनिय है ऐसी स्थिति में कांग्रेस आज देश की जरूरत है सभी को साथ लेकर चलने की, देश में सांप्रदायिक सद्भाव बनाने की और देश को आगे बढ़ाने की जो चुनौतियां हैं उन्हें कांग्रेस पूरा कर सकती है। इसके लिए हमें पूरी निष्ठा और पार्टी से कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना होगा और कांग्रेस पार्टी को एक बार फिर लोगों के घर-घर तक पहुंचाना होगा उक्त विचार शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में मनाए गए 140 वे स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी रोशन रायकवार जाहिद पठान सहित अनेक वक्ताओं ने व्यक्त करते हुए कहें इसी के साथ कहा कि आज के दिन हमें संकल्प लेना होगा कि हम कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने किया है वह आभार प्रिंस कटेसरिया ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राजानी शौकत हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## निर्माण विभागों को राजस्व वसूली समय सीमा में जमा करने दिए निर्देश

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को खनिज विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, प्रधानमंत्री सड़क विभाग द्वारा निर्माण कार्य की खनिज राजस्व समय सीमा में जमा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि रेल्वे के निर्माण कार्य में जहां जहां खनिज अनुमति से खनन हो रहा, उन ठेकेदारों से भी रायल्टी समय सीमा में जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन ठेकेदारों ने समय सीमा में राजस्व वसूली रायल्टी जमा नहीं की हैं उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि आवेदनों के आधार पर मशीनों को पोल्युशन बोर्ड की एनओसी नियमानुसार जारी की जाए।

### मिसाल बना जिला पंचायत वार्ड 01 के सदस्य का चुनाव, बगैर किसी विवाद के संपन्न हुआ मतदान

# उम्मीदों का बटन दबा, जिला पंचायत चुनाव में 70.68 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिला पंचायत सदस्य हेतु वार्ड क्रमांक 1 में उपचुनाव को लेकर सोमवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं, जिसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस स्थानीय चुनाव या उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया। आज हुवें मतदान में कुल 70.68 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें महिला 67.64 एवं पुरूष 71.61 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अपने मतदाधिकार का उपयोग किया। बता दे कि इस चुनाव में 31 ग्राम पंचायतों 68 गांवो के कुल 48,157 मतदाता थें। इसमें से 34,335 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के बाद चुनाव में खडे हुवें मथुराबाई मोहन सिह गुदलावदा, कालूसिह सिसोदिया,कैलाश पाटीदार एवं



घनश्याम मेघवाल के भाग्य का फैसला ईवीएम में केद हो गया है। मतदान के दौरान उम्मीदवार अपने कार्यकताओं के साथ पोलिंग बूथों पर भम्रण करते रहे। मतदान के दौरान ग्राम गणेशपुरा एवं पटपडा में उम्मीदवारों के कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झडप देखने को मिली।

### सुबह से ही उमड़ी भीड़

कड़ाके की ठंड के बावजूद, मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से ही हलचल शुरू हो गई थी। सुसनेर क्षेत्र से लगे गांवो में में लोकतंत्र के इस उत्सव को लेकर भारी उत्साह नजर आया। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं के चेहरों पर एक अलग ही चमक थी, वहीं दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान किया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल और होमगार्ड के जवान सभी संवेदनशील और सामान्य केंद्रों पर तैनात रहे। जिला कलेक्टर श्रीमति प्रीति यादव एवं एसपी विनोद कुमार सिंह ने ग्राम गणेशपुरा के पोलिंग बूथ के साथ अन्य बूथों पर मतदान की स्थिति का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सेक्टर अधिकारियों ने लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और स्थिति का जायजा लिया। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या विवाद की खबर नहीं मिली।

### परिणामों की प्रतीक्षा

सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच संग्रहण केंद्र आईटीआई भवन सुसनेर लेकर आया गया। क्षेत्र की जनता और राजनीतिक गलियारों में इस बात की उत्सुकता है कि वार्ड क्रमांक 1 की कमान किसके हाथ में जाएगी।

# म.प्र. रीजन इंटर नेशनल फेडरेशन वाइस ऑफ जे एस जी का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

जे एस जी मैत्री ग्रूप के अध्यक्ष राजेन्द्र नांदेचा ने बताया की मध्य प्रदेश रीजन इंटरनेशनल फेडरेशन वॉइस आफ जेएसजी का आयोजन संपन्न हुआ सर्वप्रथम भगवान् आदिनाथ के चित्र पर माल्यारपंन कर आयोजन प्रारंभ हुआ मुख्य अतिथि माननीय विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान ,नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा, इंटरनेशनल इलेक्ट्रिक अध्यक्ष मनीष कोठारी इंटरनेशनल फेडरेशन के आईडी हेमंत जैन ,अभिषेक सेठिया ,जयंतीलाल फफडिया ,एच एल मेहता रीजन के अध्यक्ष राहुल चपडोद एवं सचिव अश्विन मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर प्रारंभ किया तत पश्चयात संस्कृति महिला मंडल द्वारा नवकार मंत्र एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति छोटे बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर किया मध्य प्रदेश रीजन के सभी मेम्बर ललित कठेड़,दिलीप डूंगरवाल



,शरद जैन, विजय बरडिया अमित कोठारी, रीजन कन्वीनियंस निलेश मांडोत,अवार्ड कन्वीनर मनीष चपलोद एवं कीर्ति मोदी,आशा साभर , सभी को मैत्री के अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा कोषाध्यक्ष अनिल लोडा ने एवं एवम मैत्री टीम द्वार मंचासीन रीजन सदस्यों का स्वागत किया रतलाम ग्रुप वॉइस आफ जे एस के कार्यक्रम के विजेता रही सभी अतिथियों का स्वागत मैत्री ग्रुप के संरक्षण चंद्र प्रकाश चोरडीया, विनोद जैन,एवं राजेश वनवट ने किया वही नगर के सभी सम्मानित डॉ एवं पत्रकार गण भी कार्यक्रम मे विशेष रूप से उपस्थित रहे वही बोर्ड मेंबर विनीत छाजेड़,स्वप्निल सुराणा,संजय गेलड़ा,राज सकलेचा, मोहनीश नाग सेठिया,आश्रय छाजेड़, पुनीत मेहता,सौरभ मालक,रौनक वनवट, पगारिया,चैन सुराणा, चिराग भटेवर , अर्पित चौरडिया,अतुल चोरर्डिया, संदीप जैन,राजेश चोपड़ा उपस्थित रहे जानकारी मीडिया प्रभारी नमित वनवट ने दी आभार मैत्री सचिव अरुण लुणावत ने माना।

## नरसेवा ही नारायण सेवा है कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य जनसेवा करना है- अग्रवाल

### म्याना में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

गुना। म्याना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निदेर्शों के पालन में आयोजित किया गया। बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित किया ऋषि अग्रवाल ने कार्यकताओं को बताया कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य जन सेवा जनता की सेवा करना है। बुराइयों के खिलाफ लड़ना है किसान हित की आवाज उठाना है भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य है। विधायक ऋषि अग्रवाल के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभय व्यास और क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता कस्तूरबा बालिका छात्रावास में बच्चों के बीच पहुंच कर कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रभारी नरेंद्र कुशवाहा सहित म्याना ब्लॉक से प्रत्येक गांव से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। म्याना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभय व्यास ने स्थापना दिवस पर उपस्थित हुए सभी वरिष्ठ जनों और क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## स्टेडियम पर मैत्री मैच शुजालपुर ने जीता

**शुजालपुर।** डॉ. शैल कुमार शर्मा स्टेडियम शुजालपुर पर ड्रीम स्पोर्ट्स अकादमी ने मैत्री मैच का आयोजन का किया गया। जिसके अंतर्गत पहले जूनियर अंडर 13 बच्चों का मैच मक्सी की टीम से हुआ, जिसमे शुजालपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रनों का टारगेट दिया, जिसके अंतर्गत दिव्यांश ने 40 रनों का सर्वाधिक स्कोर किया, मक्सी की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, इसलिए जूनियर टीम ने अपना पहला मैच जीता, बाद मे सीनियर खिलाड़ियों का मैच हुआ, मक्सी ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन का टारगेट दिया, शुजालपुर की ओर से युग बैरागी चार विकेट, सार्थक बारकिया 3 विकेट लिए, शुजालपुर ने स्कोर का पीछा करते हुए युग बैरागी ने 53 रनों का योगदान दिया, लक्ष्य अग्रवाल ने 48 रन कर योगदान देकर मैच जिताया।

# अखिल भारतीय कोरी समाज की बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

अखिल भारतीय कोरी/कोरी समाज रजिस्टर्ड नई दिल्ली के तत्वाधान में जिला गुना एंव तहसील इकाइयों की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामस्वरूप भारती एवं मुख्य अतिथि के रूप में पन्नालाल शाक्य विधायक गुना उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी रघुनाथ दामले के द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश कार्य समिति की ओर से नारायण पंत प्रदेश उपाध्यक्ष, इंजीनियर भगवान लाल उरैया प्रदेश सचिव, संतोष उरैया प्रदेश प्रचार मंत्री, राजू पंत प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में नंदकिशोर जिला उपाध्यक्ष तथा तहसील इकाइयों के पदाधिकारी सदस्य एवं समाज बंधु शामिल हुए। इस मौके पर कैलाश पंत जिला अध्यक्ष गुना,



राम प्रकाश वर्मा महासचिव, इंजीनियर बाबूलाल उरैया कोषाध्यक्ष, नवल किशोर दामले तहसील महासचिव एवं समस्त उपस्थित समाज बंधुओ द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में नवनियुक्त तहसील अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जिनमें भगवान लाल बरेले तहसील गुना, चंद्रशेखर बुनकर तहसील राघोगढ़, कमल लाल बुनकर तहसील आरोन, घनश्याम बुनकर तहसील कुंभराज, हेमराज बनाकर तहसील बमोरी, विष्णु शाक्य तहसील बीनागंज /चाचौड़ा एवं समस्त कार्य समिति सदस्यों एवं पदाधिकारीओ को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक में विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि द्वारा समाज में सामाजिक समरसता के साथ-साथ राजनीतिक चेतना लाने का संदेश दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष कैलाश पंत, सभी तहसील अध्यक्षों, आनंद बुनकर अध्यक्ष कबीर बाड़ी आश्रम, संतोष जुगन अध्यक्ष परिचय सम्मेलन एवं वरिष्ठ समाज बंधुओ द्वारा समाज में एकजूटता के लिए सारगर्वित उद्बबोधन दिए गए। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर भगवान लाल उरैया प्रदेश सचिव द्वारा किया गया एवं रामप्रकाश वर्मा जिला महासचिव द्वारा उपस्थित अतिथि एवं समाज बंधुओ का आभार व्यक्त किया गया।

### बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई रचनात्मकता

## जन शिक्षा केन्द्र में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शुजालपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार जन शिक्षा केंद्र बालक नगर शुजालपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य ताप्ती पाठक ने की। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषयों पर आधारित नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने मॉडलों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण कर वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं तार्किक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग देते हुए बालिकाओं द्वारा पर्यावरण आधारित सोलो गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर प्रोजेक्ट निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रदर्शनी का मूल्यांकन गायत्री महाडिक, अर्चना दवे, विक्रम सिंह परमार एवं सुषमा जैन की निर्णायक समिति द्वारा किया गया। विषयानुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के सफ ल आयोजन में नोडल अधिकारी सुनील कुमार सोनी, अलका यादव, जन शिक्षक गिरीश नाथ एवं धर्मेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्वल्पाहार प्रदान किया गया। आरएसके पोर्टल पर प्रविष्टि के पश्चात चयनित विद्यार्थी अब विकासखंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान क्रमांक 282 स्थित गोतम मार्ग नयापुरा उज्जैन । अनुबंधित मकान का कुल क्षेत्रफल 158.45 वर्गमीटर है अर्थात 1705.00 वर्गफीट है जिसके पूर्व दिशा मे मकान काकरिया जी का पश्चिम दिशा मे गौतम मार्ग से के.डी गेट की और उत्तर दिशा में मकान राजमल जी चतर का, दक्षिण दिशा मे मकान ठाकुर साहब का है को जम्बुकुमार पाटनी पिता स्व. शान्तीलाल जी पाटनी तथा श्रीमती अंजना पाटनी पत्नि स्व. श्री सुनील पाटनी निवासी 182 गौतम मार्ग नयापुरा उज्जैन, से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 29-12-2025 स्थान उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबा. नम्बर 94250 92749**



## डॉ. अंचित की सांझ का विमोचन

बड़नगर। डॉ. अंचित स्वर्णकार द्वारा लिखित पुस्तक ₹साँझ₹ का विमोचन नगर के मध्य स्थित शांतिकुंज परिसर में सम्पन्न हुआ। विमोचन मुख्य अतिथि सत्यनारायण सत्तन ( राष्ट्रीय कवि, लेखक, साहित्यकार, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता), कार्यक्रम संरक्षक वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया (पूर्व विधायक, बड़नगर), अध्यक्षता जितेन्द्र उदय सिंह पंड्या (विधायक, बड़नगर), विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज विरमल (राष्ट्रीय कवि, लेखक, साहित्यकार), डॉ. श्यामसुन्दर पलोड (राष्ट्रीय कवि, लेखक, साहित्यकार) सत्येन वर्मा (राष्ट्रीय कवि, लेखक, साहित्यकार) की उपस्थिति में हुआ व कार्यक्रम का संचालन एड. नवीन त्रिवेदी ने किया। वरिष्ठ नेता व साहित्यकार सत्यनारायण सत्तन ने बड़नगर की जनता से डॉ. अंचित के इस साहित्यिक सफर में उनसे सहयोग की अपील की, उनकी लिखित पुस्तक सांझ एवं अंचित की प्रशंसा की। प्रदीप की धरा पर जन्मे डॉ. अंचित के भविष्य की मंगल कामना एवं सराहना सभी वरिष्ठ अतिथियों ने की। डॉ. अंचित स्वर्णकार ने अपनी किताब अपने बड़े भैय्या डॉ. अभिषेक स्वर्णकार को समर्पित की। इस मंच तक के सफर के लिए माता-पिता, डॉ. अभिषेक स्वर्णकार, प्रवीण जैन सर, हेमन्त राठौड़ व हिमांशु भाटी का आभार माना। अंत में आभार शिक्षक सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने माना। वही दूसरी और साँझ का विमोचन इंदौर में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा किया गया।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**शुजालपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय गिगलाखेड़ी में विद्यालय भवन एवं परिसर के सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बीआरसी सुरेंद्र गोखले, बीएसी रोशन सिंह परमार, सीएसी संजय देशमुख एवं अखिलेश चंद्रवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बीआरसी सुरेंद्र गोखले ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में शाला के शिक्षकों द्वारा जनसहयोग से किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की सराहना करते हुए पूरे स्टाफ के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास विद्यालय को एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शाला के शिक्षक मुकेश पटेल के जन्मदिन के अवसर पर शाला के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में कन्हैयालाल, संकुल प्राचार्य सुनील नामदेव, पूर्व संकुल प्राचार्य रामसिंह नेवला सहित गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पटेल व आभार संजय नामदेव ने माना।

## 224 मरीजों की आंखों की जांच हुई 52 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा समाजसेवी स्व. ओमप्रकाश चौधरी की स्मृति में उनके सुपुत्र अंकुर चौधरी परिवार की ओर से सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी पर निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ। जिसमें 224 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी, रोहिणी यादव ने कर 52 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया तथा 20 मरीजों को चश्मे के नंबर निकाल कर चश्मे की सलाह दी गई। इस शिविर में जिला सेवा सदन प्रभारी खुशीराम आचार्य, स्वप्निल जैन, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, सुरेश परमार, मनोहर नायक, संतोष झालानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विद्युत कर्मी के साथ हुई मारपीट ऑफिस के गेट लगाकर किया काम बंद

**शुजालपुर।** विद्युत कंपनी के एक कर्मचारी के साथ बकाया वसूली के दौरान सिटी क्षेत्र में मारपीट की घटना हुई, जिससे कर्मचारी आक्रोशित हो गए और सोमवार को विद्युत कंपनी कार्यालय परिसर का गेट लगाकर काम बंद हड़ताल शुरू कर दी। इन कर्मचारियों ने कंपनी कार्यालय में नारेबाजी भी की तथा मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। बताया जाता है कि सिटी क्षेत्र में जब विद्युत लाईन परिचारक वार्ड नम्बर 9 शीतलानगर कॉलोनी में बकाया वसूली करने के लिए पहुंचा था और बकाया नहीं जमा करने पर कंपनी के नियमानुसार कनेक्शन विच्छेद किया, इसी बात को लेकर विद्युत कंपनी कर्मचारी के साथ सिटी स्थित विद्युत कार्यालय में अभद्रता करते हुए मारपीट की। इस मारपीट के मामले में जब विद्युत कर्मचारी पुलिस थाना सिटी शिकायत करने पहुंचे तो उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी बात से घुस्साए विद्युत कर्मचारियों ने सोमवार को काम बंद हड़ताल कर दी और तालाबंदी भी की। कर्मचारियों का कहना था कि मारपीट करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर नहीं होने तक काम बंद रहेगा।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती खुशबु अलुने पति श्री ब्रहमदीप अलुने, निवासी 410, अन्नपूर्णा नगर, नानाखेड़ा उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक ए-48 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 68/2 में का भाग स्थित अभिलाषा कॉलोनी, हामूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन है, को क्रय करने का अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार ने उपरोक्त स्वामी से किया है एवं अनुबन्ध-पत्र के पालन में मेरे पक्षकार शीघ्र ही उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रय-पत्र निष्पादित करवाने वाले है। यदि उक्त भूखण्ड में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**हेमन्त जायसवाल, एडवोकेट**
**आफिस नम्बर 1, भवन म्यु. नम्बर 87, नया नम्बर 83/3, सैकेण्ड फ्लोर तुलसी टॉवर विक्रम मार्ग, माधव नगर, उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 98273-48332**

## स्कूली छात्रों को कॉलेज प्रवेश की जानकारी दी

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में प्रवेश समिति द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रवेश में संलग्न समस्त डॉक्यूमेंट के बारे में महाविद्यालय प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। उक्त जानकारी प्रवेश समिति नोडल अधिकारी डॉ मुकेश सिंह मेवाडा ने दी। डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने विभिन्न प्रकार की शासन की छात्रवृत्तियों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। छात्रों को प्रवेश के लिए अपार आईडी एवं डिजिलॉकर से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। सत्र 2026- 27 में प्रवेश के लिए छात्रों को अनावश्यक परेशानियों से बचने के लिए यह जानकारियां कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने छात्रों की ड्राप आउट रेट जीरो करने निर्देश दिए। विद्यालय प्राचार्य अल्पना राणा, बने सिंह मेवाडा एवं अन्य शिक्षक साथियों ने कॉलेज चलो अभियान में सहयोग किया। उक्त समिति के साथ जयेश मालवीय, योगेंद्र लववंशी, डॉ. शाकिब मालिक का मार्गदर्शन भी छात्र-छात्राओं को मिला।

## पुस्तक पढ़कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया

**शुजालपुर।** डाइट शाजापुर की टीम ने एफएलएन मेले के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र बालक नगर शुजालपुर क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपलोद, एकीकृत हाई स्कूल रायपुर, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय दुबड़िया तथा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय खेड़ा बोलदा का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों की दक्षता जांची गई। सभी विद्यालयों में बच्चे गणवेश में उपस्थित पाए गए। खेड़ा बोलदा में कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने पुस्तक पढ़कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। एफएलएन मेले के आयोजन एवं बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता से प्रभावित होकर डाइट निरीक्षण टीम ने विद्यालयों की सराहना की तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन वितरित किए। टीम द्वारा पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अंग्रेजी विषय पर विशेष ध्यान देने तथा जो बच्चे अपेक्षित दक्षता प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, उनकी दक्षता समय-सीमा में पूर्ण कराने के सुझाव दिए गए। टीम द्वारा पिपलोद विद्यालय में पीएम पोषण योजना की गुणवत्ता भी जांची गई। निरीक्षण दल में अशोक कारपेंटर, एमडी शर्मा, महेश भैसानिया सहित जनशिक्षक गिरीशनाथ एवं धर्मेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## पंचायत उप चुनाव,गणना पर्यवेक्षक एवं सहायक का प्रशिक्षण 31 को

**आगर मालवा।** पंचायत उप निर्वाचन अन्तर्गत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-एक (सुसनेर) में सदस्य पद के लिए मतगणना 2 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुसनेर में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव द्वारा मतगणना हेतु पर्यवेक्षक और गणना सहायक की नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर ने कुल 22 पर्यवेक्षक एवं 25 गणना सहायक की नियुक्ति की है। जिन्हें 31 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

## पक्षियों की सुरक्षा हेतु हटाई गई पतंग डोर

**आगर मालवा।** नगर पालिका परिषद आगर द्वारा नगर में पक्षियों की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर बिजली के तारों एवं वृक्षों पर फंसी पतंग की डोर को हटाया गया, ताकि कोई भी पक्षी डोर में उलझकर घायल न हो और उनकी जान को खतरा न पहुंचे। नगर पालिका द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रखने की बात कही गई है। इसके साथ ही नगर में पतंग एवं डोर का व्यापार करने वाली दुकानों पर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। अभियान के तहत माधवगंज, हाटपुरा, सराफा बाजार, छोटा बाजार, लक्ष्मणपुर, घाटी नीचे, महावीर मार्ग, अयोध्या बस्ती, छावनी, छावनी झंडा चौक एवं छावनी नाका चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं पाया गया।

## जिला प्रधान न्यायाधीश पहुंचे सब जेल

**शुजालपुर।** सब जेल शुजालपुर का जिला प्रधान न्यायाधीश शाजापुर आनंद कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधिक सहयता अधिकारी शिखा शर्मा भी मौजूद रहे। इस औचक निरीक्षण के दौरान सबजेल की व्यवस्थाओं को देखा गया और बंदियों से भी चर्चा की गई। सबजेल प्रशासन के अनुसार निरीक्षण के दौरान जेल की व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जाहिर की।

## कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक 3 व 4 को होगी

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक माँ पीतांबरा की नगरी दतिया में 3 एवं 4 जनवरी को होगी। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संभाग के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश के जिलो के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सम्मिलित होगे। उक्त जानकारी देते हुए के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि बैठक में प्रदेश के लगभग 52 जिलों के प्रतिनिधि शामिल होकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श कर करेगे। बैठक का उद्घाटन सत्र 3 जनवरी को होगा जिसमे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार, जिलों में निर्वाचन आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी, 4 जनवरी को बैठक का समापन होगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 168-5 | 359-7 |
| मेन बाजार | 256-3 | 590-4 |
| कल्याण नाइट | 269-7 | 258-5 |
| मिलन डे | 248-4 | 679-2 |
| मिलन नाइट | 389-0 | 880-6 |
| मधुर डे | 237-2 | 246-2 |
| मधुर नाइट | 360-9 | 259-6 |
| शुभांक | 1 7 | 0 |

# कॉलेज कैंपस बना अखाड़ा, दो दर्जन हमलावरों ने छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर के पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 20 से 25युवकों ने कॉलेज परिसर में घुसकर छात्रों पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से लैस हमलावरों ने छात्रों को बेरहमी से पीटा, जिसमें एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आई है और कुल चार छात्र घायल हुए हैं। घटना का रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**फिल्मी अंदाज में आए और शुरू कर दी मारपीट-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर करीब 3 बजे जब कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियां चल रही थीं, तभी अचानक बाहरी युवकों का एक बड़ा झुंड हाथों में पाइप और रॉड लेकर कैंपस में दाखिल हुआ। हमलावरों ने नियमित छात्र विजय धाकड़, अरविंद चौकुटिया और सुनील गुर्जर को निशाना बनाया। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि हमलावर छात्रों पर जमकर लट्ठ बरसा रहे हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### अस्पताल में भर्ती, सुरक्षा पर उठे सवाल

घायल छात्रों को तत्काल शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस विवाद के बाद कॉलेज परिसर में दहशत का माहौल है। छात्रों में प्रशासन और पुलिस के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। छात्रों का कहना है कि बाहरी लोग बेखौफ होकर कॉलेज में घुस रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है।

### नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राचार्य को सौंपा शिकायती आवेदन

घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने प्रभारी प्राचार्य को एक शिकायती आवेदन सौंपा। आवेदन में आरोपियों की नामजद शिकायत की गई। साथ ही छात्रों ने मांग की है कि आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और कॉलेज में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इधर सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने छात्रों के बयान और वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# शाजापुर पुलिस का विशेष अभियान

## 2025 में 99 परिवारों की लौटी खुशियां, खाकी ने पेश की मानवीय मिसाल

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

हर बच्चा सुरक्षित है, यह सिर्फ नारा नहीं, शाजापुर पुलिस की जिम्मेदारी है। इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए शाजापुर पुलिस ने वर्ष 2025 में मानवीय संवेदनाओं और कर्तव्यनिष्ठा की एक नई इबारत लिखी है। पुलिस की प्रभावी रणनीति और मुस्तैदी का ही परिणाम है कि जहां एक ओर जिले में अपहरण के अपराधों में 20 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, वहीं दूसरी ओर 99 नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलवाकर पुलिस ने कई बुझते हुए चिरागों को फिर से रोशन किया है।



बेटियों की सुरक्षा में शाजापुर पुलिस का 100 प्रतिशत रिकॉर्ड शाजापुर पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में नाबालिगों के अपहरण जैसे संवेदनशील अपराधों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। इस वर्ष जिले में 69 नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें पुलिस ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल करते हुए सभी 69 बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा।

### बालकों की दस्तयाबी

अपहरण के 18 मामलों में से 17 बालकों को सुरक्षित बचाकर उनके घर पहुंचाया गया, जो 99 प्रतिशत की सफलता है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर वर्ष 2020, 2021 और 2023 की 1-1 बालिका और वर्ष 2024 की 10 लंबित बालिकाओं को भी सकुशल दस्तयाब किया। पुलिस की सक्रियता केवल बरामदगी तक सीमित नहीं रही, बल्कि निवारक उपायों और जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

### स्कूली बच्चों को किया जागरूक

पुलिस ने जिले के 213 शैक्षणिक संस्थानों में 390 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 19,150 छात्र-छात्राओं को नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इन प्रयासों के चलते वर्ष 2024 में दर्ज 108 अपहरण मामलों की तुलना में वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर मात्र 87 रह गई।

### सालों पुरानी टूटी उम्मीदों को मिला सहारा

सुंदरसी, मक्सी और कालापीपल सहित विभिन्न थानों के ऐसे कई पुराने मामले सुलझाए गए, जहां परिवार वर्षों पहले उम्मीद छोड़ चुके थे। तकनीकी विश्लेषण और समर्पित टीमवर्क के माध्यम से शाजापुर पुलिस ने इन पीड़ितों को राहत प्रदान कर अपनी संवेदनशील कार्यप्रणाली को सिद्ध किया है।

# मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता जरूरी, उमंग कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

विद्यार्थियों के सर्वांगींण विकास और उन्हें मानसिक तनाव से मुक्त रखने के उद्देश्य से स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बी.के.एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज) में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को उमंग उच्च शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सत्र में जिला अस्पताल के विशेषज्ञों ने युवाओं को बेहतर जीवनशैली और स्वास्थ्य प्रबंधन के गुर सिखाए।



**एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम**

### आधुनिक एप से मिलेगी मानसिक सहायता

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं परामर्शदाता रितु मेवाड़ा ने छात्राओं और विद्यार्थियों को डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित मनहित एप् की उपयोगिता बताते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने के लिए उमंग हेल्पलाइन और टेलीमानस हेल्पलाइन मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं और समस्याओं को खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. पंकज पाटीदार ने शारीरिक स्वास्थ्य पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने विशेष रूप से जन्मजात विकृतियों के प्रकार और उनके समय पर निदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव में कई बीमारियों का उपचार समय पर नहीं हो पाता, इसलिए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी होना अनिवार्य है। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना भी अनिवार्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, जो अंततः बेहतर करियर निर्माण में सहायक होता है। संचालन उमंग वेलनेस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश निंगवाल ने किया, जबकि आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने माना। इस अवसर पर डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. नीलेश महाजन, डॉ. आर.सी. चौहान, प्रो. विनोद परमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में मिलने वाली सुविधाएं बताई

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना का दल संस्था प्राचार्य डॉक्टर बी एस बिभूति के निर्देशन में भैंसरोद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचा। महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान प्रभारी प्रो. ओमप्रकाश वर्मा एवं प्रो. कुलदीप कौशिक ने महाविद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए उपलब्ध सुविधाओं, अधोसंरचना, खेल, स्कालरशिप एवं अन्य प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. ओ पी वर्मा ने एन एस एस, रेडक्रॉस इत्यादि, प्रो. अजय हनोतिया तथा प्रो. पन्नालाल सेन ने एनईपी पालिसी तथा कौशल विकास, महाविद्यालय मे उपलब्ध विभिन्न संकायो की जानकारी प्रदाय की। साथ ही प्रो. पवन माठोलिया द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं विभिन्न कौशल योजनाओं एवं करियर से सम्बंधित जानकारी देते तीन वर्षीय एवं चार वर्षीय स्नातक की विशेषता के बारे में बताते हुए बोर्ड परीक्षाओ के लिए अग्रिम शुभकामनायें प्रदान की गई।

# हेलमेट जागरूकता रैली से दिया सुरक्षित सफर का संदेश

## सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी, वर्ष 2025 में मृत्यु दर में दर्ज की गई उल्लेखनीय गिरावट

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिला मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के संकल्प के साथ मंगलवार को शाजापुर पुलिस द्वारा 'हेलमेट जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षकयशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता और उसके जीवन रक्षक महत्व से अवगत कराना था।

जागरूकता रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन शाजापुर से किया गया, जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकघनश्याम मालवीय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लगभग 150 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हेलमेट पहनकर शामिल हुए। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों से गुजरी, जहां पुलिस बल ने अनुशासित ढंग से नागरिकों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया।



### आंकड़ों में सुधार, पुलिस के प्रयासों का असर

रैली के दौरान यह सुखद तथ्य साझा किया गया कि शाजापुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जागरूकता अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। वर्ष 2023 और 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मृत्यु दर में भारी कमी दर्ज की गई है। अधिकारियों का मानना है कि जनता में बढ़ती जागरूकता और पुलिस की सक्रियता ने कई कीमती जानें बचाई हैं।

### आम नागरिकों से विशेष अपील

रैली के समापन पर पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा गुणवत्तापूर्ण हेलमेट पहनें। आपकी सुरक्षा केवल आपकी नहीं, बल्कि आपके परिवार और बच्चों के भविष्य से जुड़ी है। इसलिएयातायात नियमों को बोझ न समझें, यह सुरक्षित जीवन का आधार है।

## बेटियों के हुनर को मिलेंगे पंख, कॉलेज में ब्यूटिशियन प्रशिक्षण का आगाज

**शाजापुर।** विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और कौशल संपन्न बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बी.के.एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज), शाजापुर में 30 दिसंबर 2025 से 29 जनवरी 2026 तक चलने वाले एक माह के अल्पकालीन ब्यूटिशियन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने की। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षिका बबीता बोस ने बताया कि छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि ब्यूटी पार्लर के व्यवहारिक गुर भी सिखाए जाएंगे। इसमें दुल्हन श्रृंगार और आधुनिक सौंदर्य तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क स्टेशनरी का वितरण भी किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मीणा ने उक्त कोर्स छात्राओं के भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे इस एक माह के प्रशिक्षण में नियमित रहकर बारीकियों को सीखें, ताकि भविष्य में वे स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इस अवसर पर डॉ. अनिता यादव, डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. निलेश महाजन, डॉ. श्वेता चौहान, पूजा राठौर सहित विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## रैली निकाल विद्युत कर्मियों ने सौपा ज्ञापन आरोपियों पर एफआईआर की मांग

**शुजालपुर।** विद्युत वितरण कंपनी शुजालपुर क्षेत्र के सैकड़ों कर्मचारियों ने मंगलवार को कंपनी कार्यालय से सिटी स्थित एसडीएम कार्यालय तक पैदल रैली निकालकर ज्ञापन सौपा। कर्मचारियों द्वारा पिछले दिनों सिटी क्षेत्र में कंपनी के कर्मचारी के साथ बकाया वसूली के दौरान हुई मारपीट का विरोध किया जा रहा है और मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई। विद्युत वितरण कर्मचारियों द्वारा पुलिस पर सहयोग नहीं करने व एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया। ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौपा गया, जिसमें कहा कि 28 दिसम्बर को शुजालपुर नगर में बकाया राशि पर विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने के कारण कर्मचारी कैलाशचन्द्र रजक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी, उक्त घटना की सूचना सिटी थाने पर देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की और आवेदन लेकर औपचारिकता निभाई। पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने क्षेत्र में हुई अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया और कार्यवाही नहीं होने पर धरना आंदोलन की चेतावनी दी।

## अपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा रवि एक वर्ष के लिए जिला बदर

**शाजापुर।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋजु बाफना ने थाना कोतवाली क्षेत्र के एक आदतन अपराधी को जिला बदर (तड़ीपार) करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, कोतवाली शाजापुर के मगरिया निवासी रवि गोस्वामी (38 वर्ष), पिता प्रेमगिरी गोस्वामी को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। रवि गोस्वामी को न केवल शाजापुर बल्कि उससे लगे सीमावर्ती जिलों देवास, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़ और सीहोर की राजस्व सीमाओं से भी बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने अपने निष्कासन आदेश में स्पष्ट किया है कि संबंधित व्यक्ति प्रतिबंधित अवधि के दौरान बिना किसी पूर्व अनुमति के इन क्षेत्रों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा। यदि आदेश का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## भूमाफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने तथा गुनिया नदी को मुक्त करने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने बताया गुना जिले में एवं विशेष रूप से गुना शहर में सरकारी जमीनों पर भूमाफिया अतिक्रमण करके अपने कब्जे में ले रहे हैं और कालोनियां काट रहे हैं। अवैध रूप से सरकारी पट्टे की जमीन राजस्व अधिकारियों और दलालों की मिली भगत के माध्यम से ट्रांसफर की जा रही है। भू-माफिया से गुना जिले में मुख्य समस्याएं सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध कब्ज़े, लोगों को धोखाधड़ी करके उनकी संपत्ति हड़पना, बाहुबलियों का इस्तेमाल कर गरीबों को उजाड़ना और अधिकारियों की मिलीभगत से राजस्व का नुकसान कराना हैं। जिसके खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करना चाहिए और एंटी-भूमाफिया पोर्टल जैसे तंत्र भी बनाए जाय ताकि लोग शिकायत कर सकें। गुना रजिस्टार ऑफिस में भी संपत्तियों की रजिस्ट्री पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त पैसा लिया जाता है। सरकारी एवं मजदूर की भूमि पर कालोनियां कट गई है एवं व्यवसायिक परिसर शहर में खड़े कर दिए गए हैं।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया

**आगर मालवा।** मंगलवार दिनांक 30 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आगर मालवा स्थित सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने पारिवारिक विवाद, शांति व्यवस्था, स्थानीय विवाद, पुलिस कार्यवाही से संबंधित विषयों सहित अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, सूबेदार स्टेनो मुख्तियार खान, सहायक उप निरीक्षक संतोष खजुरिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को गंभीरता से संपादित किया गया।

न्यूज-कॉलम

## विनोदीरामजी महाराज की पुण्यतिथि पर सत्संग का आयोजन

**सुवासरा।** समीप ग्राम श्रीरामद्वारा धलपट में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूज्य ब्रह्मलीन संत श्री अडीगराम जी महाराज की तपोस्थली एवं श्री सेठ श्रीरामलाल जी की कर्म भूमि श्री रामद्वारा धलपट में पूज्य ब्रह्मलीन संत श्री विनोदीराम जी महाराज की 47 वी पुण्यतिथि बरसी महोत्सव पर सत्संग का आयोजन किया गया है दिनांक 31 दिसम्बर बुधवार द्वादशी को गुदड़ी जी जिसको अग्नि भी नहीं जला सकी के दर्शन कराए जाएंगे जोकि वर्ष मे एक दिन पौष सुदी द्वादशी को ही होते हैं इस अवसर पर दूरदराज से कई विद्वान संत एवं राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात आदि कई स्थानों से हजारों श्रद्धालु भक्त दर्शनार्थ आते हैं इस अवसर पर तुला दान का भी कार्यक्रम होगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा अतः आप सभी सादर आमंत्रित हैं उक्त जानकारी स्थानीय संत श्री ने दी।

## श्वेतांबर मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ

**सुवासरा।** नगर में मंगलवार को जैन श्वेतांबर मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। जैन समाज द्वारा ध्वज की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से गणेश चौक, धान मंडी ,सभा चौक, सदर बाजार होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। यहां पूज्य साध्वी श्री अर्चना श्री जी आदि ठाणा 2 महाराज की निश्रा में मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए। साध्वी महाराज ने विधिपूर्वक ॐ पुण्याहम पुण्याहम प्रियन्ताम प्रियन्ताम के उदघोष के साथ दोपहर 12.39 बजे ध्वजारोहण करवाया। ध्वजारोहण होते ही महिलाओं ने गरबा नृत्य कर खुशी जाहिर की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और पुरुष उपस्थित थी। इससे पहले सुबह 10 बजे सूर्य रत्न महिला मंडल के द्वारा सत्तर भेदी पूजन आयोजित की गई।

## ओवरब्रिज की दीवार से टकराने से बाईक सवार की मौत

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ के सुवासरा रोड़ पर स्थित ओवरब्रिज की दीवार से एक बाइक सवार जा टकराया जिससे उसको गंभीर चोंट आने पर उसकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार दोपहर की है। पुलिस के अनुसार हादसे में गंभीर घायल संदीप बावरी उम्र 38 वर्ष निवासी शामगढ़ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में मोटरसाइकिल नं. एमपी 14 जेडई 9279 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया देव में मल्हारगढ़ रोड़ स्थित घनश्याम सेन के खेत के सामने आम रोड़ अरनिया देव पर हुई। आरोपी मोटर साइकिल के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक उमेश बावरी की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग की जांच पर मोटरसाइकिल के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## कार से 45 किग्रा डोडा-चूरा जब्त, आरोपी फरार

**मन्दसौर।** नारायणगढ़ थाना पुलिस टीम द्वारा 30 दिसम्बर को वाहन चेकिंग के दोरान झार्डा भंवरासा रोड, बोरखेडी इंदौर फंटा हरमाला पर एक बिना नम्बर की मारुति स्विफ्ट कार को रोकने का ईशारा करने पर कार चालक पुलिस को देखकर अपनी कार को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर मोके से भाग गया। बाद कार की तलाशी लेते कार से कुल 45 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा विधिवत जब्त कर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध थाना नारायणगढ पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## महापौर ने किया लक्कड़ पीठा रोड का निरीक्षण

**रतलाम ।** महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम आयुक्त अनिल भाना के साथ चांदनी चौक से बाजना बस स्टैण्ड तक बनाई जाने वाली लक्कड़पीठा रोड़ का निरीक्षण कर रोड़ की चौड़ाई के संबंध में रहवासियों से चर्चा की।

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ग्राम रानीखेड़ी में विद्युत उप केन्द्र निर्माण का किया भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ›› मन्दसौर

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रानीखेड़ी में 3.25 करोड़ की लागत से बनने वाले 33/11 के.व्ही. विद्युत उप केन्द्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि ग्राम रानीखेड़ी में प्रस्तावित 33/11 के.व्ही. विद्युत उप केन्द्र के निर्माण से आसपास के ग्रामों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों को निर्बाध और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार,



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया भी उपस्थित थे।

तीन सड़कों का किया भूमिपूजन-उप मुख्यमंत्री ने ग्राम धमनार में 33 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत की तीन सड़कों का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के अंतर्गत 2 करोड़ 99 लाख 84 हजार रुपये की लागत से टांकेडा से रावटी व्हाया झाकेड़ा पहुंच मार्ग, 2 करोड़ 74 लाख 58 हजार रुपये की लागत से निपानिया बड़वन से कुचडौद मार्ग तथा 27 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से धमनार से छाजूखेड़ा व्हाया बाबरेचा, दलौदा, लदुसा, छायन, रसूलपुर मार्ग का भूमिपूजन किया गया।

राम कथा में हुए शामिल- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा रेवास देवड़ा स्थित प्राचीन धुधलेश्वर मंदिर में आयोजित राम कथा में सम्मिलित हुए। राम कथा का वाचन कथा व्यास पीठ के आचार्य श्री रामानुज जी द्वारा किया जा रहा है। श्री देवड़ा द्वारा मंदिर परिसर में कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भीउपस्थित रहे।

## युवा सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश दें

### भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का मंदसौर में हुआ भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ›› मन्दसौर

भाजपा जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का मंगलवार को मंदसौर आगमन हुआ। भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन कर वाहनों के काफिले के साथ श्री पटेल रैली के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पहुंचे। रास्ते में मंच बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री टेलर ने कहा कि हम सब विश्व कि सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के युवा स्तंभ है अर्थात एक युवा मोर्चा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के पक्ष मे हम सब की कार्यशैली काफी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। आज आवश्यकता है कि युवा सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश दें और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का तथ्यों के साथ जवाब दें। संगठन में पद नहीं, बल्कि कार्य ही



पहचान बनाता है।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा का युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त शक्ति है। आज का युवा ही भारत का वर्तमान और भविष्य दोनों है। युवाओं को सोशल मीडिया, जनसंपर्क, सेवा कार्य और नवाचार के माध्यम से संगठन को मजबूत करना होगा। हमें केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि वर्षभर जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि आप सभी संगठन की वह शक्ति हैं, जो जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करती है। युवा मोर्चा ही भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य करता है। संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है और युवाओं का दायित्व है कि वे संगठन की रीति-नीति को समझकर पूरी निष्ठा से कार्य करें। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमों जिला महामंत्री बंटी चौहान ने किया और आभार भाजयुमों जिला महामंत्री चिंटू शर्मा ने माना। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमय अप्टे, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत गरुण, प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण राकेश पाटीदार, अनुकूल सोनी, संदीप सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, मनोहरलाल जैन, गोपाल पटवा, अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, विजय सुराना, धीरज पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी अश्विन शर्मा का वडोदरा में आकस्मिक निधन



**रतलाम।** नगर के प्रख्यात समाजसेवी,रोटरी क्लब डायमंड के अध्यक्ष और विभिन्न खेल संगठनों से जुडे अश्विन शर्मा का आज दोपहर वडोदरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे। उनके पार्थिव शरीर को रतलाम लाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व.श्री शर्मा को दो दिन पूर्व 28 दिसम्बर की रात अचानक ब्रेन स्ट्रोक आने से वडोदरा ले जाया गया था, जहां विन्स सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में उनकी ब्रेन सर्जरी की गई थी। उनकी सर्जरी सफल रही थी और आज ही उन्हे आइसीयू से बाहर लाया गया था। लेकिन दोपहर 1.31 पर अचानक उनकी मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि स्व.अश्विन शर्मा सक्रिय समाजसेवी होने के साथ साथ अनेक खेल गतिविधियों से जुडे हुए थे। इसके अलावा वे श्रमिक संगठनों में भी सक्रिय भागीदारी रखते थे। उनके आकस्मिक निधन के समाचार से उनको जानने वाला प्रत्येक व्यक्ति स्तब्ध रह गया। स्व.श्री शर्मा के निधन से पूरे नगर में शोक की लहर व्याप्त है। स्व.श्री शर्मा के निधन का समाचार मिलते ही उनके पारिवारिक सदस्य वडोदरा के लिए रवाना हो गए। उनकी पार्थिव देह को रतलाम लाया जाएगा और रतलाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अति. पुलिस महानिदेशक उज्जैन ने नीमच जिले का भ्रमण किया

'दैनिक अवन्तिका' ›› नीमच

अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा दिनांक 28 दिसम्बर की सायः जिला नीमच पहुँचें। नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधों के निराकरण को लेकर पुलिस नियत्रंण कक्ष नीमच स्थित सभाकक्ष में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा द्वारा अपराधों के निराकरण एवं माह दिसम्बर में कुकडेंश्वर थाना क्षेत्र में गांजे की अवैध खेती के विरूद्व लगातार 3 कार्यवाहियों एवं अन्य थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थो तस्करों के विरूद्व की गई अच्छी कार्यवाही पर नीमच पुलिस की प्रशंसा की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं जिलें में घटित अपराधों के संबंध में निम्नानुसार निर्देश दिये गयें।

नव वर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारी आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल की ब्रिफिंग पश्चात पर्याप्त पुलिस बल लगावें। प्रमुख चौराहों के साथ साथ संवेदनशील स्थानों (मॉल, बाजार, होटल, पिकनिक स्पॉट) पर अतिरिक्त बल की तैनाती करें। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्व ड्रंक एवं ड्राईव और तेज रफ्तार ड्राइविंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

## नये साल पर शराब पीकर वाहन चलाने, हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल , अति. पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान संचालित किया गया है । विशेष अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, हुड दंगई करने वाले वाहन चालकों, फटाका फोडने वाले बुलेट वाहन चालकों, स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, नाबालिक वाहन चालकों, तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, ब्लैक फिल्म वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश प्राप्त हुए है ।

## 31 फर्स्ट व न्यू ईयर को लेकर रतलाम पुलिस अलर्ट, चेकिंग अभियान चलाएगी



'दैनिक अवन्तिका' ›› रतलाम

31 फर्स्ट व न्यू ईयर को लेकर रतलाम पुलिस अलर्ट हो गई है। 1 जनवरी तक पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चलाएगी। खासकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों व गुंडे बदमाशों पर नजर रहेगी। हर चौराहे पर पुलिस मौजूद रहेगी। इस अभियान की शुरू सोमवार देर रात पुलिस ने कर दी है।

पुलिस जेल वाहन लेकर सड़कों पर उतरी। बाइक सवारों को रोककर घूमने का कारण पूछा गया। कुछ ने होटल में चाय पीने की बात कही, जबकि कुछ अन्य बहाने बना रहे थे। पुलिस ने ब्रीथ एनालाइजर से भी शराब की जांच की।

एएसपी विवेक कुमार, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, महिला डीएसपी अजय सारवान समेत थाना प्रभारी बल के साथ शहर में निकले। अलग-अलग चौराहे पर पाइंट फिक्स कर बाइक सवारों को रोका। कई बाइक सवार तो पुलिस को देख बाइक तक पलटा ली। बेवजह घूम रहे युवाओं को पुलिस ने कान पकड़वाकर समझाया।

**पहले दिन ही 10 बाइक सवार पकड़े**

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 लोगों को पहले दिन पकड़ा गया। सभी की बाइक जब्त कर ली गई है। जब्त बाइक कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद ही वापस मिलेगी। इसके अलावा पुलिस गुंडा और बदमाशों पर लगातार नजर बनाए रखेगी।

सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने कहा कि नए साल में कोई भी शराब पीकर हुड़दंगी न करें। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। शहर के अलग-अलग चौराहों पर जांच की जाएगी। संदिग्ध दिखने पर बाइक सवारों को रोककर जांच की जाएगी।

## एक्सीलेंस कॉलेज की अकादमिक यात्रा

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के स्टडी क्लब के तत्वावधान में चल रही शोध पत्र प्रस्तुतीकरण श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस.दुबे ने कहा कि शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षकों को अपने अकादमिक कार्यों को साझा करने का अवसर देने के उद्देश्य से इस नवाचारी श्रृंखला की शुरूआत की गई है ।

## पंचमुखी धाम आश्रम पर सांस्कृतिक जागरण अभियान मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ›› जावरा

रतलाम अमेचोर मार्शल आर्ट डेवलपमेंट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 25 से 30 दिसम्बर तक पंचमुखी धाम आश्रम पर संस्कृति जागरण अभियान की शुरूआत की गई

हिंदू जागरण मंच प्रांत अधिकारी नेपाल सिंह डोडिया ने कहा आज का युवा नशाखोरी की चपेट में आ रहा है साथ ही हमारी गांवों की प्राचीन कला जिसे अखाड़ो के नाम से जाना जाता वह लुप्त होती जा रही है पुनः इस कला को जीवित करने का अभियान शुरू किया गया हैं ।

मुख्य प्रशिक्षक मार्शल आर्ट कोच वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बलवंत सिंह देवड़ा ने बताया सोशल मीडिया के माध्यम से आह्वान कर देश के चार राज्यो जिसमे मुंबई महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के करीब 45 युवाओं



का चयन कर प्रशिक्षित किया गया। युवा अपने अपने गांव और शहर में अखाड़े का प्रशिक्षण देंगे साथ ही युवाओं को नशे से दूर रख फीट रहने के लिए प्रेरित करेंगे। युवाओं ने अखाड़े की कला लाठी, तलवार, पट्टा, नानचाकू, धारिया, फरसा चलाना साथ ही मार्शल आर्ट की कला भी सिखाई गई। जिससे की विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा कर सकें ।

कथा वाचक पंडित कपिल पौराणिक ने कहा अभिमन्यु ने चक्रव्यूह तोड़कर धर्म युद्ध में अपनी आहुति दी वह कला अभिमन्यु ने अपनी माँ के पेट में सीखी थी। वह कला धर्म को बचाने के लिए उपयोग की गई और आज अभिमन्यु को योद्धा के रूप में हम जानते है इसी प्रकार आज जो कला आप सीख रहे है निश्चित रूप से धर्म और राष्ट्र की सेवा और रक्षा में काम आएगी ।

कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच संघटन मंत्री मोहित सेंगर (संघ प्रचारक), हिंदू जागरण मंच प्रांत संयोजक भेरू लाल टांक, हिंदू रत्न सुधाकर राव मराठा, पंच मुखी धाम आश्रम के पीठाधीस्वर राजेंद्रगिरी महाराज, बड़ावदा मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह चौहान, जिला मार्शल आर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पाटीदार ने प्रशिक्षार्थी युवाओ को सम्बोधित किया इस अवसर पर युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## वार्ड 18 व 19 के जुलाहापुरा में 17 लाख से बनेगा सीसी रोड

**जावरा ।** नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नगर में स्वीकृत हुए विकास कार्यो में वार्ड क्रं. 18 जुलाहा पुरा(साबुन वाली गली )एवं इमाम बाड़ा चौक में सी.सी. रोड निर्माण कार्य राशि 17.02 लाख रुपये का प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभ के अतिथि डॉ. एच.एस. राठौर, सुजानमल कोचट्टा, शांतिलाल दसैड़ा, पूर्व न.पा. उपाध्यक्ष हिरालाल मेहता महेन्द गंगवाल, बलवंतसिंह राठौर के द्वारा किया गया । साबुन वाली गली से मुगलपुरा चौक तक वार्ड क्रं. 18 व 19 के रहवासियों की वर्षो पुरानी मांग को न.पा. ने पुरी की इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी अतिथियों का पूर्व न.पा. अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।, न.पा. उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, लो.नि.वि. सभापति इरफान मुबारिक हुसैन, राजस्व सभापति लोकेश विजवा, सभापति आसिफ कबाड़ी सभापति प्रतिनिधि अनिश कल्याणे, वार्ड पार्षद काना हाड़ा, सहायक यंत्री शुभम सोनी, उपयंत्री लोकेश कुमार विजय एवं प्रजाकार्य शाखा लिपिक हरेन्द्र सेमिल, पार्षद प्रतिनिधि शौकत भाई, खालीद भाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उबैद अन्सारी, कार्यवाह अध्यक्ष अजीजउर्रमान पठान, मन्नान कड़पा, वार्ड के सलीम भाई, राजा भाई, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश विजवा ने किया व अभार पार्षद कन्हैयालाल हाड़ा ने माना।

## जनशिक्षा केंद्र पर विषय आधारित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**जावरा ।** जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद पर विषय आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 14 माध्यमिक विद्यालयों से 61 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।ये सभी छात्र छात्रा शाला स्तर से चयनित हुए थे।गणित,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय के मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शन करते हुए छात्र छात्राएं बहुत उत्साहित नजर आए। चयनकर्ताओं द्वारा मॉडल का चयन किया गया। जनशिक्षक सौरभ गुप्ता ने बताया जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद से चयनित छात्र छात्रा अब विकासखंड में होने वाली प्रदर्शनी में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड स्त्रोत समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत, विशेष अतिथि ब्लॉक समन्वयक रितेश चोपड एवं अध्यक्षता जन शिक्षा केंद्र प्रभारी संजय कुमार भट्ट ने की। संचालन दीपक श्रीमाल ने किया एवं आभार अंगूरबाला पाटीदार ने माना।


## पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया



**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेन्शनर नागरिक महासंघ मन्दसौर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पेन्शनरों की लम्बित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार प्रियंका मिमरोट को दिया गया। ज्ञापन मे शासन से मांग की गई कि प्रदेश के पेन्शनरों को जुलाई 2025 से 58 प्रतिशत महंगाई राहत दी जावे, म.प्र. छत्तीसगढ़ विभाजन 2000 की धारा 49/6 समाप्त की जावे, मान. उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार 32 माह का एरियर भुगतान के आदेश जारी करे, कम्युटेशन की राशि 10 वर्ष 8 माह में वसूली की जावे सहित 12 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन दिए गए । उपस्थित पेंशनरों को डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने सम्बोधित किया। ज्ञापन का वाचन अशोक नागदा नगर सचिव व चन्द्रकान्त शर्मा जिला सचिव ने किया। इस दौरान कोमल वाणवार, विष्णुलाल भदानिया, शिवनारायण व्यास, एस के जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मीनारायण सोनी, सीरुमल आसवानी, सुरेश राऊत, डॉ. देवीलाल सेठिया, हरिसिंह यादव,अशोक पंवार, रमेशचन्द्र भूरिया, अमृतलाल पाण्डे, श्याम सोनी, के एल मेहरा, दशरथ शर्मा आदि उपस्थित थे। आभार अजीजुल्ला खान ने माना ।

## ई स्कूटी से 40 किग्रा व झोपड़ी से 160 किग्रा डोड़ाचूरा जब्त, दो गिरफ्तार

**मन्दसौर।** नईआबादी मंदसौर थाना पुलिस ने बिना नम्बर की ई



स्कूटी से परिवहन कर ले जाया जा 40 किग्रा व खेत बनी झोपड़ी से 60 किग्रा कुल 2 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोड़ा चूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 30 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना पर थाना नईआबादी टीम द्वारा घेराबंदी कर खेल मैदान के पास बाजखेडी से छाजुखेडा कच्चे रास्ते पर बाजखेड़ी निवासी आरोपी जाहिद (22) पिता आजाद अजमेरी व सद्दाम (35) पिता मुबारीक अजमेरी के कब्जे से बिना नम्बर की इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर परिवहन किया जा रहा दो प्लास्टिक के कट्टों से कुल 40 किलोग्राम डोडाचुरा को जब्त किया गया तथा आरोपीगणों से पूछताछ के दौरान खेत पर बनी झोपडी में भण्डारण किया गया 8 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों से कुल 160 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहे भाजपा कार्यकर्ता- सुरेश आर्य

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर भाजपा कार्यालय मे रतलाम ग्रामीण और शहर विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई७ भाजपा के संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कार्यकताओं से एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहने का आव्हान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, बाबूलाल कर्णधार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक मे एसआईआर के तहत अब तक हुये कार्य की समीक्षा की गई। बैठक मे दोनों विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री आदि उपस्थित रहे।



## कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

**कानड़।** कांग्रेस स्थापना दिवस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल के नेतृत्व में हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर सम्मान किया जिसमें अनोखी लाल मंत्री बीजापारी सिद्धू लाल मालवीय,उमराव सूर्यवंशी ,नानुराम परमार,अमर सिंह पटेल, रमेश चंद्र सौराष्ट्रीय तथा कांग्रेस पार्टी के लिए वर्षों से सेवा दे रहे वर्तमान में दलित पिछड़ा वर्ग माइनॉरिटीज आदिवासी महासंघ में राष्ट्रीय सचिव गौरीशंकर सूर्यवंशी का भी पुष्प माला एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया।इस मौके पर गौरीशंकर सूर्यवंशी ने स्थापना दिवस पर समस्त भारतवासियों को बधाई दी एवं कहा आने वाला समय सभी कांग्रेस जन एकजुट होकर भारत में कांग्रेस की सरकार बनाना है।इस मौके पर उपस्थित पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जोरावर सिंह बिजापारी अवतार गुर्जर, सरपंच गुमान सिंह सिसोदिया, विकास शर्मा हरखनखेड़ी ,बाबूलाल सूर्यवंशी पार्षद,आत्माराम गुर्जर,महेश शर्मा,शैरु खा, सीताराम गुर्जर मोहनलाल मालवीय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थि थे।

## मंगल कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ



**कानड़।** नगर में शिवपहाड़ी रोड़ पर राठौर परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाल कर किया गया। कलश यात्रा बिजासन माता मंदिर से सुबह 10:00 बजे शुरू हुई जोकि माताजी मंदिर से पीपल चौक झंडा चौक,दयानंद मार्ग, पुराना बस स्टैंड से सारंगपुर रोड होते हुए शिव पहाड़ी रोड कथा स्थल पर पहुंची जहां प्रसाद वितरण के बाद कलश यात्रा का समापन किया गया। बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा का नगर वासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा की गई। साथ ही कलश यात्रा के साथ सु सज्जित बग्गी में बैठे कथा वाचक पंडित सुनील उपाध्याय का भी नगर वासियों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के प्रथम दिन कथा सरस पंडित सुनील उपाध्याय द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के महत्तम को बताते हुए कहा गया कि सत्य की राह पर चलने वाला व्यक्ति ही असल में परमात्मा को प्राप्त करता है। सत्य ही शिव है शिव ही सुंदर है, किसी भी व्यक्ति की सुंदरता उसके स्वरूप से नहीं वरन उसके सत्य मार्ग पर चलने से ही सुंदरता प्राप्त होती है। मनुष्य का स्वरूप उम्र के साथ-साथ बदलता रहता है लेकिन जो परम सत्य है परमात्मा उसका स्वरूप युगो युगो से एक ही है इसका मतलब है परमात्मा ही सत्य है और सत्य मार्ग पर चलने वाला ही परमात्मा को प्राप्त करता है। इस लिए अपने नेत्रों को श्री ठाकुर जी के चरणों के दर्शन में लगाओ और नेत्र और जीवन को धन्य बनाओं ।जैसी बातें व्यासपीठ से पंडित सुनील उपाध्याय ने श्रोताओं से कही। साथ ही अपने सुमधुर भजनों भजनों की प्रस्तुति से कथा वाचक ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध होकर झूमने पर मजबूर कर दिया।

## अतिरिक्त क्लास लगाकर कर रहे परीक्षाऐं देने वाले विद्यार्थियों को तैयारी



**महिदपुर रोड।** संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक माध्यमिक तथा हाई स्कूल स्तर की बोर्ड स्तर की कक्षाओं में पढ़ने वाले स्कूली छात्र छात्राओं को संबंधी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं प्रतिदिन अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं शैक्षणिक कार्य की निरंतरता बनाए रखने के लिए विषय वार शिक्षक रोजाना निर्धारित समय के पूर्व विद्यालय जाकर बोर्ड स्तर के छात्र-छात्राओं को बुलाकर उन्हें अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पढ़ाते हुए उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं संकुल केंद्र प्रभारी शिवनारायण बामनिया जन शिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी कालूराम चौहान के अनुसार संकुल केंद्र के सभी प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही है वही नगर के कन्या हाई स्कूल में रविवारीय साप्ताहिक अवकाश के दिन भी कक्षा दसवीं बोर्ड स्तर की छात्राओं को स्कूल में बुलाकर उनकी बोर्ड स्तर की तैयारी विशेष रूप से की जा रही है।

## 2 दिन बन्द रहेगा भावांतर योजना संबंधित पोर्टल

**तराना।** भावांतर योजना संबंधित पोर्टल का मेंटेनेंस कार्य होने के कारण 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक कृषि उपज मंडी तराना में कृषि उपज सोयाबीन का भावांतर पंजीयन के अंतर्गत क्रय विक्रय बंद रहेगा किसान बंधु इस अवधि में भावांतर पंजीयन अंतर्गत सोयाबीन विक्रय करने हेतु मंडे नहीं लावे। उक्त अवधि में गैर भावांतर अंतर्गत सोयाबीन तथा अन्य कृषि उपज का नीलामी कार्य जारी रहेगा।भावांतर पंजीयन अंतर्गत मंडी में सोयाबीन क्रय विक्र 2 जनवरी से शुरू होगा यह जानकारी मंडी सचिव मान सिंह यादव ने दी।

### बड़नगर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर प्रभात फेरियों का विराट संगम

# आज 160 से अधिक भजन मंडलियों की सहभागिता, राम नाम से गुंजायमान होगा नगर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर बड़नगर नगर में भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का अभूतपूर्व संगम देखने को मिलेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर 31 दिसंबर (बुधवार) को नगर में सैकड़ों प्रभात फेरियों का विराट आयोजन किया जाएगा, जो बड़नगर के धार्मिक व सांस्कृतिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

प्रभात फेरियां प्रातः 6:30 बजे द्वारिकाधीश मंदिर, शिवाजी रोड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेंगी। ढोलक, झांझ, मंजीरे एवं अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से संपूर्ण नगर राममय हो उठेगा। प्रभु श्रीराम के नाम संकीर्तन के साथ यह आयोजन जन-जन में आस्था, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश प्रसारित करेगा।

गांधी चौक पर हुआ भव्य हनुमान चालीसा पाठ आयोजन की भव्यता को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से रविवार को नगर की हृदय स्थली गांधी चौक पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर बजरंग बाण, श्रीराम स्तुति एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंडल के सांवरिया शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए 31 दिसंबर को होने वाले प्रभात फेरियों के विराट संगम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया।

#### अंचल स्तर तक निमंत्रण

आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु अंचल स्तर तक सभी निमंत्रण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। परंपरागत रूप से पीले चावल वितरित कर प्रभात फेरियों को आमंत्रित किया गया। नगर के 50 से अधिक स्थानों पर प्रतिदिन प्रातःकाल हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से आमजन को इस धार्मिक महोत्सव में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक कर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। नगर पालिका को मार्गों की साफ-सफाई एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। प्रशासनिक अमला निरंतर तैयारियों की निगरानी कर रहा है, जिससे यह विशाल आयोजन पूर्णतः सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

#### घर-घर तक पहुंच रहा आमंत्रण

आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकालीन प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। इनके माध्यम से पत्रक वितरण किया जा रहा है तथा विभिन्न समितियों का गठन कर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जा सकें।

उल्लेखनीय है कि 11 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल द्वादशी) को आयोजित प्रभात फेरियों में बड़नगर तहसील की 90 फेरियों ने सहभागिता की थी। इस वर्ष आयोजन और भी व्यापक स्वरूप ले रहा है, जिसमें बड़नगर तहसील के साथ-साथ धार, इंदौर, रतलाम एवं शाजापुर जिलों से लगभग 160 से अधिक प्रभात फेरियां सम्मिलित होंगी।

#### सांस्कृतिक विरासत, भक्ति, और एकता का संदेश

इस आयोजन की विशेषता यह होगी कि सभी भजन मंडलियां अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रभु श्रीराम के नाम का कीर्तन करते हुए सामूहिक संगम में सहभागी बनेंगी। यह दृश्य न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन भी करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित यह प्रभात फेरी महोत्सव बड़नगर को पूर्णतः राममय बना देगा और श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित करेगा।

### कानड़ प्रखण्ड में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने निकाली भव्य शौर्य यात्रा

## बजरंग दल विधर्मियों का काल जो हिंदुओं पर अत्याचारों का मुंह तोड़ जवाब देता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़



भारत माता के टुकड़े करने वाले, वंदे मातरम नहीं गाने वाले, देश में अशांति फैलाने वाले, लव जिहाद करने वाले, अपने ही परिवार रिश्तेदार की बहन बेटियों पर गंदी नियत रखने वाले कभी हमारे भाई नहीं हो सकते उक्त बात विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा कार्यक्रम में रविवार बस स्टेण्ड पर में अपने उद्बोधन में कहीं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांतमंत्री मुख्य वक्ता विनोद शर्मा, विभाग नैतिक शिक्षा प्रमुख विनोद कौशल, महिला जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम शर्मा, विहिप जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह राठौड़, जिला सहसंयोजक ऋषभ गोस्वामी, प्रखण्ड अध्यक्ष लखन गुर्जर प्रखण्ड संयोजक विपीन माली मंचासीन थे। मंचासीन अतिथि द्वारा श्री राम दरबार की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री मुख्य वक्ता विनोद शर्मा ने आगे कहा कि गीता जयंती के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य यात्रा निकालता है क्योंकि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने ही बाबर के नाम का कलंक के नाम को मिटया। जिस प्रकार समाज में शांति स्थापित करने के लिए पुलिस फ्लैग मार्च निकालती हैं उसी प्रकार वर्ष में एक बार हिंदू समाज का संबल बढ़ाने के लिए एवं विधर्मियों को दिखाने के लिए शौर्य यात्रा निकालना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जिहादियो को पहचानना होगा वह हम सब के बीच रहते है बच्चों के स्कूल बस का ड्राइवर,पंचर वाला, इलेक्ट्रीशियन ठेले वाला, मिस्त्री या किसी भी रूप में हो सकता है उसकी पहचान सुनिश्चित कर प्रखंड व जिले के जिम्मेदार लोगों को बताएं बजरंग दल उन्हें अपनी भाषा में उत्तर देगा। देश में बजरंग दल विधर्मियों का काल है जो समय-समय पर हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध स्वरूप प्रतिकार करते हुए विधर्मियों को मुंह तोड़ जवाब देता है । विहिप बजरंग दल का शौर्य यात्रा सरस्वती कानड़ बस स्टैंड से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। शौर्य यात्रा का समापन बस स्टेण्ड परिसर में हुआ। शौर्य यात्रय का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। शौर्य संचलन कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री जितेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। बजरंग दल के शौर्य यात्रा कार्यक्रम को लेकर कानड़ थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे।

## ए ग्रेड का लक्ष्य 70 प्रतिशत बच्चें प्राप्त करें

#### वार्षिक परीक्षा परिणाम को लेकर बैठक

**शुजालपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोलायकला में कलेक्टर की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में सत्र 2025-26 कक्षा पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम की तैयारी के संबंध में जनशिक्षा केंद्र पोलाय कला एवं अवंतीपुर बडोदिया के प्रभारियों की बैठक विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र कुमार गोखले के निर्देशन में रखी गई। मीटिंग में छहमाही परीक्षा के परिणामो और वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणामो को प्राप्त करने की की कार्य योजना सुरेंद्र कुमार गोखले द्वारा विस्तार से समझाई गई जिसमें जनपद स्तरीय विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रश्न पत्र तैयार कर विद्यालयों में 03 भागो में वार्षिक परीक्षा अनुसार टेस्ट आयोजित किए जाएंगे तथा परिणाम के आधार पर बच्चो के कठिन सीखने के प्रतिफल चिन्हांकन किए जाकर विद्यालय को विषय वार विषय विशेषज्ञ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा 05 वीं के लिए ए प्लस का लक्ष्य 60 प्रतिशत बच्चे प्राप्त करे एवं कक्षा 08 वी के लिए ए प्लस में 70 प्रतिशत बच्चे प्राप्त करे। कार्यक्रम का संचालन संजय देशमुख ने किया। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र के बी ए सी रोशन सिंह परमार, जन शिक्षा केंद्र अवंतीपुर बडोदिया एवं पोलाय के जनशिक्षक इकलेश चंद्रवंशी, विष्णु राय उपस्थित रहे।

## 1 जनवरी तक नहीं होगी भावांतर तहत निलामी

**शुजालपुर।** भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस कार्य होने के चलते कृषि उपज मंडी में दो दिनों तक भावांतर योजना तहत निलामी का कार्य नहीं होगा। कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर से मिली जानकारी अनुसार 30 दिसम्बर मंगलवार से 1 जनवरी गुरूवार तक भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इस कारण से 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक मंडी मे भावांतर योजना अन्तर्गत सोयाबीन का नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति ने कृषकों से उक्त दिनांक को अपनी कृषि उपज सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत विक्रय के लिए नहीं लाने की अपील की। उक्त अवधि में अन्य उपजो का एवं अपंजीकृत सोयाबीन का नीलामी कार्य जारी रहेगा।

## 26 ग्राम पंचायत सचिवों पर 250 - 250 रुपए का जुर्माना अधिरोपित

**ब्यावरा।** कलेक्टर द्वारा समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों के कारण संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों पर कड़ी कार्रवाई की गई। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा अवधि में नहीं करने एवं प्रकरण अधिक समय तक लंबित रखने के कारण कुल 26 ग्राम पंचायत सचिवों पर प्रति शिकायत पर 250 - 250 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। साथ ही अर्थदंडित किए गए ग्राम पंचायतों के सचिव एवं पंचायत कर्मी शामिल हैं, जिनमें प्रमुख रूप से केशर सिंह भिलाला, हरिश कुमार वर्मा, भगवान सिंह राठौर, नरेंद्र कुमार पांडेय, विजय सिंह, भेरूसिंह, राजेंद्र रुहेला, दिनेश परमार, भगवान सिंह तोमर, कन्हैया लाल यादव, भगवतसिंह राठौर, राजेंद्र सिंह, मोहनलाल गुजराती, सागर सिंह गुर्जर, ब्रजभान सिंह, भेरूलाल भिलाला, श्रीराम गुर्जर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि समय-सीमा का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मनरेगा मोर्चा ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

## व्ही बी जी राम जी नाम वापस लेकर पुन: मनरेगा नाम किया जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने को लेकर सोमवार को मनरेगा मोर्चा के प्रमुख एडवोकेट निलेश वर्मा ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर अभिषेक शर्मा को सोपा ज्ञापन में मांग की गई के देश भर के मनरेगा मजदूर श्रमिक संगठन और ग्रामीण नागरिक भी व्ही बी जी राम जी कानून 2025 का कड़ा विरोध करते हैं मनरेगा 2005 एक कानूनी मांग आधारित और विकेंद्रीकृत अधिकार है जिसने करोड़ ग्रामीण परिवारों विशेष कर महिलाओं ,दलितों आदिवासियों और भूमिहीन मजदूरों को आजीविका की सुरक्षा देता था ।

व्ही बी राम जी कानून इस अधिकार को समाप्त कर मनरेगा को बजट नियंत्रित योजना में बदल देता है काम बजट और प्राथमिकताएं केंद्र से तय होगी यानी पहले बजट फिर काम जो मनरेगा की आत्मा पर सीधा हमला है 60:40 लागत साझेदारी से राज्यों पर बोझ डालकर गरीब राज्यों में काम ठप होगा ,बेरोजगारी और पालायन बढ़ेगा कृषि मौसम में 60 दिन काम पर रोक तथा बायोमेट्रिक डिजिटल नियंत्रण मजदूरों के अधिकार और 73वें संविधान संशोधन के तहत स्थानीय शासन को कमजोर करते हैं यह विधेयक बिना मजदूर, ग्राम सभा और श्रमिक संगठनों के परामर्श से लाया गया है ।

हम चाहते हैं कि न कानून का नाम बदलना है ना अधिकार व्ही बी राम जी बिल 2025 को तुरंत वापस लिया जाए । मनरेगा को उसके मूल अधिकार आधारित स्वरूप में पूरी तरह पुनः लागू किया जाए ।मनरेगा में काम करने के दिन बढ़ाया जाए वह 800 रुपए न्यूनतम मजदूरी तय की जाए। इस अवसर पर सुधीर शर्मा अनिल गोस्वामी मुकेश शर्मा राजेश जायसवाल शाहजी हाशमी विशाल चौधरी रवि देवड़ा,उपस्थित थे।




## 6186 किसानों के खातों में आए आठ करोड रुपये से ज्यादा की राशि

**सारंगपुर।** सारंगपुर मंडी में 18 दिसंबर तक सोयाबीन बेचने वाले 6 हजार 186 से ज्यादा किसानों को तीसरे राउंड में भावांतर की राशि मिल गई है। किसानों के खातों में 8 करोड 69 लाख 30 हजार 23 रुपए जमा कराए गए। इससे पहले दो राउंड में 8 करोड 80 लाख 88 हजार 104 रुपए से ज्यादा किसानों को मिल चुके हैं। 17 नवंबर को जिन किसानों ने सोयाबीन बेचा था, उन्हें अब तक भुगतान नहीं मिला था। करीब 40 दिन बाद अब तीसरे राउंड में यह राशि जारी की गई। पहले राउंड में 24 अक्टूबर से 6 नवंबर और दूसरे राउंड में 7 नवंबर से 19 नवंबर के बीच राशि खातों में डाली गई थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सारंगपुर मंडी में किया गया। मंडी में व्यापारी, हम्माल, तुलावट कर्मचारी और किसान मौजूद रहे। मंडी कर्मचारी ब्रजेश कुंभकार ने बताया कि कार्यक्रम के जरिए किसानों को योजना की जानकारी दी गई। शासन द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। इस बार सरकार ने सोयाबीन की खरीदी सीधे समर्थन मूल्य पर नहीं की। इसके बजाय भावांतर योजना लागू की गई।

## नए साल में विवाह के 63 मुहूर्त, फरवरी में सबसे ज्यादा होंगे विवाह



**सारंगपुर।** नववर्ष 2026 में पूरे साल विवाह के 63 मुहूर्त रहेंगे। इनमें 4 अबूझ मुहूर्त भी शामिल हैं। पंडित पवन पारीक ने बताया कि नए साल में फरवरी से शादियों की शुरूआत होगी। इस माह विवाह के तेरह मुहूर्त रहेंगे। जबकि जून और जुलाई में दस-दस रहेंगे। सबसे ज्यादा 12 मुहूर्त बुधवार के दिन पड़ रहे हैं। दूसरे नंबर पर गुरुवार का दिन है। जिसमें 10 मुहूर्त पड रहे हैं। इसके बाद मंगल और शनिवार के दिन विवाह के नौ-नौ मुहूर्त हैं। जबकि रविवार, सोमवार और शुक्रवार के दिन सात-सात मुहूर्त हैं। पंडित पारीक के अनुसार 23 जनवरी बसंत पंचमी, 19 फरवरी में फुलैरा दूज, 19 अप्रैल में आखातीज, 22 जुलाई भडली नवमी और 20 नवंबर देवउठनी एकादशी, ये पांच अबूझ मुहूर्त जोडने पर कुल मुहूर्त 63 हो जाते हैं। पं.पारीक के अनुसार शुक्र का तारा अस्त होने से जनवरी में विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। आषाढ शुक्लपक्ष एकादशी से देवउठनी एकादशी तक चार माह श्री हरि विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं। इन चार महीनों में विवाह आदि शुभ कार्य प्रतिबंधित रहते हैं। यही नहीं सूर्य का धनु और मीन राशि में संचार होने के दौरान भी विवाह नहीं होते हैं।

## कोहरे से सब्जियों की फसल को नुकसान

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात का तापमान जहां 8 डिग्री तक गिरा है। सोमवार सुबह से आसपास के गांवों में घना कोहरा और ठंडी हवाएं चलने के कारण ठंड का अहसास बढ़ गया है। इस मौसम का असर रबी सीजन की फसलों पर दिख रहा है। किसान संतोष पुष्पद ने बताया कि कोहरे से गेहूं और चना की फसल को नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही टमाटर, गिलकी, भिंडी, मिर्ची, गोभी और करेले जैसी हरी सब्जियों की फसलों पर भी असर पडा है। कोहरे के कारण फसलों के फूल और पत्ते पीले होकर जल रहे हैं। सारंगपुर कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार, 30 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिलेगा, जिससे सर्द हवाओं के कारण ठंड का मिजाज और भी बढ सकता है।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर वाहन रैली के पश्चात कार्यकर्ता सम्मेलन





**मक्सी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर मक्सी पटेल मार्केट स्थित कांग्रेस कार्यालय से आयोजित वाहन रैली के पश्चात कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेसजनो का सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण एवं बड़ी संख्या में मक्सी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहें।

अगर आप साल के आखिरी दिन को खास बनाना चाहते हैं तो इस दिन खास पकवान तैयार करें। हमेशा बनने वाले देसी पकवानों को साइड में रखकर आसान तरीके से बनाएं किछ विदेशी पकवान......

# साल के आखिरी दिन को बनाएं यादगार

## सुबह के नाश्ते से डिनर तक में तैयार करें ये विदेशी पकवान

साल का आखिरी दिन यानी न्यू ईयर ईव हर किसी के लिए खास होता है। इस दिन परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाने का अलग ही मजा होता है। अगर आप इस दिन को और भी यादगार बनाना चाहते हैं तो खाने-पीने का खास ख्याल रखें।

हर साल की तरह सिर्फ देसी या पारंपरिक पकवान बनाने की बजाय इस बार कुछ विदेशी और आसान रेसिपी को शामिल करें। इससे आपका साल का आखिरी दिन स्वादिष्ट और आकर्षक बन जाएगा। कई विदेशी व्यंजन आसानी से तैयार किए जा सकते हैं और ये आपके घरवालों और मेहमानों को भी नया अनुभव देंगे। इनको तैयार करना आसान और समय की बचत करने वाला होता है। तो अपने साल के आखिरी दिन को खास बनाने के लिए इन आसान विदेशी पकवानों को एक बार अवश्य ही ट्राई करें।

### सुबह के नाश्ते में बनाएं ये



अगर इस साल के आखिरी दिन को खास बनाना चाहते हैं तो नाश्ते में ही विदेशी और आसान पकवान शामिल कर सकते हैं। सुबह के नाश्ते में पेनकेक्स, फ्रेंच टोस्ट, ऑमलेट मफिन, स्मूदी बाउल बेहद स्वादिष्ट विकल्प हैं। ये सभी डिशेज जल्दी बन जाती हैं और दिन की शुरूआत को टेस्टी और एनर्जेटिक बनाती हैं। इसे आप सुबह के नाश्ते में सर्व कर सकती हैं।

### लंच में क्या बनाएं



अब जान लेते हैं लंच के विकल्पों के बारे में तो लंच के लिए नूडल्स, ग्रील्ड वेजिटेबल सैंडविच, कैप्रीज सलाद और इसके साथ टमाटर बेसिल या मिनस्ट्रोन सूप को शामिल किया जा सकता है। ये हल्के लेकिन पौष्टिक विकल्प हैं और आसानी से घर पर तैयार किए जा सकते हैं। लंच के लिए सभी चीजें हल्की भी हैं और खाने में भी स्वादिष्ट हैं।



### शाम के स्नैक्स में ये तैयार करें

अब समय है जानने का कि शाम कि चाय के साथ क्या तैयार कर सकते हैं तो स्नैक्स के तौर पर ब्रुशेटा, चीज स्टफ्ड मफिन्स, वेजिटेबल स्प्रिंग रोल्स, कॉन चिप्स विद साल्सा और नट्स-ड्राई फ्रूट्स मिक्स परोस सकते हैं। ये स्नैक्स पार्टी में लोगों को हल्का और स्वादिष्ट अनुभव देते हैं और आसानी से हाथों तक पहुंचाए जा सकते हैं।



### डिनर में रखें कुछ अलग

डिनर में पिज्जा, ग्रिल्ड चिकन या टोफू, पास्ता विद क्रीम सॉस, फिश टाकोस और फ्रूट सलाद के साथ चॉकलेट डेसर्ट जैसे विकल्प परोसे जा सकते हैं। इन पकवानों की आसान तैयारी के कारण आप अधिक समय अपने मेहमानों और जश्न के लिए बचा सकते हैं। इस तरह साल का आखिरी दिन या न्यू ईयर ईव पार्टी स्वाद, स्टाइल और मजेदार अनुभव से भरपूर बन जाएगी।

अगर बाजार के जैसा गाजर का हलवा घर पर बनाना है तो उसकी आसान रेसिपी आपको यहां दी जा रही है।

# आसान विधि से तैयार करना है गाजर का हलवा तो ये रेसिपी है आपके काम की

नए साल की शुरूआत में हर किसी को कुछ खास और स्वादिष्ट परोसने का मन करता है। इस मौके पर गाजर का हलवा एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। गाजर का हलवा न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होता है, बल्कि ये सेहत के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि गाजर में विटामिन अ, उ, और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर के लिए बहुत लाभकारी हैं। इसे खास तौर पर सर्दी के मौसम में बनाया जाता है, और ये भारतीय मिठाई के सबसे पसंदीदा और पारंपरिक व्यंजनों में से एक है।

अगर आप नए साल के मौके पर अपने मेहमानों को कुछ स्वादिष्ट खिलाना चाहते हैं, तो गाजर का हलवा एक शानदार विकल्प हो सकता है। इस हलवे का मीठा और नरम स्वाद सभी को पसंद आएगा। इस हलवे को बनाना बेहद आसान है और ये बहुत कम समय में तैयार हो जाता है है। तो आइए जानते हैं गाजर का हलवा बनाने की आसान रेसिपी......



### गाजर का हलवा बनाने का सामान

- गाजर (कद्दूकस की हुई) - 4 कप
- दूध - 2 कप
- घी - 2 टेबलस्पून
- खोया
- चीनी - 1 कप
- इलायची पाउडर - 1/2 टीस्पून
- काजू और बादाम - थोड़े से कटे हुए
- किशमिश - 1 टेबलस्पून (वैकल्पिक)

### विधि

गाजर का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले तो गाजर को अच्छे से धोकर कद्दूकस कर लें। इसके बाद अब एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें कद्दूकस की हुई गाजर डालकर हल्का सा भूनें। जब ये भुन जाए तो अब इसमें दूध डालें और धीमी आंच पर पकने दें। इसे तब तक पकाएं, जब तक दूध पूरी तरह से सूख न जाए। दूध के सूखने के बाद उसमें चीनी डालें और अच्छे से मिला लें।

जब तक हलवा घी छोड़ने लगे, तब तक पकने दें। चाहें तो इसी दौरान इसमें खोया डालकर पांच मिनट और पकाएं। आखिर में इलायची पाउडर और कटे हुए काजू-बादाम डालें और 2-3 मिनट तक और पकाएं। अब हलवा तैयार है। इसे गर्मागर्म सर्व करें और अपने मेहमानों को परोसें।

### ये टिप्स हैं आपके काम की...

गाजर का हलवा बनाने के लिए ताजे और मोटे गाजर का चुनाव करें। इससे हलवा का स्वाद और रंग दोनों बढ़ेंगे।

हलवा को सजाने के लिए ऊपर से कटे हुए काजू, बादाम और किशमिश डाल सकते हैं, जिससे वह और भी आकर्षक लगेगा।

# नए साल पर पार्टनर से ये वादे कर लें, रिश्ता न सिर्फ बचेगा, बल्कि और गहरा होगा

नए साल पर कुछ संकल्प लिए जाते हैं, जो उनके करियर, फिटनेस और पैसों से संबंधित होते हैं। ये न्यू ईयर रेजोल्यूशन लोगों में कुछ अच्छा करने का जोश लाते हैं लेकिन अक्सर लोग नए साल में रिश्तों पर ध्यान नहीं दे पाते। इस साल की शुरूआत सिर्फ हेल्दी रेजोल्यूशन, या करियर रेजोल्यूशन से न करें, बल्कि रिलेशनशिप रेजोल्यूशन भी तय करें। क्योंकि प्यार बड़ी बड़ी बातों से नहीं, रोज निभाए गए छोटे छोटे वादों से जिंदा रहता है। इसलिए नए साल के मौके पर अगर आप अपने पार्टनर से ये पाँच वादे ईमानदारी से कर लें, तो रिश्ता न सिर्फ बचेगा, बल्कि और गहरा होगा।

### सुनेंगे भी, सिर्फ सुनाएंगे नहीं

2026 में यह संकल्प लें कि अब से मोबाइल छोड़कर पार्टनर की बात ध्यान से सुनेंगे। पार्टनर की बात बीच में नहीं काटेंगे और उनकी भावनाओं को हल्के में नहीं लेंगे। रिश्तों में सबसे बड़ी शिकायत प्यार की कमी नहीं, सुने न जाने की पीड़ा होती है।

### बहाने छोड़िए, समय देने का वादा कीजिए

पैसा बाद में आएगा, लेकिन यह समय लौटकर नहीं आएगा। किसी की भी रिश्ते की मजबूती के लिए उसमें अपने समय का इन्वेस्टमेंट करना होता है। वादा करें कि अपने पार्टनर के साथ रोज थोड़ा सा क्वालिटी टाइम बिताएंगे। हफ्ते में एक दिन सिर्फ एक-दूसरे के नाम करेंगे और काम को रिश्ते पर हावी नहीं होने देंगे। याद रखिए जिस रिश्ते को समय नहीं मिलता, वह धीरे-धीरे चुप हो जाता है।

### गुस्से में शब्दों से चोट नहीं करेंगे

2026 में ठान लें बहस में अपशब्द नहीं बोलेंगे। क्योंकि विवाद के समय जो घाव शब्दों से होते हैं, वह दिखते नहीं, लेकिन सबसे गहरे होते हैं। लड़ाई-झगड़ों में हुई पुरानी बातें नहीं उखाडेंगे। कपल्स को अपने पार्टनर से नहीं, बल्कि उनके बीच की समस्या से लड़ना चाहिए।

### तुलना नहीं, कदर करेंगे

रिशता तब कमजोर होता है, जब उसमें तुलना होने लगती है। खुद से और अपने पार्टनर से वादा करें कि उनकी तुलना किसी और से नहीं करेंगे। पार्टनर के प्रयासों और छोटी छोटी कोशिशों की सराहना करेंगे और आभार जताने की आदत डालेंगे क्योंकि जिस रिश्ते में कदर नहीं होती, वहां प्यार थक जाता है।

### साथ बढ़ेंगे, एक-दूसरे को पीछे नहीं छोड़ेंगे

कपल को एक दूसरे के सपनों में साथ देने का वादा करना चाहिए। वादा करें कि आप अपने पार्टनर की पसंद और उनके सपनों को दबाएंगे नहीं, बल्कि उनका साथ देंगे। मुश्किल समय को पार करने में उनकी मदद करेंगे और उनके फैसलों को अपना फैसला बनाएंगे।



आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग के ताजा अपडेट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा साफ दिखा। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर ने शानदार छलांग लगाई, जबकि दीप्ति शर्मा गेंदबाजों में नंबर-1 बनी रहीं। भारत का यह मजबूत प्रदर्शन इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2026 से पहले टीम के आत्मविश्वास को और मजबूती देता है।

# ताजा रैंकिंग में शेफाली-रेणुका की छलांग, दीप्ति नंबर-एक पर कायम

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आक्रामक ओपनर शेफाली वर्मा ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शानदार छलांग लगाई है। 21 वर्षीय शेफाली नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अर्धशतकीय पारियों ने उनकी रैंकिंग में यह उछाल दिलाया।

शेफाली ने दूसरे टी20 में 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाए, इसके बाद तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे और चौथे मुकाबले में क्रमशः 42 गेंदों पर नाबाद 79 और 46 गेंदों पर नाबाद 79 रन की विस्फोटक पारियां खेलीं। इन प्रदर्शनों ने उन्हें फिर से दुनिया की शीर्ष बल्लेबाजों में शुमार कर दिया है।

भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने अपने फॉर्म में वापसी करते हुए चौथे टी20 में शानदार 80 रन बनाए। इसके बावजूद वह बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स को एक पायदान का नुकसान हुआ है और वह खिसककर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



गेंदबाजों की रैंकिंग में अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वह लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर नंबर-1 बनी हुई हैं। उनके साथ तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर भी टॉप-10 में शामिल हो गई हैं। रेणुका ने आठ स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल किया है। तीसरे टी20 में उनका 4 विकेट पर 21 रन का मैच जिताऊ स्पेल भारत की आठ विकेट की जीत और सीरीज जीत में निर्णायक साबित हुआ।

भारत की युवा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी और वैष्णवी शर्मा को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। श्री चरणी 17 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि वैष्णवी शर्मा ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 390 स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 124वां स्थान हासिल किया है। भारत इस समय पांच मैचों की सीरीज में 4-0 की बढ़त बनाए हुए है।

# पीसीबी ने कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने से 3 महीने पहले की हेड कोच की छुट्टी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके कॉन्ट्रैक्ट की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, अजहर महमूद का करार मार्च 2026 तक था, लेकिन बोर्ड ने उन्हें समय से पहले रिलीज कर दिया। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब पाकिस्तान की अगली टेस्ट सीरीज मार्च 2026 से पहले नहीं है।

### पीसीबी ने क्यों लिया फैसला?

पीसीबी से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, 'चूंकि अजहर का कॉन्ट्रैक्ट मार्च में खत्म हो रहा है और पाकिस्तान की टेस्ट असाइनमेंट भी मार्च 2026 से ही शुरू होंगी, इसलिए बोर्ड के लिए बेहतर है कि वह नए हेड कोच की योजना अभी से बनाए।' इसी सोच के तहत बोर्ड ने अजहर महमूद को जल्दी मुक्त करने का निर्णय लिया ताकि आने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा सके।

### अजहर महमूद का कोचिंग सफर

पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर महमूद पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान टीम के साथ अलग-अलग भूमिकाओं में काम कर चुके हैं। उनके पास पीसीबी के साथ दो साल का कॉन्ट्रैक्ट था और उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान टेस्ट टीम को स्थिर कोचिंग सेटअप नहीं मिल सका।

# इंग्लैंड की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम घोषित, जोश टंग शामिल; मेलबर्न टेस्ट में किया था प्रभावित

**लंदन।** इंग्लैंड ने अगले साल की शुरूआत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम घोषित कर दी है। इस टीम में जोश टंग को भी जगह दी गई है जो पहली बार इंग्लैंड की टी20 टीम का हिस्सा होंगे। इस वैश्विक टूनार्मेंट का आयोजन सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होना है। टंग ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया था।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए उस मैच के पहले दिन जोश टंग ने शानदार गेंदबाजी की थी और पांच विकेट झटके थे जिससे ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 152 रन पर ऑलआउट हो गई थी। उनकी गेंदबाजी के दम पर ही इंग्लैंड की टीम चौथा टेस्ट अपने नाम करने में सफल रही थी। इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 2011 के बाद पहली टेस्ट जीत थी।

### आर्चर को भी टीम में मिली जगह

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज सीरीज के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद संभावित टीम में शामिल किया गया है। एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह अगले दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। आर्चर हालांकि श्रीलंका के खिलाफ 22 जनवरी से होने वाली तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बयान में कहा, आर्चर को टी20 विश्व कप की संभावित टीम में शामिल किया गया है, लेकिन वह श्रीलंका दौरे पर नहीं खेल पाएंगे क्योंकि इस महीने की शुरूआत में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के दौरान चोटिल होने के बाद वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।





**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### शादीशुदा होने के बाद भी पूर्व पड़ोसी शादी को लेकर बना रहा था दबाव

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व पड़ोसी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर सोमवार देर रात थाने में शिकायत की है। युवती का कहना है कि उसका पूर्व पड़ोसी उसका पीछा करते हुए आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। रात में हिंदूवादी संगठन के लोगों को जानकारी लगी। पीड़िता को लेकर वह मामले में थाने पहुंचे हैं। बाणगंगा पुलिस ने 19 साल की युवती की शिकायत पर तरुण पुत्र प्रहलाद सूर्यवंशी के खिलाफ छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर की है। युवती ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई है। युवती के मुताबिक तरुण पूर्व में उनका पड़ोसी रहा है। इसलिए पहचान है। सितंबर 2024 में तरुण मिला तब उसने कहां कि वह उसे पसंद करता है। उससे शादी करना चाहता है। तब तरुण को युवती ने बताया कि उसकी शादी हो चुकी है। तब तरुण वहां से चले गया। 4 दिन पहले मां के यहां रहने आई थी। तब तरुण ने देखा था। इसके बाद सोमवार रात वह कंपनी से घर की तरफ आ रही थी। तब उसका पीछा करते हुए तरुण घर तक आया। उसने हाथ पकड़ा ओर कहां कि शादी को लेकर उसकी बात मान लो। तब इस बात का विरोध किया तो तरुण ने सड़क पर ही युवती के साथ मारपीट कर दी। यह बात युवती ने अपने परिचित करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत को बताई। उन्होंने रात में 12 बजे थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई।

### पुलिस की बंदूक लूटने वाली गैंग से 68 लाख रुपये के जेवर मिले



**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने बदमाशों की ऐसी गैंग को पकड़ा है, जिसने गश्त कर रही महू पुलिस की बंदूक ही लूट ली थी। इस गैंग के बदमाश तेजाजी नगर, राजेंद्र नगर, बड़गोंदा के अलावा तीन-चार राज्यों भी चोरियां कर चुके हैं। पुलिस ने धार-आलीराजपुर के जंगलों में दबिश देकर इनके पास से 68 लाख रुपए कीमत के जेवर जब्त किए हैं। इनमें 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी है। जोन-1 डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि पकड़ाए बदमाश आकेश उर्फ आकाश (20) निवासी बड़ी कदवाल आलीराजपुर पर 7 गंभीर अपराध दर्ज हैं। वहीं शेरू पिता हीरू वसुनिया (20) निवासी ग्राम गुराडिया धार पर 6 केस दर्ज हैं। तीसरा बदमाश पंकेश पिता भांगु मंडलोई (20) निवासी ग्राम झाई धार है। ये दिन में रैकी करते और रात में पेचकस, कटर जैसे औजारों से ताले तोड़कर चोरियां करते थे। आरोपियों ने तेजाजी नगर में तीन महीने पहले चोरी की थी, तभी से उनकी तलाश की जा रही थी। 2 साल पहले बाणगंगा में हुई डकैती कांड के आरोपी सोमला गैंग से भी आरोपियों का संपर्क था। बड़गोंदा पुलिस की बंदूक लूटी थी। डीसीपी ने बताया कि बदमाश आकेश सन 2022 में गश्त कर रही बड़गोंदा पुलिस से बंदूक छीनकर भाग गया था। तब से वह फरार था। वह हमेशा देशी कट्टा साथ रखता था। आकेश के पास से एक देशी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। डीसीपी ने बताया कि हमें आरोपियों के घरों का पता चल गया था, लेकिन वे बचने के लिए रात मे पहाड़ियों और पास के जंगलों में सोते थे। बदमाशों ने कैमरे भी लगा रखे हैं। जैसे ही कोई संदिग्ध दिखता वे भाग जाते थे। इसलिए हमारी टीम लगातार सादी वर्दी में कई किलोमीटर तक पैदल घूमती रही। गैंग के पकड़ाने के दौरान दो दिन पहले तेजाजी नगर टीआई देवेंद्र मरकाम का भी बाग-टांडा गैंग से सामना हो चुका है। मंगलवार को गश्त के दौरान रालामंडल की आखिरी कॉलोनी शिखरजी में उन्हें दो बदमाश दिखे थे। उन्होंने 4-5 पुलिस जीपें बुलवाई थीं, लेकिन वे हाथ नहीं आए।

### 7 साल की बच्ची को छीनने की कोशिश, मां ने की युवक की धुनाई



**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में एक युवक ने 7 साल की बच्ची को उसके मां के हाथ से छीनने की कोशिश की। इस पर महिला ने विरोध करते हुए युवक को कॉलर पकड़कर थप्पड़ और मुक्के मारे। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने भी उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। यह घटना रविवार की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में नशे में धुत युवक महिला और उसकी बच्ची के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करता नजर आ रहा है और बच्ची को अपने पास खींचने की कोशिश करता है। महिला ने पहले खुद उसका सामना किया। फिर युवक की हरकतें बढ़ने पर उसने लोगों से मदद मांगी। इसके बाद भीड़ ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की। वायरल वीडियो के आधार पर परदेशीपुरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इंदौर से इंडिगो एयरलाइंस की चार फ्लाइट फिर कैंसिल, यात्री हुए परेशान

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के निरस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी इंडिगो ने इंदौर से दिल्ली और चेन्नई की उड़ानें निरस्त कर दीं। इससे इन उड़ानों में पहले से बुकिंग करा चुके यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन ने यात्रियों को री-बुकिंग और री-शेड्यूल की सुविधा उपलब्ध कराई है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा एक दिसंबर से क्रू की कमी का हवाला देते हुए लगातार उड़ानें निरस्त की जा रही हैं। इस बीच शासन द्वारा लागू नए फ्लाइट टाइमिंग नियमों की अवधि फरवरी तक बढ़ा दी गई है, इसके बावजूद इंडिगो की उड़ानों का निरस्तीकरण जारी है। विमानतल से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो की कुल चार उड़ानें निरस्त की गईं। इनमें दोपहर 12 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली और 12.30 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली उड़ान, वहीं रात 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने वाली और 10.10 बजे इंदौर से चेन्नई जाने वाली उड़ान शामिल हैं। एयरलाइन की ओर से उड़ानें निरस्त करने का कारण एक बार फिर ऑपरेशनल बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जिन यात्रियों ने इन उड़ानों में टिकट बुक कराए थे, उन्हें रिफंड और री-बुकिंग के विकल्प दिए गए हैं। साथ ही यात्रियों को अन्य उपलब्ध उड़ानों में समायोजित करने की व्यवस्था भी की जा रही है।

### इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से हालात गंभीर हो गए

# अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी

## मंत्री विजयवर्गीय ने की पुष्टि, इनमें दो महिलाएं, 35 से ज्यादा बीमार, अस्पताल फुल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से हालात गंभीर हो गए हैं। अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 35 से अधिक लोग बीमार हैं। सभी मरीज अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर हालात का जायजा लिया और मौतों की पुष्टि की।



मंगलवार सुबह नंदलाल पाल (75) की वर्मा हॉस्पिटल में मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है। हालांकि नंदलाल पाल को 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। उनकी मेडिकल हिस्ट्री में सामने आया है कि उन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या थी और वे नियमित दवा नहीं लेते थे। डॉक्टरों का कहना है कि कार्डियक अरेस्ट की आशंका इसी वजह से बनी, लेकिन परिजन का दावा है कि दूषित पानी पीने के बाद ही उनकी हालत बिगड़ी।

इसके अलावा दो महिलाओं की भी मौत होने की जानकारी सामने आई है। महिलाओं के परिजनों और नजदीकी लोगों का कहना है कि पानी पीने के बाद अचानक तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। प्रशासन स्तर पर इन मामलों की जांच की जा रही है।

**एक हफ्ते में 150 लोगों ने की शिकायत-** वर्मा हॉस्पिटल में मंगलवार को पांच नए मरीज भर्ती हुए, जबकि दो मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। फिलहाल यहां 20 मरीज भर्ती हैं। मरीजों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। अन्य मरीजों को त्रिवेणी हॉस्पिटल सहित दूसरे निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इलाके में पिछले एक हफ्ते में करीब 150 लोगों ने उल्टी-दस्त की शिकायत की है।

### विजयवर्गीय बोले- सरकार कराएगी सभी का इलाज

- मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लिया और प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा और जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा।
- शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि वार्ड और आसपास चल रही खुदाई या फिर पानी की टंकी के दूषित होने से यह स्थिति बनी। क्षेत्र में नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन सप्लाई लाइन में गड़बड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा।
- घटना को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को वार्ड कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी किया और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रशासन का कहना है कि पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षद पुत्र के ऑफिस में तोड़फोड़ करने वाला पकड़ाया, इलाके में लेकर घूमी पुलिस

## उज्जैन और बाणगंगा इलाके में आधा दर्जन केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के वार्ड क्रमांक 19 की महिला पार्षद के बेटे के कार्यालय में तोड़फोड़ कर धमकी देने वाले मुख्य आरोपी को बाणगंगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भागने की कोशिश के दौरान गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

आरोपी ने पहले उज्जैन के एक मामले को लेकर बीजेपी पार्षद के बेटे को मोबाइल पर धमकी दी थी, इसके बाद उसके कार्यालय में जाकर तोड़फोड़ की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने यह घटना किसके कहने पर अंजाम दी।

टीआई सियाराम गुर्जर के नेतृत्व में बाणगंगा थाना पुलिस ने क्षेत्र के पार्षद पुत्र मासूम जायसवाल के कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले



मुख्य आरोपी शाहरुख उर्फ जलील, पिता सलीम, निवासी ग्राम नजरपुर, थाना घटिया, जिला उज्जैन को सोमवार रात गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मासूम जायसवाल के कार्यालय में तोड़फोड़ की थी और उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि महाकाल सवारी में थूकने के प्रकरण में दर्ज आरोपियों के खिलाफ राजीनामा नहीं किया गया, तो वह मासूम जायसवाल को जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी शाहरुख के साथ उसके साथी सौरभ, गोलू और विनोद के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। इनमें से गोलू, सौरभ और विनोद को 23 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी शाहरुख गिरफ्तारी से बचकर भागने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान वह एक गड्ढे में गिर गया। आरोपी शातिर बदमाश है और उसके खिलाफ पूर्व में उज्जैन एवं बाणगंगा थाना क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन अपराध दर्ज हैं।

### महाकाल सवारी प्रकरण को लेकर दी थी धमकी

पुलिस ने बताया कि 2023 में मासूम जायसवाल ने अपने मोबाइल से एक वीडियो बनाया था, जिसमें कुछ युवक महाकाल सवारी के दौरान पानी से कुल्ला कर थूकते हुए नजर आ रहे थे। इस मामले में मासूम ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें अदनान सहित एक अन्य युवक आरोपी बनाए गए थे। इसी प्रकरण को लेकर सुबह मासूम जायसवाल के मोबाइल पर धमकी भरा कॉल आया था और दोपहर में उनके कार्यालय पर हमला कर दिया गया। इस हमले में दो महिलाएं भी घायल हुई थीं।

## कोरोना काल में राजबाड़ा धरना मामले में सभी आरोपी बरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जिला कोर्ट ने कोरोना काल के दौरान राजबाड़ा चौक पर बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने के मामले में तत्कालीन विधायक जीतू पटवारी, संजय शुक्ला, विशाल पटेल और विनय बाकलीवाल को दोषमुक्त कर दिया। मामले में फरियादी थाना प्रभारी ने अपने थाने के पुलिसकर्मियों को गवाह बनाया था। पूरे मामले में एक भी स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था।

थाना प्रभारी सहित किसी भी पुलिसकर्मी को यह जानकारी नहीं थी कि धरना प्रदर्शन में कितने लोग शामिल थे। घटना की कोई वीडियो रिकॉर्डिंग भी कोर्ट में पेश नहीं की गई। साक्ष्यों के अभाव और दोष सिद्ध न होने के कारण कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। एमपी एलएलए कोर्ट



इंदौर के न्यायाधीश देव कुमार ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। कोरोना काल के दौरान 13 जून 2020 को विधायक पटवारी, शुक्ला, पटेल और बाकलीवाल ने राजवाड़ा पर देवी अहिल्या प्रतिमा के सामने जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया था। इस पर थाना सराफा ने कोरोना संक्रमण काल में कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में धारा 188, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी अमृता सोलंकी फरियादी थीं और एफआईआर भी उन्हीं द्वारा दर्ज की गई थी।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़



कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com